आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
17.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.33
सूर्यास्त 06.10

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार


| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 07:09 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

रविवार, 1 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 190, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 5 रुपये



■ एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख रुपये का जुर्माना - 12




■ डीमैट अकाउंट खोलना क्यों जरूरी, किन बातों का रखें ध्यान - 12



■ उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन बोले- भारत के विकास में स्नातकों की भूमिका अहम - 13



■ जो जीतेगा, खेलेगा सेमीफाइनल वेस्टइंडीज के खिलाफ, भारत का मुकाबला आज - 14

# ईरान-इजराइल जंग में झुलसा पश्चिम एशिया

## मध्य पूर्व में महायुद्ध का आगाज

## इजराइल-अमेरिका के हमलों के जवाब में इरान ने सात देशों में अमेरिकी ठिकानों को बनाया निशाना | तेहरान से तेल अवीब तक आसमान में अंगारे और जमीन पर धुआं, ट्रंप की हुंकार इरान में सत्ता परिवर्तन का वक्त

तेहरान/तेल अवीव, एजेंसियां



ईरान के तेहरान में शनिवार को हुए विस्फोट के बाद आसमान में धुआं उठता देख लोग। ● एजेंसी

इजराइल ने अमेरिका के सहयोग से शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान सहित कई बड़े शहरों में हवाई हमले किये। हमलों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई के आवास के भी क्षतिग्रस्त होने की खबरें हैं। हमलों के जवाब में ईरान ने शनिवार को भीषण पलटवार करते हुए सात देशों में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों को एक साथ निशाना बनाया। तेहरान से लेकर तेल अवीव तक, आसमान मिसाइलों की रोशनी से दहक रहा है और जमीन पर चारों ओर तबाही का धुआं है।

ईरान ने जवाबी हमले इजराइल के अलावा बहरीन, यूएई, इराक, कुवैत और कतर में बने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर किए हैं। इजराइल के हमलों में ईरान में करीब 60 छात्राओं की मौत हो गयी। इससे पहले इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने इन हमलों की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि इजराइल ने अपने खिलाफ खतरों को समाप्त करने के लिए ईरान पर एहतियाती हमला किया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि ईरान के रक्षा मंत्री आमिर नासिरजादेह और ईरान के प्रमुख रक्षा बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमाडंर मोहम्मद पाकपोर की इन हमलों की मौत हो गयी। ईरानी स्थानीय मीडिया में कहा गया है कि श्री ख़ामेनेई फिलहाल तेहरान में नहीं हैं, उन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है।

ईरानी मीडिया के अनुसार, राजधानी में कई जगहों पर धमाकों की आवाज सुनी गयी और कुछ हिस्सों में धुआं उठता देखा गया। रिपोर्टों के अनुसार, कम से कम एक हमला ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई से जुड़े कार्यालयों के निकट हुआ। समाचार एजेंसी फार्स के मुताबिक, यूनिवर्सिटी स्ट्रीट और जुमहूरी इलाके के आसपास मिसाइलें गिरीं। सरकारी कार्यालयों वाले 'रिपब्लिक' क्षेत्र में भी विस्फोट की सूचना है। ईरान की न्यूज़ एजेंसी 'फार्स' ने यह भी बताया कि राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, पूर्व पार्लियामेंट स्पीकर अली लारीजानी, पार्लियामेंट स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ, न्याय प्रमुख गुलाम हुसैन मोहसेनी एजेई, और आर्मी कमांडर-इन-चीफ अब्दोलरहीम मौसवी हतामी ज़िंदा और ठीक हैं। एजेंसी ने बताया कि कतर में तैनात और बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने के लिए इस्तेमाल होने वाली खास टेक्नोलॉजी से लैस 5,000 किलोमीटर की रेंज वाला अमेरिकी एफपी-132 रडार नष्ट हो गया है। ये हमले ऐसे समय में हुए जब हाल के हफ्तों में तनाव काफी बढ़ गया था। अमेरिकी युद्धपोत क्षेत्र में तैनात किए जा चुके थे और ट्रंप ने कहा था कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए एक समझौता चाहते हैं।

### अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में ले ईरानी जनता : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी जनता से अपने भाग्य की बागडोर अपने हाथ में लेने और 1979 से देश पर शासन कर रहे इस्लामी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह करने का आह्वान किया। ट्रंप ने 'बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू होने की घोषणा करते हुए एक वीडियो के माध्यम से कहा कि जब हम अपना काम पूरा कर लेंगे, तो अपनी सरकार पर कब्ज़ा कर लेना। वह तुम्हारी होगी जिसकी बागडोर तुम अपने हाथ में ले सकोगे। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इस व्यापक लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमारा संयुक्त अभियान बहादुर ईरानी लोगों के लिए ऐसी परिस्थितियां पैदा करेगा, जिससे वे अपने भविष्य का फैसला खुद अपने हाथों में ले सकें।

### एयर इंडिया और इंडिगो की उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली/दुबई :** ईरान और इजराइल के बीच सैन्य संघर्ष ने वैश्विक एयर ट्रैफिक को संकट में डाल दिया है। सुरक्षा जोखिमों को देखते हुए भारतीय विमानन कंपनियों ने पश्चिम एशिया के लिए अपनी सेवाओं में बड़े बदलाव किए हैं। एयर इंडिया का यू-टर्न : दिल्ली से तेल अवीव के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट AI 139 को ईरानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश से ठीक पहले बीच रास्ते से वापस दिल्ली बुला लिया गया। एअर इंडिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में उत्पन्न हो रही स्थिति को देखते हुए, उस क्षेत्र की सभी उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। इंडिगो ने भी पश्चिम एशिया के तनावग्रस्त क्षेत्रों की अपनी सभी उड़ानें तत्काल प्रभाव से रोक दी हैं। कंपनी स्थिति की निगरानी कर रही है और यात्रियों को रिफंड का विकल्प दे रही है।

**बदले गए रूट :** ईरान और इजराइल के एयरस्पेस बंद होने की वजह से खाड़ी देशों और यूरोप जाने वाली उड़ानों को अब लंबे वैकल्पिक रास्तों से भेजा जा रहा है। इससे उड़ान का समय 2 से 4 घंटे तक बढ़ गया है। नागर विमानन महानिदेशालय ने सभी भारतीय ऑपरेटरों को अलर्ट जारी किया है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे घर से निकलने से पहले अपनी एयरलाइन के फ्लाइट स्टेटस पोर्टल पर अपडेट जरूर देख लें।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, फागुन का सम्मोहन रंग-गंध का पर्व होली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### मार्च- मई के बीच रह सकता लू का कहर

**नई दिल्ली।** इस साल मार्च से मई महीने के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में लू से प्रभावित दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इन क्षेत्रों में पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, दक्षिणी और पूर्वी महाराष्ट्र, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और उत्तरी कर्नाटक और उत्तरी तमिलनाडु के कुछ हिस्से शामिल हैं। आईएमडी के अनुसार मार्च-अप्रैल-मई के दौरान सामान्य से अधिक दिनों तक लू के प्रकोप की आशंका आवश्यक सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा कर सकती है।

# होली पर 1.86 करोड़ उज्जवला परिवारों को मिला तोहफा

● लोकभवन में सिलिंडर रीफिल को 1,500 करोड़ की धनराशि की गई वितरित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** होली से पहले प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी राहत दी है। शनिवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के रूप में उन्होंने 1500 करोड़ रुपये जारी किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 10 लाभार्थी महिलाओं को प्रतीकात्मक चेक भी सौंपे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उक्त क्रम में ही होली और दीपावली पर पात्र परिवारों को एक-एक मुफ्त सिलेंडर रिफिल की सुविधा दी जा रही है। योगी ने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश के 1.86 करोड़ लाभार्थियों को प्रत्येक रिफिल पर 335 रुपये की सब्सिडी उनके खाते में भेजी जाती है।



**300 रुपये में मिलने लगा एचपीवी वैक्सीन :** स्वास्थ्य क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किए जाने का भी उल्लेख किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस वैक्सीन की कीमत पहले लगभग 2100 रुपये थी, उसे कम करते हुए 300 रुपये तक लाया गया है। इसे निःशुल्क करने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी बताया कि महिलाओं को मजबूत आर्थिक आधार देने को 'लखपति दीदी' और शी-मार्ट (सेल्फ हेल्प आंत्रोप्रेन्योर मार्ट) जैसी पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। महिला उद्यमी समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है।

### कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज

**लखनऊ।** जल्द ही आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। वर्तमान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क इलाज दिया जा रहा है। अब शेष 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों से स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) एमओयू साइन करेगी। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने शनिवार को बताया कि जनवरी 2026 से प्रयागराज में कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, मेडिकल एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी सहित गंभीर बीमारियों का इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों को मुफ्त ओपीडी अप्वाइंटमेंट, जांच और गंभीर रोगियों के लिए नि:शुल्क पिक एंड ड्रॉप सुविधा भी दी जा रही है। एमओयू के बाद लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा, आगरा, फतेहपुर, झांसी और बबीना के कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार सुनिश्चित होगा।

## आंध्रः पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट 21 की मौत

**वेटलापलेम (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में शनिवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में भीषण विस्फोट होने से कम से कम 21 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना में आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। राज्य के मंत्री कंडुला दुर्गेश ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद इस त्रासदी की पुष्टि की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विस्फोट के समय इकाई के भीतर लगभग 30 लोग मौजूद थे। मंत्री ने कहा, "अभी तक 21 शव बरामद किए जा चुके हैं। आठ घायलों का इलाज चल रहा है। यह राज्य के इतिहास के सबसे बड़े और भीषण विस्फोटों में से एक है।

● काकीनाडा में दर्दनाक हादसा; 8 घायल, मलबे में तब्दील हुई यूनिट

**धमाके से दहला इलाका :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि पूरी निर्माण इकाई मलबे के ढेर में तब्दील हो गई और इसकी गूँज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई। आसपास के घरों की खिड़कियों के कांच भी टूट गए।

# कांग्रेस अब मुस्लिम लीग-माओवादी गठबंधन, देश को कर रही बदनाम : मोदी

● कहा - यह पार्टी अब भारतीयता से दूर होकर पूरी तरह विभाजनकारी विचारधारा के प्रभाव में आ चुकी है

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कांग्रेस की युवा शाखा के कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन को लेकर शनिवार को विपक्षी दल पर तीखा हमला बोला और कहा कि कांग्रेस अब 'इंडियन नेशनल कांग्रेस' (आईएनसी) नहीं रही बल्कि एमएमसी यानी मुस्लिम लीग-माओवादी कांग्रेस बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दुनिया भर के मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की है। राजस्थान में अजमेर के कायड़ विश्राम स्थल पर एक जनसभा में मोदी ने कहा कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी, इसलिए उसने देश को बांट दिया और आज कांग्रेस भी वही कर रही है।

मोदी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि मुस्लिम लीग भारत से नफरत करती थी और इसलिए मुस्लिम लीग ने देश को बांट दिया और आज कांग्रेस भी वही कर रही है। उन्होंने कहा कि माओवादी भी भारत की समृद्धि, हमारे संविधान और हमारे सफल लोकतंत्र से नफरत करते हैं। ये घात लगाकर हमला करते हैं। कांग्रेस भी घात लगाकर देश को बदनाम करने के लिए कहीं भी घुस जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ऐसे कुकर्मों को देश कभी माफ नहीं करेगा।" मोदी ने कहा कि देश को बदनाम करना, देश की सेनाओं को कमजोर करना... ये कांग्रेस की पुरानी आदत रही है। उन्होंने कहा, "यही कांग्रेस है जिसने हमारी सेना के जवानों को हथियारों व वर्दी तक के लिए तरसा के रखा था। मोदी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती साख का हवाला देते हुए कहा कि आज जब पूरी दुनिया भारत की डिजिटल क्रांति और आर्थिक प्रगति की प्रशंसा करती है, तो हर हिंदुस्तानी गर्व महसूस करता है। लेकिन कांग्रेस को यह गौरव बर्दाश्त नहीं होता। वह वैश्विक मंचों पर जाकर देश की छवि खराब करने और भारत को नीचा दिखाने की कोशिश करती है।



अजमेर में 14 वर्षीय लड़कियों के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान के शुभारंभ के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण की शुरुआत

**जयपुर।** प्रधानमंत्री मोदी ने 'सर्वाइकल कैंसर' के विरुद्ध राष्ट्रीय 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत राजस्थान के अजमेर से की। उन्होंने इस अभियान को देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम करार दिया। नौ से 14 वर्ष की पांच बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाए जाने के बाद मोदी ने उनसे संवाद भी किया।

# 15 हजार करोड़ की जीएसटी चोरी का आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** करोड़ों रुपये के जीएसटी चोरी के आरोपी बलदेव उर्फ बल्ली को एसटीएफ ने हरियाणा से गिरफ्तार कर लिया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। उस पर 50 हजार का इनाम था।

आरोपी को नोएडा के सेक्टर-20 थाने में दाखिल किया गया है। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने फर्जी पैन व दस्तावेजों के आधार पर 3500 फर्म का रजिस्ट्रेशन कराया था। करीब 15 हजार करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी कर सरकार को आर्थिक चपत लगाई। आरोपी के खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। एसटीएफ एएसपी राज कुमार मिश्रा व डिप्टी एसपी नोवेंदु कुमार की टीम ने हरियाणा के हिसार स्थित डोगरान मोहल्ले में शुक्रवार को छापेमारी कर आरोपी बलदेव उर्फ बल्ली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने वर्ष 2012 में पंजाब यूनिवर्सिटी से एमबीए किया था। पहले उसने हिसार में मेडिकल स्टोर खोला, लेकिन लाभ न होने पर उसे बंद कर दिया। वर्ष 2014 से वह पुरानी गाड़ियों की खरीद-फरोख्त का काम करने लगा। इसी दौरान उसकी पहचान दिल्ली निवासी अर्चित गोयल से हुई थी।



बलदेव उर्फ बल्ली

● फर्जीवाड़ा कर 3500 फर्म का रजिस्ट्रेशन कराया, सरकार को लगाई चपत

### कोर्ट में पेशी के बाद बलदेव को भेजा जेल

एसटीएफ के मुताबिक एक मामले में एक पत्रकार के पैन कार्ड पर फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों रुपये की जीएसटी चोरी किए जाने की शिकायत पर नोएडा के सेक्टर-20 थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें गिरोह के कई सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया गया। गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी की गई है। पुलिस ने बलदेव उर्फ बल्ली को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

भविष्य की पटरी | नीले धुएं से आजादी, अब पानी छोड़ते हुए दौड़ेगी 'देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन'

# जींद से सोनीपत के बीच सफल रहा हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल

● भारत बना दुनिया का पांचवां ऐसा देश जिसके पास है अपनी क्लीन-फ्यूल रेल तकनीक

नई दिल्ली/जींद, अमृत विचार

भारतीय रेलवे ने आज विज्ञान के एक सुंदर सपने को हकीकत की पटरी पर उतार दिया। हरियाणा के जींद स्टेशन पर जब देश की पहली 'हाइड्रोजन ट्रेन' ने अपनी पहली सीटी बजाई, तो वह केवल एक सफर की शुरुआत नहीं थी, बल्कि डीजल के धुएं से पर्यावरण को मिलने वाली मुक्ति का ऐलान भी था।

यह ट्रेन दुनिया की सबसे उन्नत हरित तकनीकों में से एक, 'हाइड्रोजन फ्यूल सेल' से लैस है। ट्रायल के बाद रेल मंत्रालय ने कहा कि आज का दिन भारतीय इंजीनियरिंग के लिए गर्व का क्षण है। हम न केवल तकनीक को अपना रहे हैं, बल्कि नेट ज़ीरो' कार्बन उत्सर्जन की वैश्विक लड़ाई का नेतृत्व भी कर रहे हैं।




### सस्ते सफर का वादा

तकनीक हाई-टेक है, लेकिन आम आदमी की जेब का ख्याल रखा गया है। जींद-सोनीपत रूट पर किराया 5 रुपये से 25 रुपये के बीच रखने का प्रस्ताव है, जो इसे बस और ऑटो से भी सस्ता बनाता है।

### कैसे काम करती है यह 'जादुई' ट्रेन?

- **ईंधन :** ट्रेन की छत पर लगे विशेष टैंकों में कंप्रेस्ड हाइड्रोजन गैस भरी जाती है।
- **प्रक्रिया :** फ्यूल सेल के अंदर हाइड्रोजन और हवा की ऑक्सीजन के बीच रासायनिक अभिक्रिया होती है।
- **आउटपुट :** इस प्रक्रिया से बिजली पैदा होती है जो बैटरी को चार्ज करती है और पहियों को घुमाती है।
- **वेस्ट :** वेस्ट के नाम पर सिर्फ पानी की बूंदें टपकती हैं।

### डीजल की गड़गड़ाहट नहीं, मेट्रो जैसा सुकून

इस ट्रेन की सबसे चौंकाने वाली बात इसकी शांति है। न तो इंजन का शोर है और न ही डीजल जलने की गंध। बिजली पैदा करने के लिए जब हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का मिलन होता है, तो बाय-प्रोडक्ट के रूप में केवल शुद्ध पानी (HO) और भाप निकलती है। आज के ट्रायल के दौरान ट्रेन की छतों से धुआं नहीं, बल्कि सफेद भाप के बादल निकलते देखे गए, जो भविष्य की 'क्लीन ग्रीन रेलवे' की तस्वीर पेश कर रहे थे।

### क्यों है यह खास?

यह ट्रेन एक बार टैंक भरने पर 140 किमी/घंटा की रफ्तार से लगभग 1000 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है। इसे चलाने का खर्च डीजल के मुकाबले भले ही अभी अधिक हो, लेकिन पर्यावरण को होने वाले फायदे अनमोल हैं।

### ट्रायल के साथ ग्लोबल क्लब में भारत की एंट्री

अब तक केवल जर्मनी, चीन, स्वीडन और जापान के पास ही यह तकनीक व्यावसायिक स्तर पर थी। भारत इस 'एलीट क्लब' में शामिल होने वाला पांचवां देश बन गया है। जींद में विशेष रूप से स्थापित 'हाइड्रोजन फिलिंग स्टेशन' अब देश के अन्य हिस्सों के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज एसटीपी को बिल्ड इंडिया अवॉर्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश के देखरेख और नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा (एनएमसीजी) के तकनीकी और वित्तीय सहयोग से संचालित प्रयागराज सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) परियोजना को प्रतिष्ठित बिल्ड इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 24 फरवरी को द अशोका होटल में आयोजित समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की ओर से प्रदान किया गया। 326 एमएलडी स्थापित क्षमता वाला प्रयागराज एसटीपी 81 नालों के सीवेज का उपचार कर गंगा और यमुना में अशोधित प्रवाह को रोक रहा है। यह परियोजना हाइब्रिड एन्युइटी आधारित पीपीपी मॉडल पर प्रयागराज वाटर लिमिटेड के माध्यम से क्रियान्वित हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) का सहयोग रहा।

### शक्ति भवन के 56 कर्मी बने समीक्षा अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली से पहले शक्ति भवन में शनिवार को खुशी का माहौल देखा गया। विद्युत कारपोरेशन में कार्यरत 56 कर्मचारियों को प्रमोशन करके समीक्षा अधिकारी बना दिया गया है। प्रदेश मुख्यालय कर्मचारी संघ के महामंत्री आशीष तिवारी ने बताया कि शक्ति भवन मुख्यालय में 54 सहायक समीक्षा अधिकारियों की प्रोन्नति समीक्षा अधिकारी के पद पर और दो समीक्षा अधिकरियों की प्रोन्नति अनुभाग अधिकारी के पद पर हुई है। प्रबंधन ने कारपोरेशन मुख्यालय के इतिहास में पहली बार एक साथ इतने कार्मिकों को प्रोन्नति दी है। संघ के अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल एवं प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंप कर धन्यवाद दिया।

### चेयरमैन और विद्युत कर्मचारी नेता 5 मार्च को होंगे आमने-सामने

**अमृत विचार, लखनऊ :** पावर कारपोरेशन के निजीकरण करने के प्रयास और कर्मचारियों को कथित तौर पर दलाल कहने के आरोप में कर्मचारियों का गुस्सा चरम पर है। इस मुद्दे पर 5 मार्च को पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल और राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी आमने-सामने बैठकर कोई रास्ता निकालेंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को समिति के पदाधिकारी पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष से वार्ता के लिए शक्ति भवन पहुंचे, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। अब उन्होंने 5 मार्च को बातचीत करने का समय दिया है।

# योगी के सिंगापुर-जापान दौरे में 1.5 लाख करोड़ के एमओयू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने चार दिवसीय विदेश यात्रा में उप्र. का भविष्य गढ़ने को हर क्षण का किया उपयोग



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हालिया सिंगापुर और जापान दौरा केवल औपचारिक विदेश यात्रा नहीं, बल्कि निवेश और विकास के स्पष्ट एजेंडे के साथ किया गया अभियान रहा। चार दिवसीय दौरे में मुख्यमंत्री ने उद्यमियों, औद्योगिक समूहों और भारतीय प्रवासियों से लगातार मुलाकात कर उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को प्रस्तुत किया। सरकार के अनुसार इस दौरे के दौरान करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये के एमओयू और लगभग ढाई लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर सहमति बनी।

समयांतर की चुनौतियों और लंबी हवाई यात्राओं के बावजूद मुख्यमंत्री योगी का कार्यक्रम लगातार व्यस्त रहा। सिंगापुर पहुंचने के कुछ घंटों के भीतर ही उन्होंने भारतीय राजनयिक अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों से बैठकें शुरू कर दीं। दो दिनों तक औद्योगिक इकाइयों के भ्रमण, निवेशकों से संवाद और रोड शो जैसे कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद वह टोक्यो के लिए रवाना हुए। इस दौरान कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं, किसी दर्शनीय स्थल का भ्रमण नहीं, बस मिनट टू मिनट बैठकें, लगातार बैठकों, औद्योगिक दौरों और प्रतिनिधिमंडलों से संवाद के बीच मुख्यमंत्री ने समय का अधिकतम उपयोग किया। अधिकारियों के अनुसार दौरे में औपचारिक कार्यक्रमों की बजाय निवेश-केंद्रित बैठकों पर फोकस रखा गया।

सरकार का दावा है कि इन प्रस्तावित निवेशों से प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और औद्योगिक आधार मजबूत होगा। निवेशकों ने एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर, बेहतर कानून-व्यवस्था और सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली को सकारात्मक संकेतक बताया।

### निवेश बढ़ाने का एजेंडा स्पष्ट

जापान में भी उन्होंने प्रमुख औद्योगिक कंपनियों के प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। टोक्यो के हानेडा हवाई अड्डे पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद बैठकें शुरू हो गईं। वहां भी दो दिन तक निवेश आकर्षित करने पर केंद्रित कार्यक्रम चले। अधिकारियों का कहना है कि हर बैठक का एजेंडा स्पष्ट था और प्राथमिकता उत्तर प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, डिफेंस और टेक्नोलॉजी सेक्टर में निवेश बढ़ाने पर रही।

### उद्योगों को मिलेगी नई गति

प्रदेश सरकार इस दौरे को उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मान रही है। यदि प्रस्तावित निवेश धरातल पर उतरते हैं तो पूर्वांचल से बुंदेलखंड तक औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिल सकती है। सरकार का मानना है कि यह दौरा वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की बदलती छवि और निवेश-अनुकूल वातावरण का संकेत है।

# यूपी में आतंक के लिए कोई जगह नहीं : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यूट्यूबर पर हमले को लेकर दिए सख्त कार्रवाई के आदेश

**अमृत विचार:** गाजियाबाद के यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के आदेश देते हुए कहा कि यूपी में आतंक की कोई जगह नहीं है। पुलिस ने एआईएमआईएम के नेता समेत सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। उधर घायल यूट्यूबर की हालत गंभीर बनी हुई है।

यूट्यूबर सलीम पर शुक्रवार की सुबह आधा दर्जन लोगों ने हमला कर दिया था। बताया जाता है कि यूट्यूबर सलीम ने कथित तौर पर मुस्लिम धर्म छोड़ दिया है। इसी की रंजिश में उस पर हमला किया गया। उधर पुलिस ने एआईएमआईएम नेता अजगर, अशरफ, शाहरुख, सोनू तथा भाटी बिल्डर समेत सात के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दस विशेष टीमें गठित की गई हैं।

# बसपा विधायक के यहां छापेमारी के बाद आयकर की टीम वापस

## 98 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स चोरी का खुलासा होने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जेवर, नकदी और दस्तावेजों की सूची बनाकर कराई रिसीव
- स्ट्रांग रूम में जमा कराए गए सीज दस्तावेज व जेवर-नकदी

**अमृत विचार:** बसपा विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ समेत अन्य ठिकानों पर चल रहे आयकर के छापे तीन दिन बाद समाप्त हो गए। शुक्रवार की आधी रात के बाद करीब ढाई बजे टीमें चली गईं। दावा है कि करीब 98 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई। छापे के दौरान सीज किया जेवर, नकदी और अन्य दस्तावेजों की एक लिस्ट बनाकर विधायक के परिजनों को एक कापी सौंपी और रिसीविंग भी ली गई। उसके बाद आयकर विभाग की टीम ने सभी सीज सामान को विभाग के लाकर में सुरक्षित रख दिया। अब नोटिस देकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि बुधवार को बलिया के रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह के लखनऊ स्थित गोमतीनगर के आवास और छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन व साईराम इंटरप्राइजेज आफिस के साथ ही बलिया, कौशांबी और सोनभद्र समेत कई स्थानों पर आयकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की थी। जांच में पाया कि कंपनियों के नाम पर खनन और निर्माण के ठेकों से करोड़ों की बेनामी संपत्ति एकत्र की गई। आयकर विभाग की टीमों ने कार्रवाई के दौरान बरामद नकदी, जेवर, बेनामी संपत्तियों के दस्तावेज, खर्चे की पर्चियां, डायरियां और हाथ से लिखे हिसाब-किताब के साथ इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों की एक लिस्ट बनाकर सीज कर दिया गया। अब टीमें बरामद दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाएगी। हालांकि आयकर विभाग की ओर से कार्रवाई का कोई भी अधिकृत ब्यौरा नहीं दिया है। उधर विधायक के एक नजदीकी ने बताया कि आयकर विभाग की कार्रवाई में कुछ खास नहीं मिला है।

### बाधाएं और कठिनाइयां जीवन का हिस्सा : युकेश

आयकर विभाग की कार्रवाई समाप्त होने के बाद बसपा विधायक के बेटे प्रिंस युकेश सिंह ने एक्स पर लगातार दो पोस्ट किए। एक पोस्ट में लिखा कि बाधाएं और कठिनाइयां जीवन का हिस्सा होती हैं। इन्कम टैक्स के अधिकारियों की जांच प्रक्रिया थी, जो अब खत्म हो चुकी है। इस परिस्थिति में जो लोग हमारे परिवार का संबल बने। हमारा हौसला बढ़ाया, उसके लिए हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं। वहीं दूसरे पोस्ट विधायक के बेटे ने महाभारत को दो लाइन लिखीं है। कहा- मेरे रथ की रस्सी कस कर पकड़ना माधव, ये मेरे संघर्षों का आखिरी युद्ध होने वाला है।

### विधायक के करीबियों की बढ़ी बैचेनी

आयकर विभाग की टीम चली गई है और अभी फाइनल असेसमेंट की कार्रवाई होनी है। फिर भी बसपा विधायक के निकट के लोग जो कि खनन और निर्माण कार्य के ठेकों में शामिल रहे, उनके चेहरों पर खासी बैचेनी देखी गई। शुक्रवार को दोपहर में कई लोग विपुल खंड स्थित छात्र शक्ति कंस्ट्रक्शन के आफिस के बाहर देखे गए। उनमें आयकर कार्रवाई के दौरान क्या हुआ, उसे जानने की जिज्ञासा थी।



लखनऊ स्थित केजीएमयू के कन्वेंशन सेंटर में एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू बालिकाओं को लगेगा निःशुल्क टीका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- केजीएमयू के सभागार में प्रधानमंत्री के टीकाकरण शुभारंभ कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

**अमृत विचार :** देश में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अजमेर (राजस्थान) से कार्यक्रम की शुरुआत की, जबकि उत्तर प्रदेश में राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में किया।

कार्यक्रम के दौरान 15 बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाकर प्रदेश में अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। इस मौके पर राज्य मंत्री चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मयंकेश्वर शरण सिंह, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष, केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानन्द सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी सभागार में देखा गया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों और महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की बढ़ती चिंता को देखते हुए यह ऐतिहासिक पहल की गई है। उन्होंने इसे बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर बताया और कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पात्र बालिका तक यह जीवनरक्षक टीका पहुंचाना है।

अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने कहा कि इस अभियान से भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय कमी आएगी और मातृ-स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होगा। साथ ही स्पष्ट किया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित, प्रभावी और सरकार की ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

### 14 -15 वर्ष की बालिकाओं को लगेगा टीका

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले एक वर्ष में प्रदेश की लगभग 24 लाख 39 हजार 210 बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है, जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और 15 वर्ष से कम हैं। शुरुआती तीन महीनों में टीका जिला अस्पतालों और ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहेगा, बाद में इसे नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

# पीजीआई में जल्द शुरू होगा कॉर्निया प्रत्यारोपण, प्रदेश में बढ़ेंगे सरकारी आई बैंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने कॉर्निया प्रत्यारोपण सेवाओं के विस्तार की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। संजय गांधी स्नातकोत्तरआयुर्विज्ञान संस्थान (एसजी पीजीआई) के नेत्र रोग विभाग में इसी वर्ष कॉर्निया प्रत्यारोपण की सुविधा शुरू की जाएगी। संस्थान प्रशासन ने इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं।

चिकित्सा शिक्षा के अपर मुख्य सचिव अमित घोष ने शनिवार को संस्थान में आयोजित संगोष्ठी में बताया कि अगले दो वर्षों में प्रदेश में सरकारी आई बैंक और कॉर्निया प्रत्यारोपण केंद्रों की संख्या 11 से बढ़ाकर 21 की जाएगी। प्रत्यारोपण प्रक्रिया को गति देने के लिए शासन स्तर पर टास्क फोर्स गठित की जाएगी, जिसमें शासन के अधिकारी,स्टेट अंग और टिशु ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन (सोटो) व नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे।

**दो चरणों में खुलेंगे 10 नए केंद्र :** सोटो के प्रदेश संयुक्त निदेशक एवं एसजी पीजीआई के एमएस डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने बताया कि दो वर्षों में दो चरणों में पांच-पांच नए आई बैंक और कॉर्निया प्रत्यारोपण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में निजी क्षेत्र में लगभग 75 केंद्रों पर आई बैंक और कॉर्निया प्रत्यारोपण की सुविधा संचालित हो रही है। समारोह में अमित घोष ने डॉ. हर्षवर्धन की किताब फ्रॉम होप टू हीलिंगः ए प्रैक्टिकल गाइड टू ट्रांसप्लांट सिस्टम इन इंडिया का विमोचन किया। इस मौके पर पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमान, नोटो के निदेशक डॉ. अनिल कुमार,डॉ. शालिनी मोहन, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. अल्का गुप्ता, डॉ. शेफाली मजूमदार, डॉ. अभिषेक चंद्रा ने अहम जानकारी साझा की।

# रेड सैंड बोआ व पैंगोलिन की खाल के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



पकड़े गए अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोह के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** एसटीएफ और वन विभाग की संयुक्त टीम ने मिर्जापुर में अंतरराज्यीय वन्यजीव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को अदलहाट थाना क्षेत्र स्थित नारायणपुर शनिदेव मंदिर के पास छापेमारी कर टीम ने एक रेड सैंड बोआ सर्प और करीब दो किलोग्राम पैंगोलिन की खाल बरामद की। बरामद खाल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में वाराणसी के उमर फारूक, कोलकाता के अजहरूद्दीन अहमद और मिर्जापुर के राम प्रकाश पाठक शामिल हैं। इनके पास से केमिकल व इंजेक्शन भी बरामद किए गए। एसटीएफ के अनुसार गिरोह पूर्वी उत्तर प्रदेश में सक्रिय था और दुर्लभ वन्य जीवों की तस्करी करता था। वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो से मिली सूचना पर कार्रवाई की गई।

पूछताछ में सामने आया कि रेड सैंड बोआ और पैंगोलिन की खाल का उपयोग कथित तौर पर शक्तिवर्धक दवाओं व कॉस्मेटिक उत्पादों में किया जाता है। वन विभाग ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# खादी प्रदर्शनी में 54 लाख से अधिक की बिक्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उप्र. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित "लघु खादी एवं ग्रामोद्योगी प्रदर्शनी" का शनिवार को समापन हो गया। बोर्ड मुख्यालय परिसर में 20 से 28 फरवरी तक चली इस प्रदर्शनी में 46 स्टॉल लगाए गए, जिनमें खादी वस्त्र, हर्बल गुलाल, शहद, पापड़-बड़ी, नमकीन, आंवला उत्पाद, रेशम व सिल्क साड़ियां तथा हस्तशिल्प वस्त्रों की अच्छी बिक्री हुई।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान के निर्देशन में आयोजित प्रदर्शनी में इस वर्ष 54.23 लाख रुपये की बिक्री दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष के 50.17 लाख रुपये से अधिक है। समापन समारोह में प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया। प्रथम पुरस्कार ग्रामोदय संस्थान, सीतापुर को, द्वितीय श्रुति शुक्ला (लखनऊ) और तृतीय द्राक्षा फैशन (लखनऊ) को प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को बाजार उपलब्ध कराना और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। होली के अवसर पर बड़ी संख्या में खरीदार पहुंचे, जिससे कारीगरों और उद्यमियों को बड़ा मंच मिला।



उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उद्यमियों को सम्मानित करते प्रमुख सचिव कृषि रविन्द्र कुमार।

# होली पर अवैध शराब पर कड़ी नजर रखने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने होली पर्व के मद्देनजर प्रदेश में कानून-व्यवस्था और आबकारी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने कहा कि किसी भी जिले में अवैध या जहरीली शराब के सेवन से कोई दुर्घटना नहीं होनी चाहिए।

मुख्य सचिव ने शनिवार को संवेदनशील जिलों में विशेष सतर्कता बरतने, अंतरराज्यीय सीमाओं पर सघन चेकिंग अभियान चलाने और अवैध शराब के उत्पादन व बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों, ढाबों और अन्य संभावित स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाए तथा अधिक दर पर बिक्री की शिकायत न मिले। भांग की अधिकृत दुकानों पर गांजा बिक्री रोकने के भी निर्देश दिए गए।

एसपी गोयल ने अधिकारियों से कहा कि त्योहार के दौरान दुकानों को अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद न रखा जाए, क्योंकि इससे अवैध बिक्री को बढ़ावा मिल सकता है। स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार ही बंदी का निर्णय लिया जाए, ताकि व्यवस्था संतुलित बनी रहे।

**अभियान** | मुख्यमंत्री के निर्देश पर महिला दिवस 8 मार्च की समय-सीमा तय : मुख्य सचिव

# स्कूलों में शौचालय होंगे पूरी तरह क्रियाशील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) से पहले राज्य सरकार ने बालिकाओं की गरिमा, सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उन्नाव, कानपुर नगर, रायबरेली, अयोध्या, रामपुर सहित 42 जिलों के सभी सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों को पूरी तरह क्रियाशील बनाने की समय-सीमा तय कर दी गई है।



मुख्य सचिव एसपी गोयल।

मुख्य सचिव एसपी गोयल ने शनिवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि 8 मार्च तक सभी विद्यालयों के शौचालय उपयोग योग्य स्थिति में हों। उन्होंने कहा कि केवल निर्माण कार्य पूरा होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि नियमित सफाई, स्वच्छता, जल उपलब्धता, आवश्यकतानुसार बिजली व्यवस्था और सुरक्षित दरवाजों की स्थिति भी सुनिश्चित की जाए।

सरकार का विशेष जोर छात्राओं के लिए पृथक एवं सुरक्षित शौचालयों की उपलब्धता पर है। अधिकारियों का मानना है कि स्वच्छ और सुरक्षित सुविधा मिलने से छात्राओं की उपस्थिति बढ़ेगी और ड्रॉपआउट दर में कमी आएगी। मासिक धर्म के दौरान छात्राओं को होने वाली असुविधा भी कम होगी। साथ ही स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा न होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### स्वच्छ शौचालयों की तस्वीरें पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य

शौचालयों की निगरानी के लिए 'प्रेरणा पोर्टल' पर फोटो अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। प्रत्येक विद्यालय को शौचालय के अंदर और बाहर की स्पष्ट तस्वीरें अपलोड करनी होंगी, जिससे शासन स्तर पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग हो सके। जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों और बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए गए हैं।

# महिलाओं को प्रशिक्षण देकर लघु उद्योगों को दें बढ़ावा

## राज्यपाल ने इंडिया इंटरनेशनल एग्रो ट्रेड फेयर में किसानों को किया सम्मानित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण महिलाएं उद्यमिता एवं स्वयं सहायता समूह कृषि विकास की महत्वपूर्ण धुरी बनते जा रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत कृषि बजट, उर्वरक सब्सिडी, कृषि अनुसंधान जैसे प्रावधान कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं। एग्रोटेक प्रदेश की कृषि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में पुल का कार्य करेगा।

राज्यपाल शनिवार को गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल एग्रो ट्रेड फेयर-ग्लोबल एग्रोटेक-2026 के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि कृषि के नवयुग की प्रस्तावना है। इण्डियन चैम्बर ऑफ फूड एण्ड एग्रीकल्चर के साथ ही राज्य सरकार एवं सभी सहयोगी संस्थानों की इस दूरदर्शी पहल के लिए बहुत साधुवाद है।



उत्कृष्ट कार्य के लिए किसान को सम्मानित करतीं राज्यपाल। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि एग्रोटेक तकनीक एवं परंपरा, अनुसंधान एवं अनुभव तथा नीति एवं प्रकृति के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। बीज से बाजार तक और किसान से उपभोक्ता तक कृषि को समग्र मूल्य श्रृंखला के रूप में देखने का यह एक व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया।

14 वर्ष की आयु की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण की राष्ट्रीय पहल का शुभारंभ शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से किया गया है। उसका प्रसारण कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने देखा।

## न्यूज ब्रीफ

### शिवली में 122 स्थानों पर होगा होलिका दहन

**शिवली।** तहसील क्षेत्र में 122 जगहों पर होली जलेगी। शांतिपूर्व ढंग से होली का त्योहार संपन्न कराने के लिए तैयारियां की गई है। होली जलने के दिन पुलिस बल व लेखपाल गांवों में तैनात रहेंगे। थाना समाधान दिवस में यह बात एसडीएम राजकुमार पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि कड़री में होली जलने वाले स्थान पर घूरे पड़े है। शिकायत मिली है। लेखपाल कामता को प्रधान के सहयोग सेघूरे हटवाने के निर्देश दिए गए है। वहीं गहलों में होली विवाद को निपटाने के लिए ग्रामीणों के साथ राजस्व व पुलिस के लोग बैठक कर विवाद का निस्तारण कराएंगे। थाना समाधान दिवस पर इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम शीलेंद्र यादव, कानूनगो नंदकिशोर, राठौर, दिव्या सचान, नितिन बाजपेई, सौम्या, वर्षा, धर्मेंद्र मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**रसूलाबाद।** लहरापुर रोड पर लाला निवादा बंबी के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने मुरीदपुर निवासी कुलदीप (35) पुत्र श्रीराम को टक्कर मार दी। इस हादसे में कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। कुलदीप अपने बहनोई रजनीश (ताजपुर तरसौली) के यहां ऑटो से जा रहे थे। लाला निवादा बंबी के समीप उनके ऑटो का गियर खराब हो गया। कुलदीप ऑटो को सड़क किनारे खड़ा कर उसकी जांच कर रहे थे। इसी दौरान रसूलाबाद की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने कुलदीप को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बाइक सवार अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर कुलदीप के बहनोई रजनीश मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचित किया और एक निजी वाहन से घायल कुलदीप को रसूलाबाद सीएचसी ले गए। सीएचसी में डॉ दिलदार हाशमी ने कुलदीप का प्राथमिक उपचार कर उनके पैर में फ्रैक्चर होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज कानपुर देहात रेफर कर दिया।

### उम्दा मॉडल बनाने वाले बच्चे सम्मानित

**शिवली।** कस्बा शिवली स्थित रामेश्वर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मॉडल बनाने वाले प्रतिभागी छात्र युग द्वारा बनाया गया सौर मंडल व छात्र अक्षय, भानु द्वारा बनाया गया हैंगिंग फैन विद अलार्म को प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता रेनू रंजन भदौरिया ने छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल की सराहना की। डॉ. सी वी रमन द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में किये गए प्रयासों के बारे में बताया। इस मौके पर प्रबंधक डॉ. रामशरण तिवारी, प्रधानचार्या प्रीती दीक्षित, दीक्षा मिश्रा, सृष्टि त्रिवेदी और दिव्यांशी त्रिवेदी अंशिका मिश्रा, प्रमोद तिवारी आदि मौजूद रहे।

### 65 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

**कानपुर देहात।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शनिवार को पुखरायां के रामस्वरूप ग्रामोद्योग इंटर कालेज ग्राउंड में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ। इसमें 65 विवाह कराए गए। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद पुखरायां के 5, ब्लाक मलासा के 41, अमरौधा के 10 और सरवनखेड़ा के 9 के जोड़ों को सम्मिलित किया गया। जोड़ों का विवाह गायत्री परिवार के पुरोहितों द्वारा हिंदू रीति रिवाज के अनुसार विधि-विधान से संपन्न कराया गया। विवाह स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान पूर्व विधायक विनोद कटियार मौजूद रहे।

### शिकायतों के निस्तारण के लिए संयुक्त टीम गठित

**रसूलाबाद।** माह के अंतिम शनिवार को होने वाले थाना दिवस में पुलिस व राजस्व अधिकारियों ने संयुक्त रूप से आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के लिए टीमें गठित की। शनिवार को थाना संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार हरि शंकर वर्मा ने की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक शिवनारायण सिंह, अपराध निरीक्षक धीरेंद्र पटेल, वरिष्ठ उप निरीक्षक राम सिंह, चौकी इंचार्ज नारखास शिव बहादुर सिंह, कस्बा प्रभारी प्रमोद दीक्षित, राजस्व निरीक्षक कुंवर सिंह, अनिल कुमार समेत अन्य पुलिस व राजस्व अधिकारियो ने बैठकर समस्याएं सुनी। इस दौरान राजस्व संबंधित कुल 9 शिकायतें पंजीकृत हुई।

# होली, रमजान को लेकर रनियां में पुलिस मार्च

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** आगामी होली पर्व व चल रहे रमजान के महीने को लेकर रनियां पुलिस ने रनियां कस्बे में पैदल गश्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया। कस्बा वासियों से होली व रमजान का त्योहार सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।



कस्बे में गश्त कर पुलिस ने कराया कानून व्यवस्था का एहसास। अमृत विचार

आगामी होली व रमजान के त्योहार को लेकर थानाध्यक्ष रनियां दिनेश कुमार गौतम ने पुलिस बल के साथ रनियां कस्बे में पैदल गश्त कर नागरिकों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। गश्त रनियां से निकले हाईवे तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, मुख्य बाजार और सर्राफा बाजार में की गई, जहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने व्यापारियों, स्थानीय नागरिकों और आमजन से संवाद स्थापित किया और उनसे आपसी सौहार्द व शांति बनाए रखने की अपील की। पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई, साथ ही आवश्यकतानुसार चेकिंग भी की गई। पुलिस अधिकारियों ने बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जानकारी ली और व्यापारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही कस्बा वासियों से अपील करते हुए कहा कि होली व रमजान को लेकर कोई भी अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अगर कोई अफवाह तथा अराजकता फैलता नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। ऐसे लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करे तो तत्काल पुलिस को दें सूचना

**रसूलाबाद :** त्योहारों पर आपसी भाईचारा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़े या शांत व्यवस्था भंग करने का प्रयास करें तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाला का नाम गोपनीय रखा जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अफवाहों पर कोई ध्यान न दे। यह बात कोतवाली परिसर में आगामी होली और ईद पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित पीस कमेटी की बैठक में थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने कही। थाना प्रभारी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में कुल 369 होलिका दहन स्थल चिन्हित किए गए हैं। सभी क्षेत्रीय निवासियों को निर्देश दिया गया है कि वह केवल निर्धारित स्थानों पर ही होलिका दहन करें। कोई नई परंपरा ना शुरू की जाए। इसके साथ ही सुरक्षा मानकों का पालन करें और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सावधानी रखें। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान सड़कों बाजरों सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी व्यापारियों से उन्होंने अपील की दुकान के बाहर सामान फैला कर रास्ता बाधित न करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में ईद के अवसर पर नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखने, साफ-सफाई बनाए रखने और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पर भी चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और क्षेत्र में शांति, सद्भाव तथा भाईचारे का माहौल बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता कोतवाल एसएन सिंह ने की। इस बैठक में वरिष्ठ उप निरीक्षक राम सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह, उप निरीक्षक शिव बहादुर सिंह, हेड कांस्टेबल राहुल चौधरी, बलराम सिंह, रामाधार सहित व्यापार मंडल अध्यक्ष कमल दुबे, मनोज सेगर, तार बाबू आदि मौजूद रहे।

# जगजीवनपुर बंबे में गिरी कार, युवक की गई जान

## अपने मित्र की कार लेकर जा रहा था अकबरपुर का युवक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव जगजीवन पुर के पास से गुजर रहे बंबे में एक युवक कार सहित गिर गया। हादसे में युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कार युवक के किसी दोस्त की थी।

अकबरपुर के माती रोड इलाके में रहने वाले देवकी नंदन शर्मा के पुत्र लखन कुमार 24 वर्ष बीती रात हादसे का शिकार हुए। हादसे के बाद कार जगजीवनपुर नहर बंबा में गिर गई। जानकारी पर पहुंचे इलाकाई लोगों ने मदद शुरू की। लखन को पानी से निकलवा कर इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया है। कार को हाईड्रा की मदद से नहर से निकलवा दिया गया है। इधर घर युवक की मौत की सूचना पहुंचते ही मातम पसर गया।



रात को तालाब में गिरी कार। अमृत विचार

### पानी के गड्ढे में गिरा मासूम बच्चा, थमीं सांसें

**कानपुर देहात।** सट्टी क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे पर ढाई साल के मासूम बच्चे की पानी से भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। घटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत पचलक गांव में हुई। शनिवार को दोपहर करीब दो बजे जालौन जनपद के कदौरा थाना क्षेत्र के परौसा गांव निवासी वीरेंद्र अपनी पत्नी कंचन और परिवार के साथ ईंट भट्ठे पर ईंट पथाई का काम कर रहा था। इसी दौरान उनका ढाई वर्षीय पुत्र अमन खेलते समय पानी से भरे एक गड्ढे में गिर गया। वह डूब गया और उसकी मौत हो गई।

### वैन पानी में गिरी, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

बीती रात्रि अकबरपुर रूरा मार्ग पर भूसा ट्रॉली व वैन में टक्कर हो गई। इसमें वैन सड़क के पानी से भरे खड्ड में गिर गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## उज्ज्वला परिवारों को गैस की सौगात

**कानपुर देहात।** होली के अवसर पर सूबे के 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवारों को रसोई गैस रिफिल सब्सिडी का वितरण होगा। माती में इस कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी, जिलाधिकारी कपिल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा उपस्थित सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य संरक्षण एवं स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि होली पर्व के अवसर पर दी जा रही रसोई गैस रिफिल सब्सिडी से परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी और त्योहार का उल्लास बढ़ेगा। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से सब्सिडी के चेक वितरित किए गए। जनपद कानपुर देहात में लगभग 1,79,461 उज्ज्वला लाभार्थियों को योजना का लाभ प्राप्त होगा, लाभार्थियों को रसोई गैस रिफिल सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

# भाईचारे की भावना को मजबूत करती होली, मिल जुलकर मनाएं

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** भारतीय पर्वों की सांस्कृतिक महत्ता, आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने के लिए प्राथमिक विद्यालय बैरीसाल सहित क्षेत्र भर के स्कूलों में शनिवार को होली का पर्व बच्चों ने उत्साह और उमंग के साथ मनाया।

इसके तहत परिषदीय विद्यालयों पहाड़ीपुर, जोत, मोती निवादा, बिल्हा, कहिंजरी में होली अवकाश से पूर्व अंतिम कार्य दिवस पर बच्चों ने शिक्षकों की देखरेख में उत्साहपूर्वक होली का त्योहार मनाया। बैरीसाल प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मदन मोहन मिश्रा की देखरेख में बच्चों का आपस में होली खेलने के चलते विद्यालय परिसर रंगों, उमंग और आपसी सौहार्द से सराबोर रहा। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित एवं मर्यादित ढंग से पर्व मनाने की प्रेरणा दी, साथ ही एक-दूसरे के प्रति सम्मान बनाए रखने का संदेश भी दिया। बच्चों को होली पर्व के महत्व, उसकी परंपराओं और सामाजिक सद्भाव के संदेश से अवगत कराया।



बैरीसाल प्राथमिक विद्यालय में होली खेलते बच्चे। अमृत विचार

**● बच्चों को होली पर्व के महत्व और परंपराओं की दी जानकारी**

बच्चों ने भी प्रधानाध्यापक के रंग और गुलाल लगाकर आत्मीयता का प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली का भरपूर आनंद लिया। छोटे बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा था। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपने सहपाठियों और कक्षा अध्यापकों के साथ होली खेली।

विद्यालय के सहायक अध्यापक जितेंद्र बाबू गौतम की व्यवस्था के चलते पूरे विद्यालय परिसर में सौहार्दपूर्ण और अनुशासित वातावरण बना रहा। शिक्षकों ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए यह सुनिश्चित किया कि कार्यक्रम सुरक्षित और सकारात्मक तरीके से संपन्न हो। इस आयोजन ने बच्चों में आपसी मेल-जोल, सहयोग और संस्कारों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



विद्यालय प्रबंध समिति कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक। अमृत विचार

## ऑपरेशन कायाकल्प पर चर्चा की

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में जन पहल माड्यूल के अन्तर्गत मां वैष्णो देवी डिग्री कॉलेज पाल नगर रसूलाबाद में विद्यालय प्रबंध समिति की एकदिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई।

इस कार्यशाला में समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रबंध समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष उपस्थिति रहे। कार्यशाला में आए हुए संदर्भ दाता-सूर्यप्रताप सिंह के द्वारा परिचय सत्र व प्रबंध समिति की संरचना या गठन एवं सामुदायिक सहभागिता कार्य पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर कार्यशाला में मौजूद लोगों को अवगत कराया। जबकि संदर्भदाता शिवनाथ ने नामांकन व उपस्थिति पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए अवगत कराया। वहीं हिमांशु गुप्ता ने एमडीएम व शारदा मीनू एप के बारे में बताया। मोहम्मद शब्बीर द्वारा बालिका शिक्षा व ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत चर्चा कर अवगत कराया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई।

# युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ते हैं धार्मिक आयोजन

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** चित्तानिवादा मजरा बैरीसाल के काली माता मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन शनिवार को भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। दूर-दराज के गांवों से आए लोग भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं को सुनकर भाव विभोर हुए।

व्यास पीठ से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव चरित्र और गोवर्धन लीला का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा के दौरान भक्त और भगवान के अटूट संबंध पर भी प्रकाश डाला गया। मधुर भजनों और संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिससे पूरा वातावरण हरे कृष्ण-हरे राम के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी मयंक सिंह गौर भी आए और उन्होंने व्यास पीठ का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारा सद्भाव और संस्कारों को मजबूत करते हैं। इसके साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी सनातन संस्कृति से जोड़ते हैं। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालु श्रोताओं से संवाद कर कार्यक्रम की सराहना की। आयोजक समिति ने फूलमाला पहनाकर गौर का स्वागत किया। ग्रामवासियों और आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए बैठने, जलपान और शांति व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा। कार्यक्रम में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की सहभागिता उल्लेखनीय रही।

## कथा समापन के पश्चात भक्तों ने ग्रहण की महाप्रसादी

**रसूलाबाद :** मकरंदपुर कहिंजरी ब्रह्म नगर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सप्त दिवसीय कथा के समापन के बाद शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के पहले हवन का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालु भक्तों ने पूर्ण आहुति में शामिल होकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। श्रीमद् भागवत कथावाचक कमलनयन जी महाराज वृंदावन द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन सम्पन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि हवन में आहुति देने से पापों का क्षय होता है और उसके धुएं से पर्यावरण स्वच्छ होता है। हवन के पश्चात विशाल भंडारा प्रारंभ हुआ। इसमें मार्ग से गुजर रहे राहगीरों व क्षेत्रीय ग्रामीणों ने भंडारे की पूड़ी, सब्जी, खीर की प्रसादी ग्रहण की। शाम करीब चार बजे से प्रारंभ हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर राम आसरे, निशू शर्मा, राधेश्याम, प्रेम कुमार, राम जी गुप्ता, बबोल दिक्षित, सर्वेश शर्मा, सोनू शर्मा, प्रिंस, मुस्कान, सुहाना, माही, महक, नंदू, साहिल, निखिल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अनुशासन, समर्पण व निरंतर संपर्क से संगठन होता मजबूत

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** शनिवार को रसूलाबाद में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी रामप्रकाश निराला ने कहा कि पार्टी की मजबूती बूथ स्तर के संगठन पर निर्भर करती है और संगठन को अनुशासन, समर्पण और निरंतर जनसंपर्क के माध्यम से ही मजबूत बनाया जा सकता है।



कोर कमेटी की बैठक की शुरुआत में पुष्प अर्पित करते पदाधिकारी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। निराला ने कार्यकर्ताओं को ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने तथा आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनने का निर्देश दिया। उन्होंने बूथ समितियों के गठन को पूरा करने और निष्क्रिय इकाइयों को पुनर्गठित कर सक्रिय बनाने पर भी जोर दिया।

बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र की संगठनात्मक स्थिति की जानकारी दी। इस दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई और कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बैठक** | सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने जारी किए दिशा-निर्देश

# बिना नंबर प्लेट व ओवरलोड वाहनों पर की जाए कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** शनिवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, ट्रैफिक प्रबंधन, सड़क अवरोध हटाने, सुरक्षा संकेतक, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता, ब्लैक स्पॉट सुधार एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि हाईवे किनारे किए गए अवैध अतिक्रमणों को अभियान चलाकर हटाया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।



कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि संयुक्त टीम बनाकर अवैध टैक्सी स्टैंड, बस स्टैंड पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रमुख मार्गों, चौराहों व स्कूलों के पास रंबल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर एवं रिफ्लेक्टर युक्त साइनेज बोर्ड लगाए जाएं, ताकि रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके। ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों की पहचान कर सुधार कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि बिना नंबर प्लेट वाले, ओवरलोड एवं गलत दिशा में चलने वाले वाहनों पर विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही की जाए। साथ ही हेलमेट एवं सीट बेल्ट पहनना पूर्णतः अनिवार्य किया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी चालान कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए, और जो वाहन फिटनेस मानकों को पूरा नहीं करते, उन्हें तत्काल प्रभाव से संचालन से बाहर किया जाए।

जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग को स्कूलों में चलने वाले प्राइवेट वाहनों की सूची परिवहन विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा रोडवेज बसों के फिटनेस जांच व ड्राइवरों के लिए मेडिकल कैम्प का आयोजन करने के निर्देश दिये। बैठक में अवगत कराया कि बारा से कालपी हाईवे पर रोड मरम्मत का कार्य चल रहा है शीघ्र ही पूरा कर लिया जायेगा, जिसे जिलाधिकारी द्वारा शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही गोल्डन आवर के भीतर राहत व बचाव कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सड़क सुरक्षा शपथ, रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं प्रचार वाहनों के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे नागरिकों में यातायात अनुशासन की भावना विकसित होगी।



रोजा इफ्तार पार्टी में मौजूद रोजेदार। अमृत विचार

# खजूर से रोजा खोलना सुन्नत

**रसूलाबादः** खजूर से रोजा इफ्तार करना सुन्नत माना जाता है। पैगंबर मुहम्मद साहब भी खजूर से ही रोजा खोलते थे। खजूर से रोजा इफ्तार करने के कई फायदे हैं। दिन भर भूखे-प्यासे रहने के बाद खजूर शरीर की कमजोरी दूर करती है और ताकत देती है। इससे शरीर में ऊर्जा बनी रहती है और रोजा रखने वाला व्यक्ति तंदुरुस्त महसूस करता है। इसलिए चाहिए कि इफ्तार की शुरुआत खजूर से करें ताकि सुन्नत पर भी अमल हों।

यह बात मौलाना गुलाम मुरसलीन ने बताई। उन्होंने कहा कि जिस किसी ने अगर किसी रोजेदार को खजूर या पानी से इफ्तार कराया तो उसको भी उतना सवाब मिलेगा जितना सवाब रोजा रखने वाले को मिल रहा है। इसके लिए बेशुमार हदीसों से साबित है कि रोजा इफ्तार में बड़ी बरकतें हैं, अलबत्ता चाहें रोजेदार को पानी या खजूर पेश किया जाए या दीगर खाने की चीज रोजा इफ्तार के समय पेश की जाएं।

हर तंदुरुस्त और सेहतमंद इंसान पर रोज़ा रखना हर हाल में फर्ज है। अगर किसी कारण से कोई रोजा नहीं रह सकता है तो बाद में कजा रहना उस पर वाजिब है। रोजा किसी सूरत में माफ नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग से गृहस्थी खाक

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के इटर्रा गांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से दो सगे भाइयों के घरों की गृहस्थी खाक हो गई। शनिवार को गांव के बाहर दोनों भाई सुनील कुमार कुशवाहा व उमेश कुमार के घरों में अचानक से आग लग गई। इसके चलते पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने ग्रामीणों की मदद से बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया।

### युवक ने फंदा लगा कर की आत्महत्या

**बिवांर।** कस्बे के कबीर नगर निवासी रामस्वरूप (28) पुत्र राममिलन अनुरागी अक्सर शराब पीकर परिजनों से झगड़ता था। शुक्रवार रात 10 बजे खाना खाकर सभी लोग सो गए, तो रात में रामस्वरूप ने रबड़ को पंखे में बांधकर फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उसे देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है।

# सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें त्योहार

## एसीपी व एसडीएम ने होलिका स्थल का किया निरीक्षण, लोगों से किया संवाद

संवाददाता, घाटमपुर



होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घाटमपर एसीपी और एसडीएम ने शनिवार शाम होलिकादहन स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संवेदनशील जगहों पर पहुंचकर लोगों से संवाद करने के साथ साथ पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लोगो से कहा कि आप लोग अफवाहों पर ध्यान न दें, मिल जुल कर आपस में सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। किसी प्रकार की गड़बड़ी करने का प्रयास न करें।

घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव व घाटमपुर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने शनिवार शाम घाटमपुर तहसील क्षेत्र के बारीपाल, लहुरीमऊ, सजेती, टेनापुर, घाटमपुर समेत पांच संवेदनशील होलिकादहन स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। साथ ही आसपास रहने वाले लोगों से बातचीत करने के साथ साथ उनसे कहा कि आप सभी लोग सोशल मीडिया पर वायरल आपत्तिजनक वीडियो को आगे फॉरवर्ड न करें आपके एक वीडियो फॉरवर्ड करने से अफवाह फैलाने वाले लोगों को मदद मिलती है।

एसडी एम अविचल प्रताप सिंह ने लोगों से कहा कि वह सौहार्दपूर्ण ढंग से रंगों का त्योहार मनाएं। घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत यादव ने बताया कि घाटमपुर क्षेत्र में संवेदनशील होलिका स्थल का निरीक्षण करने के साथ साथ लोगों को सर्तक रहने को कहा है।

### थाने में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**घाटमपुर।** घाटमपुर थाने में एसडीएम अविचल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में होली के पर्व की पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने सभी लोगों से त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाने का अनुरोध किया। इस दौरान कृष्णकांत यादव, अधिशाषी अधिकारी, एसडीओ विद्युत, थाना इंचार्ज, चौकी इंचार्ज, एसआई नवीन ,अरुण ,सहित नगर के कई सभासद गुड्डू पंडित, रोहित सिंह एडी, जितेंद्र यादव, रीना सचान, तराना ,विजय बाल्मीकि, तनवीर, राजेश कुटार, शशि शर्मा ,राजपूत साहू ,सत्यम चौहान एवं गणमान्य नागरिक सुरेश सोनी, मनोज परमार, नफीस कुरैशी ,संतोष टोपा, गुड्डू मलिक, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## बच्चों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ा कर खेली होली




एक दूसरे को रंग लगाने के बाद खड़े नन्हें-मुन्ने बच्चे। अमृत विचार

संवाददताता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के चीना पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शनिवार को होली का त्योहार बेहद उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर रंगों के इस पावन पर्व को सुरक्षित और 'इको-फ्रेंडली' तरीके से मनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सुभांगी सिंह के संबोधन से किया गया, जिसमें छात्रों को होली के सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराया और बताया कि यह पर्व आपसी भेदभाव भुलाकर प्रेम और भाईचारे के रंग में रंगने का अवसर है। बच्चों के द्वारा राधा-कृष्ण की होली पर आधारित मनमोहक नृत्य और लोक गीतों की प्रस्तुति दी गई व फूलों व हर्बल गुलाल से होली खेलकर पानी बचाने के लिए भी जागरूक किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. पंकज गुप्ता ने सभी अभिभावकों को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रोहित भारद्वाज, रचना चौरसिया, पूजा मिश्र रहीं। कार्यक्रम का आयोजन मनीष द्विवेदी की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

### महिला से की छेड़छाड़, पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के एक गाँव में युवक ने एक महिला के साथ अश्लील हरकतें कर उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी और महिला को पकड़ कर अंधेरे में ले गया। महिला के चीखने चिल्लाने और शोर मचाने पर जब उसकी पुत्री उसे बचाने के लिए आई तो आरोपी ने महिला की पुत्री के साथ मारपीट कर दी। यहां तक कि महिला का पति जब आरोपी के घर उलाहना देने के लिए गया तो पति को भी पीट दिया।

महिला ने बताया कि 25 फरवरी की रात करीब 9 बजे उसके पति की गैर मौजूदगी में गांव का एक युवक उसके घर के दरवाजे पर आया और उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ करने लगा। इसी बीच युवक उसे घर के अंदर खींचकर अंधेरे में ले गया। बताया कि उसके द्वारा चीखने चिल्लाने और शोर मचाने पर जब उसकी पुत्री उसे बचाने के लिए दौड़ी तो आरोपी ने उसकी पुत्री के साथ भी मारपीट कर दी।




अपने विज्ञानी मॉडल के साथ खड़े बच्चे। अमृत विचार

## बच्चों ने दिखाई अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा

- जीपीआरपी एजुकेशन में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के जीपीआरपी एजुकेशन सेंटर के किड्स विंग में शनिवार को एक शानदार विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस प्रदर्शनी में बच्चों ने मॉडल बना कर अपनी अपनी वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया। इनमें कार्यशील मॉडल, प्रयोग एवं प्रस्तुतियां शामिल थीं।

प्रदर्शनी के दौरान किड्स विंग की प्रधानाध्यापिका नेहा वर्मा ने कहा विज्ञान प्रदर्शनी हमारे छात्रों के लिए अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक मंच है। इस आयोजन में विद्यालय के संस्थापक मुन्नाबाबू, प्रबंधक प्रवीण सचान, समस्त शिक्षक और छात्र-छात्राएं और आये हुए कई आगन्तुकों ने छात्रों के प्रयासों और उत्साह की जमकर प्रशंसा की।

# छात्र-छात्राएं मन लगाकर पढ़ाई करें : ब्लाक प्रमुख

- पतारा में ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न

संवाददताता, घाटमपुर




बच्चों के साथ मौजूद मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घाटमपुर के पतारा बीआरसी कार्यालय में शनिवार को उन्मुखीकरण कार्यशाला संपन्न हुई। यहां पर एबीएसए ने सभी शिक्षकों को स्कूलों में पढ़ाई करने के साथ उन्हें बेहतर बनाने को कहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कोमल सिंह और बीडीओ शिव नरेश राजपूत ने छात्र छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करके अपने सपने साकार करने को कहा है। इस दौरान ग्राम प्रधान समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र के पतारा कस्बा स्थित बीआरसी कार्यालय में शनिवार को उन्मुखी कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कोमल सिंह और बीडीओ शिव नरेश राजपूत का स्वागत एबीएसए सत्य प्रकाश कुरील ने प्रतीक चिह्न भेंटकर किया। इसके बाद शिक्षकों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही निपुण भारत, डिबीटी, शारदा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है, कि इन योजनाओं को धरातल पर लाएं। इसलिए सभी शिक्षकों को अपने अपने दायित्वों का निर्वहन मन लगाकर करना चाहिए। यहां पर मौजूद पतारा ब्लॉक प्रमुख कोमल सिंह ने शिक्षकों और छात्र छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को मन लगाकर पढ़ना चाहिए। आप सभी अपने अपने सपने पढ़ाई करके पूरा कर सकते है। इसलिए आप सभी को मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए। इस दौरान यहां पर एबीआरसी उदयवीर सिंह, मुख्य लेखाकार पंकज सक्सेना, हिमांशु मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिव भजन पाल समेत आदि लोग मौजूद रहे।

### मलबे में दबने से बालक की गई जान

**हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के खंडेह गांव में एक निर्माणाधीन मकान की कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से 11 वर्षीय बालक की मलबा में दबकर मौत हो गई। इस हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। सांस की आस में परिवार वाले उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के खंडेह गांव निवासी मातादीन श्रीवास का पुत्र आशीष कुमार (11) शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे वह अपने चाचा संतोष के निर्माणाधीन मकान के पास खेल रहा था। इसी दौरान मकान की कच्ची दीवार अचानक ढह गई और आशीष मलबा के नीचे दब गया। हादसे के बाद परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मलबे को हटाकर बच्चे को निकाला गया। उसकी धड़कनें शांत हो गई थीं, मगर सांस की आस में परिवार वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## खेलकूद में बच्चों ने दिखाया उत्साह



विजेता बच्चों के साथ मौजूद स्कूल का स्टाफ। अमृत विचार

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर के विन्सटन मेमोरियल एकेडमी रेउना में शनिवार को स्पोर्ट्स मीट-2026 का शुभारंभ किया गया। इसमें विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के खेलों में प्रतिभाग एवं मैजिक शो प्रस्तुत किये। इस दौरान प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं को विद्यालय के निदेशक सौरभ कुशवाह व प्रबंधक मनीष कुशवाह के द्वारा प्रोत्साहित किया गया।

इस कार्यक्रम में बच्चों के मनोरंजन हेतु दौड़-प्रतियोगिता, रस्साकशी, पिरामिड, लाइस्वाउंडे, तीरंदाजी, गन शूटिंग व मैजिक शो प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य, व अन्य शिक्षकगण कान्त द्विवेदी, दीपक कुमार, मो.कलाम, आरती द्विवेदी, मोहिनी सचान, रक्षा गुप्ता, मानसी विश्वकर्मा, शालिनी वर्मा, प्रिया सिंह व नितिन पांडेय आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक में जमकर खेली गई होली

**शिवराजपुर।** शनिवार को ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस दौरान कस्बा एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति एवं ब्लाक के प्रधान व बीडीसी एवं ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाई खिलाई। इस मौके पर प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी नेमचंद एडीओ पंचायत भीष्म सिंह , देवेंद्र शर्मा ,अजय सिंह, गौरव अग्निहोत्री, राज कमल कटियार, रंजीत यादव आदि रहे।



एक दूसरे को अबीर -गुलाल लगाते लोग। अमृत विचार

## एक दर्जन मुकदमों का वांछित गया जेल

**शिवराजपुर।** बीती 20 फरवरी को कस्बे से अपनी दुकान बंद करके घर जा रहे दुकानदार को गंगा रोड पर अंडरपास के नीचे मारपीट एवं लूटपाट करने के आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी के चलते पुलिस ने एक आरोपी को शनिवार को उसे जेल भेज दिया।

क्षेत्र के काकूपुर निहाल गांव निवासी अभिनव शुक्ला पुत्र धर्मेंद्र की कस्बे में रेलवे स्टेशन के सामने शुक्ला फोटो ग्राफर नाम से दुकान है। रोज की तरह वह देर रात अपनी दुकान से घर जा रहा था। अभी वह गंगा रोड पर अंडर पास के नीचे पहुंचा ही था कि पहले से घात लगाए तुलापुरवा गांव निवासी अनुज यादव एवं बर्राजपुर निवासी उत्कर्ष अपने चार अन्य अज्ञात साथियों के साथ हाकी डंडा एवं धारदार हथियार से अभिनव को घेर कर मारपीट करके लहूलुहान कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया एवं उसके बाद पास उसके मौजूद दो वीडियो कैमरा एवं 20000 रुपये नकद व मोबाइल आदि छीन कर जा रहे थे कि तभी पीछे से पीड़ित अभिनव के चाचा योगेंद्र शुक्ला भी आ गये। उन्होंने मोटर साइकिल की लाइट में देखा कि तुलापुरवा का अनुज यादव एवं बर्राजपुर का उत्कर्ष दुबे एवं चार अन्य अज्ञात जिन्हें वह पहचान नहीं सके यह लोग भागते हुए नजर आए। घटना के बाद पीड़ित के परिजन योगेंद्र ने थाने में दी गई तहरीर में एक दर्जन मुकदमों में वांछित अनुज यादव एवं बर्राजपुर के उत्कर्ष दुबे एवं चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार को पुलिस टीम ने अनुज यादव को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। इस मामले में थाना प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि बाकी की तलाश जारी है।

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, चित्रकूट**

संख्या: 1881 / जि0आ0अ0/ चित्रकूट / अपील व आ0सू0/2025-26/ दिनांक: फरवरी 28 2026

**अपील / आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि युवाओं के बीच नशा का बढ़ता प्रचलन चिंता का विषय है इस नशे की आदत से युवा वर्ग समाज के रचनात्मक विकास में अपना योगदान नहीं कर पा रहा है। ऐसी स्थिति में आप सभी से अपील है कि युवाओ को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव के सम्बन्ध में जागरूक करे, ताकि युवा वर्ग नशा मुक्त जीवन यापन करते हुए समाज के रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण सदस्य की भूमिका अदा कर सकें।

**(अखिलेन्द्र बहादुर सिंह)**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**चित्रकूट।**

आपरेशन कायाकल्प | प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन के लिए प्रधानाध्यापकों व ग्राम प्रधानों के बीच समन्वय जरूरी

# ग्राम प्रधान शिक्षकों का करें सहयोग : बीईओ



कार्यक्रम में सरस्वती वंदना प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार



बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित करते मुख्य अतिथि व बीईओ कुंअर आनंद पटेल। अमृत विचार

- बीआरसी चौबेपुर में प्रधानाध्यापकों व ग्राम प्रधानों की हुई कार्यशाला

संवाददाता,चौबेपुर

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व ग्राम प्रधानों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने व शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से शनिवार को बीआरसी चौबेपुर में उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 19 मानकों पर कार्य करने के लिए ग्राम प्रधानों से शिक्षकों का सहयोग करने की अपील की।

बीआरसी प्रांगण में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह सेंगर व बीईओ कुंवर आनंद पटेल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अपने संबोधन में विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह सेंगर ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की दशा सुधारने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। ऑपरेशन कायाकल्प योजना की शुरुआत में 14 पैरामीटर निर्धारित किए गए थे, लेकिन मौजूदा समय में इसे बढ़ाकर अब 19 कर दिया गया है। शासन की मंसानुसार 19 मानकों पर कार्य करते हुए विद्यालय को संतृप्त किया जाना है। जिसके लिए प्रधानाध्यापकों व ग्राम प्रधानों के बीच आपसी समन्वय व सहयोग बेहद जरूरी है। वहीं बीईओ कुंवर आनंद पटेल ने कहा कि भौतिक सुविधाओं व बच्चों की बुनियादी दक्षताओं को विकसित करने के साथ विद्यालय के माहौल को बेहतर बनाने के लिए ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक एक दूसरे का सहयोग करें। बताया कि गोष्ठी के माध्यम से शिक्षकों को मिशन निपुण भारत, कायाकल्प योजना व डीबीटी के प्रति जागरूक करना है। जानकारी दी कि कायाकल्प योजना में 19 मानकों के साथ भौतिक सुधार, जैसे विद्यालय का रंग रोगन, स्वच्छ शौचालय, पेयजल व बिजली की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। बच्चों को बुनियादी शिक्षा के साथ उन्हें ड्रेस, जूते मोजे व स्टेशनरी मुहैया कराने के लिए व्यवस्था सुचारू करनी है। इस मौके पर बच्चों को शिक्षण सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में एआरपी मीनाक्षी, प्रतिमा, स्वर्णिमा, विशाल तिवारी, कुंवर प्रशांत, राजन लाल, बृजेंद्र कटियार, शिक्षक संकुल पवन त्रिपाठी अशोक मिश्रा व ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष विद्यासागर यादव समेत बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**बिल्हौर, कानपुर नगर**

पत्रांकरू 761 / न0 पा0प0वि0/2025-26 दिनांक: 27, फरवरी, 2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बिल्हौर, कानपुर नगर को पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से पालिका वार्डो में निर्माण कार्य कराये जाने है। निम्नांकित कार्यो हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 13.03.2026 अपरान्ह 01: 30 बजे तक आमंत्रित की जाती है, प्राप्त निविदायें उक्त तिथि / दिनांक 13.03.2026 को अपरान्ह 03: 00 बजे अधिशाषी अधिकारी / अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बिल्हौर के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी नगर पालिका परिषद बिल्हौर को होगा। इच्छुक फर्म / ठेकेदार निविदा फार्म दिनांक 12.03. 2026 सायं 05: 00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा कर क्रय कर सकते है। निविदा के साथ 10% जमानत धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र /एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 अथवा नकद (पालिका रसीद) द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बिल्हौर के नाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। दिनांक 13.03.2026 को अवकाश होने की दशा में अगले कार्यदिवस में पूर्व निर्धारित समय पर निविदा की कार्यवाही की जायेगी। अन्य नियम व शर्ते कार्यालय कार्यदिवस में ज्ञात की जा सकती है।

| क. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (जी0एस0टी0 सहित) | जमानत धनराशि 10% (जी0एस0टी0 रहित) | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद बिल्हौर अन्तर्गत पम्प नं0 03 व 04 पर अधिष्ठापित ओवर हेड टैंकों की सफाई का कार्य। | 82,845.00 | 7,021.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 2 | नगर पालिका बिल्हौर के अन्तर्गत अस्थाई गौशाला में शौचालय मरम्मत का कार्य। | 2,65,267.00 | 22,480.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 3 | नगर पालिका परिषद बिल्हौर के कार्यालय की पुताई का कार्य। | 1,62,020.00 | 13,731.00 | 500.00 | 15 दिन |
| 4 | नगर पालिका बिल्हौर के अन्तर्गत विभिन्न वार्डो 16, 14, 5, 10, 22, 20, 19, 3, 18, 15, 21 एवं 01 में सड़क व नाली मरम्मत का कार्य। | 9,73,110.00 | 82,467.00 | 500.00 | 30 दिन |

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद बिल्हौर,कानपुर नगर।

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद बिल्हौर,कानपुर नगर।

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

कानपुर महानगर

कानपुर, रविवार, 1 मार्च 2026

## सुविचार



अकेलापन कई बार अपने आप से सार्थक बातें करता है। वैसी सार्थकता भीड़ में या भीड़ के चिंतन में नहीं मिलती।

- राजेंद्र अवस्थी

## कानपुर के प्रमुख समाचार


- पांचवीं की छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान-II
- नवाचार अर्थव्यवस्था में यूपी का इंजन बनेगा शहर-III
- 10 मार्च को होली मेला, निकलेगा रंगों का ठेला-IV



**अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.**

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999


# नई संपत्ति का नामांतरण कराने का शुल्क 6500 रुपये

## नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में नए नामांतरण शुल्क पर लगी मुहर, एक मार्च से ही लागू हो जाएगा नया नियम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहरवासियों को अभी तक नई संपत्ति का नामातंरण शुल्क संपत्ति के डीएम सर्किल रेट के हिसाब से कीमत का एक प्रतिशत देना पड़ता था, लेकिन अब एक मार्च से नगर निगम में नामांतरण कराने पर तय शुल्क 65 सौ रुपये देना होगा। इसको नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में पास कर दिया गया है।

महापौर प्रमिला पांडेय ने नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय की मौजूदगी में शनिवार को नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक की, जिसमे महापौर ने नए नामांतरण शुल्क पर मोहर लगाई और अफसरों को आदेश दिए कि एक मार्च से इसे लागू कर दिया जाए। बाकी कागजी लिखा पढ़ी होती रहेगी। कहा कि नामांतरण शुल्क और कम करके एक समान कर दिया गया है। साथ ही समय पर न कराने वालों पर जुर्माना लगाने का भी प्रावधान किया है। इस पर सदन ने मुहर लगा दी है। देर से नामांतरण कराने पर जुर्माना लगेगा। इसके तहत एक साल से तीन साल के बीच में एक हजार रुपये, तीन साल से पांच साल के बीच में दो हजार रुपये, पांच साल से 10 साल के बीच में पांच हजार रुपये और 10 साल से ऊपर 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। बता दें कि 26 दिसंबर 2025 को नगर निगम सदन ने प्रस्ताव को पास कर दिया था। आपत्ति व अन्य कागजी कार्रवाई के चलते इसपर पूर्ण रूप से मोहर लगने में 63 दिन लग गए। कहा कि नगर निगम में अब नामांतरण कराने पर तय शुल्क देना होगा, नए नामांतरण शुल्क लागू होने पर पंजीकृत वसीयत या कानूनी वसीयत और नई संपत्ति नामांतरण कराने के लिए सिर्फ 65 सौ रुपये मकान मालिक को देना होगा।

### इस प्रकार होगा नामांतरण शुल्क

| | |
|---|---|
| आवेदन शुल्क | 1000 |
| दाखिल-खारिज शुल्क | 5000 |
| विज्ञापन शुल्क | 500 |

### शासन ने जारी किया है आदेश

- शासन ने नगर निगम को नामांतरण शुल्क एकरूपता करने के लिए शासनादेश जारी किया। इसके तहत पंजीकृत वसीयत व कानूनी वारिस के तहत 1000 वर्ग गज तक एक हजार रुपये, 1000-2000 वर्ग गज तक दो हजार रुपये. 2000-3000 वर्ग गज तक तीन हजार रुपये व 3000 वर्ग गज से अधिक में -पांच हजार रुपये में रखा। वहीं, खरीदी गई संपत्ति के लिए पांच लाख रुपये तक एक हजार रुपये, पांच लाख से 10 लाख तक दो हजार रुपये, 10 लाख से 15 लाख तक तीन हजार रुपये, 15 लाख से 50 लाख तक पांच हजार रुपये तय किए थे।

### 26 दिसंबर 2025 को लगी थी मुहर

- नगर निगम सदन ने नए नामांतरण शुल्क पर 26 दिसंबर 2025 को मुहर लगा दी थी। इसके तहत 29 दिसंबर से 45 दिन तक लोगों से आपत्ति मांगी थी। इसमें दो लोगों ने आपत्ति की थी कि ईडब्ल्यूएस के मकानों का शुल्क कम किया जाए और जुर्माना भी कम किया जाए। दोनों आपत्ति का निस्तारण कर सभी के लिए शुल्क एक समान रखा गया है। जुर्माना कम से कम लगाया गया है। बता दें कि वर्ष 2018 में नगर निगम सदन ने नई संपत्तियों के नामांतरण शुल्क कराने पर संपत्ति की डीएम सर्किल रेट के हिसाब से कीमत का एक प्रतिशत शुल्क लगा था। इसको लेकर विधान परिषद सदस्य अरुण पाठक ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा के सामने नई संपत्ति में डीएम सर्किल रेट एक प्रतिशत कम करने का प्रस्ताव रखा था।



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| रविवार शाम | सोमवार सुबह |
| सुन्नी: 6:12 | सुन्नी: 5:12 |
| शिया: 6:21 | शिया: 5:05 |

पैग़म्बर मोहम्मद साहब ने फ़रमाया : सब्र आधा ईमान है और रोजा आधा सब्र है।

## शहर में आज



- **शिविर :** गंगाबैराज बोट क्लब में संकल्प सेवा समिति व जिला गंगा समिति द्वारा रक्तदान शिविर 11 बजे से।
- **मैच :** खलासी लाइन यूपीटीटीआई क्रिकेट ग्राउंड में सद्भावना क्रिकेट मैच दोपहर 12 बजे।
- **विवाहोत्सव :** किदवई नगर अग्रसेन भवन में राम जानकी सामूहिक विवाहोत्सव दोपहर 12 बजे।
- **यज्ञ :** गोविंद नगर चित्रगुप्त धर्मशाला में पेंशनर फोरम द्वारा सदबुद्धि यज्ञ दोपहर 1:30 बजे।
- **बैठक :** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में पदाधिकारियों की मासिक बैठक दोपहर 2:30 बजे।

### आज यहां नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** कर्रही में रविवार को बिजली सुबह 10 बजे से शाम को पांच बजे तक, मछरिया गढ़ी, वाटर पार्क, बाबा नगर, टेलीफोन एक्सचेंज, बौद्ध नगर, पाल चौराहा, राजीव विहार, आवास विकास व यूनाइटेड नगर में बिजली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नहीं रहेगी।

# डिग्री फर्जीवाड़ा करने में कालेज प्रबंधक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बाबूपुरवा की छात्रा से डिग्री के नाम पर ठगे थे 18 हजार रुपये

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा में बिना परीक्षा डिग्रियां उपलब्ध कराने वाले गिरोह से जुड़े राष्ट्रपाल इंटर कालेज के प्रबंधक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने आरोपी ललित मोहन को उसके घर से गिरफ्तार किया। बीती एक जनवरी को पीड़िता ने फर्जी डिग्री थमाने व अभद्रता पर आरोपी व उसकी पत्नी-बेटे के खिलाफ मुकदमा कराया था।



ललित मोहन।

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि किदवई नगर वाई-वन ब्लाक निवासी अनुष्का द्विवेदी ने एक जनवरी को मुकदमा दर्ज कराया था। अनुष्का के अनुसार मां की बीमारी के कारण वह 2022-23 में बीए तृतीय वर्ष की प्रैक्टिकल परीक्षा नहीं दे पाई थी। इस कारण वह महिला महाविद्यालय की प्रधानाचार्य से मिलने पहुंची, जहां उसकी मुलाकात आरोपी ललित मोहन से हुई। उसने खुद को सीएसजेएमयू का क्लर्क बताया। कहा कि वह विवि में रुपये जमा करके परीक्षा दिला सकते हैं। इसके लिए उसने 28 हजार रुपये की मांग की। इस पर 14 हजार रुपये भाई शिखर ने उसके कालेज में जाकर दे दिए। परीक्षा की तारीख नजदीक आने पर प्रवेश पत्र की मांग की तो बताया कि बकाया फीस जमा करनी पड़ेगी। फिर 14 हजार रुपये और दिए, लेकिन इसके बाद भी न तो प्रवेश पत्र मिला और न ही वह परीक्षा दे पाई। संपर्क करने पर कहा कि वह इंटर की मार्कशीट और चरित्र प्रमाण पत्र दे तो वह बीए की डिग्री दिलवा देगा। अप्रैल 2025 को उन्होंने भाई के जरिए इंटर सारे कागजात भिजवा दिए। उसके बाद भी डिग्री नहीं मिली। इसके बाद दरोगा का फार्म भरने के लिए डिग्री की जरूरत पर फिर आरोपी से संपर्क किया। तब उसने ऑनलाइन बीए की डिग्री का प्रिंट निकालकर दिया। कहा हादसे में घायल होने के कारण वह विवि नहीं जा पाए थे। फार्म भर दो, डिग्री दिलवा दूंगा। उसके कुछ समय बाद उसे फर्जीवाड़े का पता चला तो उसके घर शिकायत करने पहुंचीं। जहां उसकी पत्नी व बेटे ने अभद्रता की।

# होली पर उज्ज्वला बहनों को मुफ्त गैस

**कानपुर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की महिला लाभार्थियों को प्रदेश सरकार ने निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल का उपहार दिया है। कानपुर नगर में वर्तमान में 1,95,567 उज्ज्वला लाभार्थी पंजीकृत हैं। इनमें एचपीसीएल के 58,208, बीपीसीएल के 41,935 और आईओसीएल के 95,424 उपभोक्ता हैं। इन सभी को जनवरी से मार्च के बीच एक सिलेंडर रिफिल निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। एक सिलेंडर का मूल्य 868 रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार से 318 रुपये की सब्सिडी दी जाती है, जबकि शेष 550 रुपये की प्रतिपूर्ति प्रदेश सरकार कर रही है। बिठूर महोत्सव के दौरान जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने उज्ज्वला लाभार्थियों को प्रतीकात्मक गैस सिलेंडर एवं सब्सिडी का चेक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह पहल महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और सुविधा से जुड़ी है। योजना के तहत लाभार्थी का बैंक खाता आधार से लिंक और प्रमाणित होना अनिवार्य है। यह सुविधा केवल 14.2 किलो सिलेंडर पर लागू है।




## सिटी ब्रीफ

### 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर तीन के खिलाफ एफआईआर

**कानपुर।** किदवई नगर और गुजैनी इलाके में रात 10 बजे के बाद तेज आवाज में डीजे और साउंड सिस्टम बजाने के तीन मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। जूही डिपो के पास जय मां संतोषी ट्रस्ट के बाहर बिना अनुमति तेज डीजे बजाते मिले जूही रत्तू टीपी नगर निवासी अरुण गुप्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं थाना किदवई नगर के सामने एक टेंट हाउस में रात 10 :30 बजे के बाद तेज साउंड चलाने पर बर्रा कर्रही निवासी शिवा विश्वकर्मा के खिलाफ कार्रवाई की गई। तीसरे मामले में गुजैनी के दरोगा चौराहे के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा तय सीमा से अधिक आवाज में साउंड बजाने की शिकायत पर पुलिस पहुंची, लेकिन कोई नहीं मिला। इसके बाद अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बेटी को स्कूल छोड़कर लौटे युवक ने किया सुसाइड

**कानपुर।** गुजैनी में युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जरौली फेस-टू बिहारीपुरवा निवासी 43 वर्षीय प्रदीप सचान कैमरा इंस्टॉलेशन का काम करते थे। परिवार में पत्नी निधि, बेटा प्रियांश व बेटी मान्य हैं। परिजनों ने बताया कि शनिवार सुबह प्रदीप बेटी को स्कूल छोड़कर आए थे। घटना के समय पत्नी बाथरूम में थी, जबकि प्रदीप कमरे में थे। बाथरूम से निकलने पर पत्नी ने उसे आवाज दी। कोई जवाब न मिलने पर दो मंजिला मकान के कमरों में जाकर देखा तो शव फंदे से लटका पाया। परिजनों ने बताया कि प्रदीप मूलरूप से कानपुर देहात के भोगनीपुर मोहदिया गांव के रहने वाले थे। पुलिस ने जांचकर शव पोस्टमार्टम भेजा।

### नशे की लत में अधेड़ ने की आत्महत्या

**कानपुर।** नशे की लत से परेशान अधेड़ ने फंदे से लटककर जान दी दी। नशा मुक्ति का अधेड़ का इलाज चल रहा था। परिजनों के अनुसार नशे के उल्झन में यह कदम उठाया है। लालकुर्ती बाजार निवासी 50 वर्षीय सरवन नशे के लती थी। परिवार में पत्नी गायत्री, बेटा सार्थक व बेटियां अंजली व आदिति हैं। बेटे ने बताया कि नशे के कारण घर में आएदिन कलह होती थी। जिस कारण पिता का नशमुक्ति का ढाई माह से इलाज चल रहा था। इस बीच नशा न करने से उन्हें बेचैनी होती थी। शुक्रवार रात कमरे में अकेले लेटे थे, तभी रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम भेजा।

# पांचवीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

- स्कूल से लौटने के बाद भाई-बहन के साथ खेली, फिर उठाया कदम
- मां और भाई को कमरे में बंद करके फंदा लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी में शनिवार दोपहर हैरान करने वाली घटना हुई। पांचवीं की छात्रा ने भाई-बहन के साथ खेलने के बाद मां-भाई को कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद दरवाजे में दुपट्टा फंसाकर फंदे से लटक गई। परिजनों के शोर मचाने पर छत के रास्ते घर में घुसे पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़कर शव नीचे उतारा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम भेजा। 11 वर्षीय छात्रा के ऐसा कदम से उठाने से मोहल्ले वाले भी सन्न रह गए।

मूलरूप से फतेहपुर के बड़ेगांव निवासी आशाराम राजपूत सात साल से चकेरी के सनिगवां राधेनगर में रह रहे हैं। परिवार में पत्नी श्यामादेवी, बेटा हिमेश, बेटी नंदनी व 11 वर्षीय काजल थी। मां ने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे काजल स्कूल से लौटी थी। इसके बाद भाई-बहन के साथ कमरे में खेलने लगी। दो घंटे बाद करीब एक बजे वह बेटे के साथ कमरे में थीं, तभी काजल ने दरवाजा बाहर से बंद कर लिया। इसके बाद बाथरूम में रखा दुपट्टा उठाकर दरवाजे की चौखट में फंसा लिया। उसी के सहारे काजल ने गले में फंदा कस लिया। कुछ देर बाद उन्होंने शोर मचाया तो बेटी ने कोई जवाब नहीं दिया, इस पर जोर-जोर से चिल्लाने लगीं। आवाज सुनकर मोहल्ले कमे लोग एकत्र हुए और छत के रास्ते आए। दरवाजा तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए। परिजनों को कमरे से निकाले के बाद शव फंदे से उतारा। अस्पताल लेकर जाते, उससे पहले काजल की सांसे थम चुकी थीं। सूचना पर पहुचीं पुलिस व फॉरेंसिक ने जांच-पड़ताल की। परिजनों से पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम भेजा। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। बालिका ने यह कदम क्यों उठाया इसकी पड़ताल की जा रही है। परिजन अगर किसी आरोप पर तहरीर देते हैं तो कार्रवाई की जाएगी।



काजल।

### आज बर्ताव अलग था

- काजल की मां ने बताया कि वह पांचवीं कक्षा में पढ़ती थी। रोज स्कूल से लौटने के बाद मोबाइल से अपनी सहेली से बात करती थी, लेकिन शनिवार को ऐसा नहीं किया। अपने भाई व बहन के साथ खेल रही थी। अचानक पता नहीं उसके मन में क्या आया, उसने कमरे में सभी को बंद कर दिया और यह कदम उठाया। हैरानी की बात है कि उसने ऐसा सोचा कैसे।

# विधायक के समारोह में आई स्कार्पियो ने महिला को रौंदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** निरालानगर स्थित रेलवे मैदान में पेड़ के नीचे बैठी महिला को स्कार्पियो ने रौंद दिया। महिला की मौत हो गई। उसके परिजनों का आरोप है कि स्कार्पियो एक विधायक के बेटे के आशीर्वाद समारोह में आई थी। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

रेलवे मैदान के पास झोपड़ी बनाकर रहने वाला गोपाल मजूदरी करता है। परिवार में 45 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी व पांच बच्वें हैं। गोपाल ने बताया कि मैदान में एक विधायक के बेटे का आशीर्वाद समारोह था। जिसमें शामिल होने के लिए कुछ लोग स्कार्पियो से पहुंचे थे। उस समय लक्ष्मी एक पेड़ के नीचे छांव में बैठी थीं, तभी स्कार्पियो ने पीछे से उसे टक्कर मार दी। टक्कर से वह गिर गई और जोर से चीख निकली। हादसा देखकर आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो स्कार्पियो बैक हुई और लक्ष्मी पर चढ़ गई। गंभीर घायल लक्ष्मी को तत्काल समीप के अस्पताल ले गए। जहां से डाक्टरों ने हैलट रेफर किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार स्कार्पियो किदवईनगर में रहने वाली एक महिला के नाम है। गोविंद नगर थानाप्रभारी रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के भेजा गया है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई होगी।

# घरेलू कलह में युवक ने की खुदकुशी

**कानपुर।** बिधनू के सपई गांव निवासी 37 वर्षीय किसान विनोद कुमार बाजपेयी ने घरेलू कलह के चलते फंदे से लटक कर जान दे दी। विनोद कुमार खेती-किसानी के साथ अहमदाबाद में एक फैक्ट्री में काम करते थे। परिवार में पत्नी लक्ष्मी व एक बेटी है।

परिजनों ने बताया कि बीते दो माह से वह गांव में रहकर मकान बनवा रहा था। शुक्रवार रात को उसका घर में विवाद हो गया था। जिसके बाद उसने यह कदम उठाया है। बिधनू थाना प्रभारी ने बताया कि युवक नशे के लती था। शुक्रवार को वह नशे की हालत में घर लौटा तो विवाद हो गया। जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली।

# हैलट में डॉक्टरों और गार्डों में मारपीट

## बैरिकेडिंग हटाकर स्कूटी अंदर न ले जाने देने को लेकर हुआ विवाद, रायफल छीनने का भी किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में शुक्रवार देर रात डॉक्टरों की गुंडई सामने आई। इस बार डॉक्टरों ने मरीज व तीमारदारों के साथ नहीं, बल्कि आर्मी से सेवानिवृत्त होने के बाद हैलट की सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे सुरक्षा गार्डों के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि सेवानिवृत्त आर्मीमैन की राइफल भी छीनने का प्रयास किया गया। झगड़े की वजह से मरीज व तीमारदारों के बीच हड़कंप रहा।

हैलट इमरजेंसी के सामने डायग्नोस्टिक हब का निर्माण किया जा रहा है, निर्माण के दौरान किसी प्रकार कोई अनहोनी न हो सके, इसलिए बगल में इमरजेंसी के पास जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज व हैलट अस्पताल प्रशासन ने बैरिकेडिंग लगाकर उस रास्ते पर वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही देखरेख के लिए मौके पर आर्मी से सेवानिवृत्त हो चुके सुरक्षा गार्डों की भी तैनाती की गई है।

शुक्रवार देर रात बैरिकेडिंग के पास सुरक्षा गार्ड नायब सुबेदार भोला सिंह व सिपाही अकाश की ड्यूटी लगी थी। तभी रात करीब 12 बजे के बाद दोनों सुरक्षा गार्ड और कुछ डॉक्टरों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। यह देख नॉन पीजी और जूनियर डॉक्टर एकत्र हो गए।

दोनों बीच गाली-गलौज के बाद मारपीट हो गई, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल है, जिसमे डॉक्टर सुरक्षा गार्डों से गाली-गलौज करते हुए और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। कुछ डॉक्टर तो नशे में भी लग रहे हैं। करीब 20 मिनट तक चले झगड़ के बाद बचाव के लिए सुरक्षा गार्डों ने सूचना हैलट चौकी में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। साथ ही चौकी में ले जाकर पूछताछ की। सुरक्षा गार्डों ने मारपीट के दौरान राइफल छीनने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया है। सुपरवाइजर एसजी चंदेल के मुताबिक मामले के संबंध में हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.सौरभ अग्रवाल को लिखित शिकायत की गई है। डॉक्टरों द्वारा थप्पड़ मारे जाने की वजह से सुरक्षा गार्ड भोला सिंह व आकाश के गाल में सूजन आ गई है।





निर्माण कार्य की वजह से इमरजेंसी के पास लगी बैरिकेडिंग। रात को झगड़े के दौरान की फोटो। अमृत विचार

### डॉक्टरों पर होगी सख्त कार्रवाई

- हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ. सौरभ अग्रवाल ने बताया कि सीसीटीवी और वीडियो के आधार पर अस्पताल का माहौल खराब करने व मारपीट करने वाले डॉक्टरों की पहचान की जाएगी। इसके लिए सभी विभागाध्यक्षों की मदद ली जाएगी। ताकि उपद्रव करने वाले डॉक्टरों की पहचान हो सके। वीडियो में कई डॉक्टर नजर आ रहे हैं। उपद्रव करने वाले डॉक्टरों की पहचान होने पर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### तीन सदस्यीय जांच कमेटी

- प्रमुख अधीक्षक डॉ. सौरभ अग्रवाल ने बताया कि मामले की स्पष्ट जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया जाएगा, जिसमे सीएमएस डॉ.विकास कटियार, डॉ.यशवंत राव और डॉ.अनुराग राजौरिया शामिल होंगे। टीम का अध्यक्ष डॉ.यशवंत राव को बनाया जाएगा। वहीं, मामले की गहना से जांच कर टीम को एक सप्ताह में रिपोर्ट तैयार कर देना होगा। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधतों पर कार्रवाई की जाएगी।

### नशे में थे डॉक्टर

- सुरक्षा गार्ड आकाश व भोला सिंह का आरोप है कि नशे की हालत में स्कूटी सवार दो डॉक्टरों (एक पुरुष व महिला) ने बैरिकेडिंग हटाने को बोला, जिसपर उन्होंने कहा कि कॉलेज के प्राचार्य और हैलट के प्रमुख अधीक्षक का आदेश की वह अवहेलना नहीं कर सकते हैं और बैरिकेडिंग नहीं हटा सकते हैं। इसपर डॉक्टर गुस्सा हो गए और अपशब्द बोलकर वह स्कूटी को घुमाकर कैंटीन के पास ले जाकर खड़ी कर दी। कुछ देर रुकने के बाद वह चले गए और महिला डॉक्टर को छोड़ने के बाद पुरुष डॉक्टर अपने करीब 10 साथियों के साथ पहुंचे और सुरक्षा गार्डों के साथ अभद्रता शुरू कर दी। मना करने पर गाली-गलौजी की और थप्पड़ मारे। पुलिस के आने पर डॉक्टर गए।

# लापता किशोरी का शव परमट घाट पर मिला

- प्रेमी से फोन पर कहासुनी के बाद देर रात डेढ़ बजे घर से निकली थी किशोरी
- परिजनों ने कहा, उसी युवक से तय किया था रिश्ता, नाराजगी में उठाया कदम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्वालटोली में देर रात से लापता किशोरी का शव परमट घाट पर मिलने से हड़कंप मच गया। नाविकों की सूचना पर पुलिस ने जांच-पड़ताल की। परिजनों के अनुसार किशोरी का प्रेमी से फोन पर बातचीत के दौरान कहासुनी हुई थी। जिससे नाराज होकर वह घर से चली गई। नाराजगी में ही उसने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



आनंदी।

एफएम कालोनी निवासी शैलेश कुमार चाट का ठेला लगाते हैं। उनकी 17 वर्षीय बेटी आनंदी एमजी कालेज से कक्षा आठ की छात्रा थी। परिवार में पत्नी बिन्नो, बेटा समीर व कार्तिक हैं। पिता ने बताया कि बेटी करीब छह माह से पीरोड निवासी एक युवक से फोन पर बातचीत करती थी। परिजनों को इसका पता चलने पर उससे बातचीत की गई तो उसने प्रेम प्रसंग की जानकारी दी। इस पर युवक और उसके परिजनों से संपर्क कर बातचीत के बुलाया गया। दोनों परिवारों को उनके रिश्ते से कोई आपत्ति नहीं हुई। इस पर समय आने पर दोनों के घरवाले उनकी शादी के लिए राजी हो गए। पिता ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार देर रात करीब एक बजे घर के बाहर बेटी को फोन पर बातचीत करते देखा था। वह जोर-जोर से बातचीत कर रही थी, इसलिए संदेह हुआ कि उसकी फोन पर कहासुनी हुई है। करीब डेढ़ बजे उन्हें दरवाजे के पास बेटी नहीं दिखी। इस पर उसके बारे में पूछा तो पता चला कि बेटी घर से लापता है। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह करीब नौ बजे ग्वालटोली पुलिस ने परमट घाट बुलाया और शव की शिनाख्त कराई। पिता के अनुसार बेटी कहासुनी के बाद गंगा घाट पहुंची और यह कदम उठाया। फिलहाल परिजनों ने उसके प्रेमी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। ग्वालटोली थाना प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही कुछ कहा जा सकता है।

# ट्रैक्टर के पहिये के नीचे आकर युवक की मौत

- मजाक-मजाक में ट्रैक्टर चला रहा था, गिरकर पहिये के नीचे आया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सचेंडी में कंपनी की साइट पर युवक ने मजाक-मजाक में ट्रैक्टर चलाना शुरू कर दिया। तभी एक्सीलेटर तेज होने से ट्रैक्टर आगे से खड़ा हो गया। गिरकर युवक पहिए के नीचे आ गया। आनन-फानन में साथी उसे समीप के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की और परिजनों को हादसे की खबर दी।

मूलरूप से सोनभद्र के म्योरपुर निवासी 42 वर्षीय अशर्फीलाल आरएमसी कंपनी में काम करते थे। सचेंडी में कंपनी की पाइप बिछाने की साइट चल रही है। जहां कई माह से काम चालू है। अशर्फीलाल करीब दो माह से काम कर रहे थे। परिवार में पत्नी लक्ष्मी, दो बेटे कमलेश व ब्रजेश और एक बेटी है। बहनोई सीताराम ने बताया कि शुक्रवार शाम को खाना खाने के बाद अशर्फीलाल साइड परिसर में ही टहल रहे थे। तभी समीप ही खड़ा ट्रैक्टर चलाने की उसने इच्छा जताई। साथियों ने मना किया, लेकिन मजाक-मजाक में वह ट्रैक्टर पर बैठ गया और चाभी लगाकर स्टार्ट कर दिया। इसके बाद चलाने के लिए एक्सीलेटर दबाया, लेकिन तेज एक्सीलेटर के कारण ट्रैक्टर खड़ा हो गया। तभी ड्राइविंग सीट से अशर्फीलाल नीचे गिर गया। पिछले पहिए के नीचे आकर घायल हो गया।

### ऑटो की टक्कर से घायल अधेड़ की मौत

- **कानपुर।** कल्याणपुर में बिजली का बिल जमा करने जा रहे आटा चक्की संचालक को तेज रफ्तार ऑटो टक्कर मार दी। घायल को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद ऑटो चालक भाग निकला। कल्याणपुर के न्यू शिवली रोड स्थित श्याम विहार निवासी 48 वर्षीय प्रदीप कुमार की आटा चक्की है। चक्की संचालन के साथ निजी विद्यालय की बस में कंडक्टर भी थे। परिवार में पत्नी श्रीमती, बेटी जागृति और बेटा सुमित है। बड़े भाई प्रेमनाथ ने बताया कि शुक्रवार को प्रदीप बिजली का बिल जमा करने पैदल जा रहे थे। रास्ते में नेपाली मंदिर के पास तेज रफ्तार ऑटो उन्हें टक्कर मारकर भाग निकला। हादसे में भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्काल उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर शनिवार को डॉक्टर ने हैलट रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### ऑटो से गिरकर युवक की गई जान

- **कानपुर।** कैंट में ऑटो से उतरते समय युवक सिर के बल सड़क पर गिर पड़ा। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। कैंट के बनिया बाजार निवासी 29 वर्षीय मंटू ऑटो चालक था। परिवार में पत्नी व चार वर्षीय बेटा है। साले शेरू ने बताया कि मंटू उनके साथ ही रहता था। शुक्रवार को वह ऑटो लेकर आया था। एक्सीलेटर के पास कोई तार पड़ा था, जो उतरते समय पैर में फंस गया। जिससे वह सिर के बल सड़क पर गिर पड़ा। सिर में गंभीर चोट आने से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# एमबीबीएस सीट एलॉटमेंट के नाम पर हड़पे 6 लाख

- खुद को मेडिकल कालेज का प्राचार्य बताया था आरोपी ने

**कल्याणपुर।** पटना मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की सीट अलॉटमेंट करने के नाम पर शातिर ने खुद को मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल बता पौने छह लाख की रकम हड़प ली। पीड़ित ने शिकायत साइबर सेल में कर कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कल्याणपुर कला निवासी सुनील कुमार के मुताबिक डॉ प्राजुंल पंकज उनके घनिष्ठ मित्र है। गत 16 फरवरी को प्रांजल के मोबाइल पर खुद को पटना मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल बताने वाले डा आरबी गुप्ता ने उन्हें फोन कर कॉलेज में जब का ऑफर दिया। जिस पर प्राजुंल की अरबी गुप्ता से बातचीत होने लगी। इसी बीच 21 फरवरी को आरबी गुप्ता ने प्रांजुल को कॉलेज में एमबीबीएस की एक सीट खाली होने की बात बताई। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने अपनी बेटी अदिति को दाखिला दिलाने की इच्छा जाहिर की। जिसपर डा आरबी गुप्ता ने सीट एलॉटमेंट के नाम पर उनसे ऑनलाइन चार लाख रुपए जमा करा लिए। साथ ही 22 फरवरी को पटना आकर अलॉटमेंट लेटर ले जाने की बात कही। अगले दिन जब वह पटना पहुंचे, तो डॉ आरबी गुप्ता ने साढ़े तीन लाख रुपए और जमा करने पर एलॉटमेंट लेटर देने की बात कही। जिसपर उन्होंने आनन-फानन अपने रिश्तेदारों से एक लाख 75 रुपए लेकर और जमा कर दिए। रकम जमा होने के बाद डॉ आरबी सिंह का मोबाइल बंद हो गया।

# युवती से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा

- गोविंदनगर का मामला, शादी का झांसा देकर युवती से किया था दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंदनगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ शारीरिक शोषण व अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था।

गोविंदनगर निवासी युवती के अनुसार 2022 में आरोपी हमीरपुर के लडपुरा गांव निवासी दीपक मकोले से उसकी मुलाकात हुई थी। उस समय आरोपी दादानगर के एक होटल में नौकरी करता था। इसके बाद उनके बीच बातचीत शुरू हुई। घर पर भी उसका आना-जाना शुरू हो गया। 2024 में आरोपी ने घर पर आने के बाद शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान उसका अश्लील वीडियो बनाने के साथ ही फोटो भी खींच ली। शादी का दबाव बनाने पर आरोपी ने अश्लील वीडियो व फोटो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। गोविंदनगर थाना प्रभारी रिकेश सिंह ने बताया कि आरोपी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने, धमकाने और आईटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

# पत्नी की धमकी से डरकर जान दी

- परिजनों का आरोप, फोन पर उसकी पत्नी जेल भिजवाने की दे रही थी धमकी

**10** दिन पहले विवाद के बाद पत्नी चली गई थी मायके, नंबर भी किया था ब्लाक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर में पत्नी मायके से नहीं लौटी तो सब्जी विक्रेता ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। आरोप है कि युवक की पत्नी मुकदमा दर्ज कराकर जेल भिजवाने की धमकी दे रही थी। जिस कारण उसने यह कदम उठाया है।

मसवानपुर निवासी 30 वर्षीय अरसद सब्जी विक्रेता थे। परिवार में पत्नी रश्मि व बेटा हैदर है। परिजनों ने बताया कि अरसद शराब का लती था। जिस कारण अक्सर घेरलू कलह होती थी। 10 दिन पहले दोनों के बीच विवाद के बाद पत्नी बच्चे को लेकर मसवानपुर स्थित मायके चली गई थी। उसके बाद वह वापस नहीं आ रही थी। अरसद ने कई बार पत्नी को फोन करके घर आने की बात कह रहा था। आरोप है कि पत्नी वापस आने के बजाय मुकदमा दर्ज कराकर उसे व उसके परिवार को जेल भिजवाने की धमकी दे रही थी। शुक्रवार को भी अरसद ने पत्नी को फोन किया, लेकिन उसने नंबर ब्लॉक कर दिया था। उसने अपने भाई के मोबाइल से कॉल किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई।

### कंबल में लपेटकर महिला का शव नाले में फेंका

- कल्याणपुर संवाददाता। पनकी में एक महिला का शव कंबल में लिपटा नाले में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस व फील्ड यूनिट की टीम ने मौका मुआयना कर लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। क्षेत्रीय लोगों ने महिला की हत्या के बाद शव कंबल में लपेट कर नाले में फेंकने की आशंका जताई है। पनकी के गणेश शंकर विद्यार्थी नगर स्टेशन मोड़ के पास शनिवार को एक लगभग 35 वर्षीय महिला का शव कंबल से लिपटा हुआ नाले में पड़ा मिला। नाले में महिला का शव देखकर हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकलवाया। महिला के शरीर पर पीले रंग में सफेद धारीदार कुर्ता, गुलाबी रंग की सलवार व नाक में बाली थी।

हंगामा

## हिंदू संगठन ने अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की

# नगर निगम के पार्कों में कब्जा कर रहे विशेष वर्ग के लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम की खाली जमीनों और पार्कों में अवैध रूप से किए गए कब्जों के विरोध में शनिवार को हिंदू संगठन ने नगर निगम मुख्यालय में पहुंचकर प्रदर्शन किया। संगठन में शामिल पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने एक विशेष वर्ग पर जमीन कब्जाकर उसमें धार्मिक स्थल बनाने का भी आरोप लगाया। मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन की जानकारी पर अपर नगर आयुक्त जब बाहर आए तो प्रदर्शनकारियों ने उन्हें चूड़ियां भेंट करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस वालों ने उन्हें रोक दिया।

हिंदू संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपर नगर आयुक्त मो. आवेश को ज्ञापन दिया। संगठन के कृष्णा तिवारी ने कहा कि नगर निगम के खाली पार्क और जमीनों पर सुनियोजित रूप से दुकान और मकान बनाकर कब्जे किए जा रहे हैं। एक विशेष वर्ग ने तो कब्जाकर अपना धार्मिक स्थल तक बना लिया है। संघ परिवार के एक व्यक्ति की दुकान पर विष्णुपुरी क्षेत्र में ध्वस्तीकरण का नोटिस दिए बिना बुलडोजर चलाया गया। कहा कि अगर तय समय पर संबंधित कब्जायुक्त पार्क व जमीन पर बुलडोजर न चला तो जिन अधिकारियों ने कार्यकर्ता की दुकान पर बुलडोजर चलाया था। उनको चूड़ी पहनाई जाएगी। उन्होंने अपर नगर आयुक्त को बताया कि जोन-छह के जोनल अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कब्जेदारों के साथ शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है। अपर नगर आयुक्त मो. आवेश खान ने बताया कि जोन छह उद्यान के संबंध में ज्ञापन दिया गया है, अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। चूड़ी नहीं भेंट की गई है।



नगर निगम मुख्यालय में अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन देते हिंदू संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

सिटी ब्रीफ

### संगीता गुप्ता बनीं रोटरी की असिस्टेंट गवर्नर



संगीता गुप्ता।

कानपुर। रोटरी क्लब की अध्यक्ष संगीता गुप्ता के उत्तम कार्य को देखते हुए रोटरी मंडल 3110 कानपुर जोन का असिस्टेंट गवर्नर बनाया गया है। उन्हें मंडलाध्यक्ष 2026-27 जसबीर भाटिया द्वारा नामित किया गया है। रोटरी क्लब न्यू कानपुर के क्लब अध्यक्ष सचिन गुप्ता, अनुराग गुप्ता असिस्टेंट गवर्नर 2025-26, नवीन, मोहिनी निगम, चेयर पर्यावरण संरक्षण 2025-26 ने उन्हें बधाई दी।

### आदेश के बाद भी नहीं मिली पेंशन

कानपुर। सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएल गुलाबिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा व एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार की घोषणा और आदेश के बावजूद 28 फरवरी तक पेंशनरों की पेंशन नहीं आई। ऐसे में करीब 40 लाख पेंशनरों के सामने यही संकट गहरा रहा है कि वह होली का पर्व कैसे मनाए। संगठन के पदाधिकारियों ने आक्रोश सहित खेद व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद सिस्टम की उदासीनता के चलते पेंशन नहीं मिली।

### 25 कर्मी हुए सेवानिवृत्त

कानपुर। प्रमिला सभागार में शनिवार को 25 सफाई कर्मचारी, तीन वरिष्ठ लिपिक, दो चपरासी, दो मोटर फिलर व दो सफाई नायक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए है, जिनको सभी देयकों मय पेंशन बुक के साथ प्रदान की गई। महापौर प्रमिला पांडेय ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों से कहा कि यह पैसा पूरी तरह परिवार को मत दीजिएगा, कुछ पैसा अपने पास रोकना।

# नवाचार अर्थव्यवस्था में शहर बनेगा उत्तर प्रदेश का इंजन

## नीति निर्माताओं, वेंचर कैपिटलिस्ट्स और स्टार्टअप कंपनियों के संस्थापकों ने लिया हिस्सा

टाईकॉन-यूपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाचार आधारित विकास में देश को महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए होटल ताज इटर्निटी में शनिवार को आयोजित प्रदेश की सबसे बड़ी एंटरप्रेन्योरशिप कॉन्फ्रेंस टॉई-यूपी में 20 बड़ी वेंचर कैपिटल फर्म्स, 45 इंडस्ट्री लीडर्स और देश-विदेश से बड़ी संख्या में फाउंडर्स और इकोसिस्टम स्टेकहोल्डर्स ने शामिल होकर प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे स्टार्टअप और व्यवसायिक इकोसिस्टम को अपना मजबूत समर्थन दिया। कार्यक्रम में 20 स्टार्टअप्स ने अपनी प्रस्तुति दी, जिनमें से आठ को अंतिम चरण के लिए चुना गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में बालाजी वेफर्स के फाउंडर और सीएमडी चंदू भाई विरानी ने "वाइन्डस ऑफ चेंज इन यूपी" स्थायी सफलता केवल अल्पकालिक कंपनी मूल्यांकन से नहीं बल्कि मजबूत संचालन व्यवस्था, प्रभावी वितरण नेटवर्क और दीर्घकालिक निरंतर प्रयासों से प्राप्त होती है। उद्यमियों को केवल लाभ और विकास तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि एक अच्छा इंसान बनने के साथ समुदायों का सहयोग, दूसरों को अवसर देने तथा सामाजिक उत्तरदायित्व पर आधारित व्यवसाय स्थापित करना चाहिए। टाईकॉन-यूपी के चेयरमैन संजीव श्रिया ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस प्रदेश की उद्यमिता क्षमताओं में बढ़ते राष्ट्रीय विश्वास का संकेत है। एक ही मंच पर नीति निर्माताओं, इंडस्ट्री लीडरशिप और प्रमुख वेंचर कैपेलिस्टस की उपस्थिति बताती है कि राज्य को अब केवल उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि उद्यम निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और प्रौद्योगिकी-आधारित नवाचार के सेंटर (केंद्र) के रूप में देखा जा रहा है। सरकार, शिक्षण संस्थानों और प्राइवेट पूंजी के बीच सतत सहयोग इस गति को दीर्घकालिक निवेश, रोजगार सृजन और प्रदेश से उभरने वाली वैश्विक प्रतिस्पर्धी कंपनियों में परिवर्तित करने के लिए जरूरी होगा।



कार्यक्रम में विचार रखते एक्सपर्ट्स। अमृत विचार

- पूंजी, तकनीक और व्यवसाय के विस्तार पर चर्चा ने नवाचार के बढ़ते प्रभाव की झलक दिखाई

विषयगत सत्रों में 'जीरो टू यूनिकॉर्न- ऑल यूनिकॉर्न स्टार्ट फ्रॉम एन आइडिया' ने स्टार्टअप यात्रा के बुनियादी स्वरूप पर प्रकाश डाला गया।

डीपटेक और रक्षा क्षेत्र पर केंद्रित संवाद में अनुसंधान संस्थानों और उन्नत विनिर्माण उद्यमों के बीच सहयोग पर चर्चा हुई। अगली पीढ़ी के नेतृत्व पर आयोजित सत्र में संस्थागत प्रशासन, डिजिटल एकीकरण और रणनीतिक विस्तार पर विशेष जोर दिया गया।

कॉन्फ्रेंस ने संस्थापकों और निवेशकों के बीच सीधे संवाद का अवसर भी दिया। इसके अंतर्गत विशेष मास्टरक्लास में फंड जुटाने की तैयारी और लंबे समय तक मूल्य निर्माण पर सरल, व्यावहारिक और क्रियान्वयन-उन्मुख मार्गदर्शन दिया गया।

समापन सत्र में नीति निर्माताओं और इकोसिस्टम से जुड़े लीडरों ने अगले दस वर्षों में प्रदेश के तेजी से बढ़ते व्यवसायों को समर्थन देने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर, नियमों को आसान बनाने और लगातार निवेश उपलब्ध कराने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन, इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय किरण आनंद तथा आईआईटी के निदेशक प्रो. मनिंद्र अग्रवाल के अलावा अतिरिक्त टॉई यूपी के अध्यक्ष एवं असिस्टेंट सोशल प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. राव विक्रम सिंह तथा रीजेंसी हॉस्पिटल के मैनेजिंग पार्टनर डॉ. अतुल कपूर उपस्थित रहे।

### दुनिया भर में अशांति के बीच भारत काफी मजबूत : सुधांशु

- राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने 'इंडिया‹bha›@‹/bha› 2030 सत्र में कहा कि आज जब दुनिया में चारों ओर युद्ध और अशांति का माहौल है, तब स्थिरता और शांति की स्थितियां भारत को मजबूत बना रही हैं। अमेरिका से लेकर यूरोप तक ट्रेड डील से निर्यात का माहौल बना है। इससे दिग्गज कंपनियां भारत में आने के लिए तैयार हैं। ब्रह्मोस मिसाइल के डिजाइन से लेकर निर्माण में देश के विज्ञान और उद्यम की शक्ति का मेल दिखा है। उन्होंने सरकारी योजनाओं, राम मंदिर निर्माण के बाद अयोध्या में आर्थिक विकास, पूरे प्रदेश में एयरपोर्ट के विस्तार और बिजली सप्लाई के इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत बनाने वाली योजनाओं पर भी चर्चा की।



प्रदर्शनी में रखे गए फूल। अमृत विचार

# विदेशी फूलों ने किया आकर्षित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आजाद नगर में कानपुर फ्लोरीकल्चर सोसायटी ने 28 फरवरी व एक मार्च को दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया। इस बार प्रदर्शनी को सात भागों में विभक्त करके 133 वर्गों में बाटां गया, जिसमें करीब 500 प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में इक्जोटिक (विदेशी) व इन्ट्रीजीनस (सुस्थापित) पुष्प जैसे लिलियम, रैनकुलस, पॉपी, प्राइमुला, आइरिस, फ्रीजिया व बेगोनिया आदि का प्रदर्शन बेहतर किया गया। फ्लावर शो की कार्यशालाओं में दर्शको ने प्रतियोगियों से विचार विमर्श कर उत्पादन तकनीक सीखीं। फल-सब्जियां व उनसे बने संरक्षित पदार्थो को भी प्रदर्शित किया गया। कानपुर फ्लोरी कल्चर सोसायटी व जेके स्कूल द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में करीब 200 बच्चों ने भाग लिया। आवासीय विद्यालय व शैक्षिक संस्थानों की प्रतियोगिताओं में 60 प्रतिभागी शामिल हुए। जिनको काफी कुछ सीखने को मिला। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष ऊषा जी झुनझुनवाला, सचिव राजश्री डालमिया, सदस्य कंचन गर्ग, मनोज गुप्ता, भारती गर्ग, अंजली अग्रवाल, आभा अग्रवाल, अंजुला गुप्ता, रश्मी वैद, रीत भार्गव, सर पदमपत सिघानियां एजूकेशन सेंटर की प्रधानाध्यापक भावना गुप्ता व उनकी टीम समेत आदि लोग रहे।



हाट बाजार में उत्पाद देखतीं महिलाएं। अमृत विचार

### हाट बाजार में उत्पादों का आकर्षण

कानपुर। ज्योति महिला समिति की ओर से शनिवार को देसी हाट का आयोजन हुआ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व होली पर हुए आयोजन में विभिन्न प्रकार के समान का प्रदर्शन किया गया। घरेलू उत्पाद चिप्स, पापड़, मंगोडी, अचार, हाथ के बने पर पर्स, पोटली, सजावट का सामान हैंडमेड ज्वेलरी, ऑथेंटिक ज्वेलरी टेराकोटा ज्वैलरी जयपुरी चादर सूट जूतियां विशेष आकर्षण रही। कार्यक्रम की शुरुआत एमएलसी अरुण पाठक ने की। मुख्य अतिथि महापौर प्रमिला पांडे ने सभी को प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला उद्यमी प्रेरणा वर्मा ने लोगों को अपने सुझाव दिए विशिष्ट अतिथि डॉ दिव्या चौधरी ने सभी की बहुत सराहना की। समिति की अध्यक्ष सरिता गुप्ता, सचिव सीता मिश्रा, अनीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रेखा श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

# सीएसए-बर्रा तक पटरी का काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसए से बर्रा-8 तक मेट्रो संचालन के लिए उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने निर्माणाधीन कॉरिडोर-2 रैंप से काकादेव स्टेशन के बीच रेल पटरियां बिछाने और वेल्डिंग का कार्य शुरू कर दिया है।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार के मुताबिक रेल पटरी को बिछाने व वेल्डिंग के लिए कॉरिडोर-2 डिपो के पास रैंप में एफबीडब्लू (फ्लैश बट्ट वेल्ड) प्लांट को क्रेन के माध्यम से जमीन के नीचे उतारा गया। इस प्लांट की मदद से रेल पटरियों की वेल्डिंग की जा रही है, जिसके बाद ट्रैक्टर्स व अन्य उपकरणों की मदद से इसे अंडरग्राउंड टनल में बिछाया जा रहा है। रेल पटरियों को बिछाने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ट्रैक स्लैब की ढलाई का कार्य शुरू किया जाएगा। ट्रैक में डिरेलमेंट गार्ड व थर्ड रेल लगाने की व्यवस्था भी की जाएगी। कानपुर मेट्रो में ट्रेन परिचालन के लिए बैलास्ट-लेस (गिट्टी-रहित) ट्रैक का प्रयोग होगा। मेट्रो ट्रैक की रेल पटरियां हेड हार्डेंड तकनीक से बनाई गई हैं। ऐसी रेल पटरियों का प्रयोग हाई स्पीड फ्रेट कॉरिडोर में भी किया जाता है। मेट्रो के बैलास्ट-लेस ट्रैक में रखरखाव की कम से कम आवश्यकता पड़ती है और इनका जीवन चक्र भी लंबा होता है। अंडरग्राउंड सेक्शन में कंपन और शोर को अवशोषित करने के लिए ट्रैक में जगह-जगह पर मास स्प्रिंग सिस्टम का भी प्रयोग किया जाएगा।



मेट्रो के संचालन के लिए रेल पटरी पर कार्य करता कर्मी। अमृत विचार

- हेड हार्डेंड तकनीक से निर्मित की गई रेल पटरी, मेट्रो को मिलेगी रफ्तार

### कारखानों में थर्ड पार्टी ऑडिट की व्यवस्था

कानपुर। प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में स्थापित नवीन निरीक्षण प्रणाली के तहत औद्योगिक प्रतिष्ठानों में जोखिम आधारित नवीन निरीक्षण प्रणाली/थर्ड पार्टी निरीक्षण (ऑडिट) की व्यवस्था की है। कारखानों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों को कम जोखिम, मध्यम जोखिम एवं उच्च जोखिम में बांटा गया है। कम जोखिम वाले प्रतिष्ठानों का निरीक्षण ऑडिट थर्ड पार्टी से कराने की व्यवस्था की गयी है। अपर श्रमायुक्त, कानपुर क्षेत्र पीके सिंह ने बताया कि थर्ड पार्टी ऑडिट योजना लागू करते हुए श्रम कानून ऑडिटर फर्म एवं तकनीकी ऑडिटर फर्म एवं तकनीकी ऑडिटर फर्म की परिभाषा, कर्तव्य, उत्तरदायित्व एवं पात्रता शासनादेश में तय की गई है। आवेदन पत्रों का कार्यालय स्तर पर परीक्षण के बाद पात्र संस्था को श्रम कानून ऑडिटर फर्म फर्म के रूप में मान्यता प्रदान करते निर्धारण किया जायेगा।



उद्यमी महिलाओं को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

# मिलेट्स, बुकनू से लिखी कामयाबी की कहानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'लखपति दीदी' अभियान का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में सिर चढ़कर बोल रहा है। सरकार की नीतियां महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में कारगर साबित हो रही हैं। घाटमपुर ब्लॉक के गोपालपुर गांव की पप्पी सचान की सफलता यही कहानी बयां करती है। उन्होंने अपने व्यवसाय में बुकनू के पारंपरिक स्वाद के साथ वर्तमान में बड़ी मांग वाले मिलेट्स का ऐसा तालमेल बिठाया कि आज उनका स्वयं सहायता समूह लाखों का कारोबार कर रहा है।

पप्पी सचान ने वर्ष 2013 में 'मिलन स्वयं सहायता समूह' से जुड़कर छोटे स्तर पर काम शुरू किया था। उनके मुताबिक शुरू में चुनौतियां बहुत थीं, लेकिन सरकारी योजनाओं और समूह के सहयोग से उनकी राह आसान होती गई। समूह के लिए साल 2017 में 50 हजार का लोन मिला, फिर डेढ़ लाख का। साल 2025 में 6 लाख रुपये लोन मिला। इससे कारोबार बढ़ता गया। अब समूह की महीने में एक लाख से अधिक की कमाई होती है। पप्पी सचान अपने व्यवसाय में पारंपरिक बुकनू मसाला के साथ सरकार की प्राथमिकता वाले 'मिलेट्स' (श्रीअन्न) के आटे की पैकिंग और बिक्री का काम करती हैं। इसके लिए उन्होंने एक छोटी पैकिंग यूनिट भी स्थापित की है, जिससे स्थानीय बाजार में उनके उत्पादों की मांग काफी बढ़ चुकी है। इससे आज उनकी मासिक आय एक लाख रुपये से ऊपर पहुंच चुकी है।

### सीए अंकुर गोयल बने अध्यक्ष

कानपुर। सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल, द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की बैठक हुई। जिसमें वर्ष 2026-27 के लिए नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इनमें सीए अंकुर गोयल (कानपुर) को अध्यक्ष चुना गया। सीए अंकुश जैन (इंदौर) को सीआईआरसी का उपाध्यक्ष चुना गया।

# होली में नहीं होगी पानी की कमी, फुल होगी आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर दो मार्च से पांच मार्च तक जलकल विभाग द्वारा अतिरिक्त जलापूर्ति की जाएगी। इसके अलावा कानपुर के ऐतिहासिक गंगा मेला के दिन 10 मार्च को भी विशेष जलापूर्ति की जाएगी। वहीं, जल लाइन से आच्छादित न होने वाले क्षेत्रों में टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे। 15 टैंकर आरक्षित रखे जाएंगे।

नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने होली व गंगामेला की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने जलकल विभाग को तीन त्वरित प्रतिक्रिया दल गठित करने और सभी दल को 24×7 सक्रिय रहकर शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। समीक्षा में जोनवार अधिकारियों ने उन्हें बताया कि जोन-1 में 76, जोन-2 में 133 और जोन-3 में 98 होलिका दहन स्थल चिन्हित कर आवश्यक समतलीकरण, मिट्टी डालने व मार्गों पर पैचवर्क का कार्य पूरा कर लिया गया है। गंगा मेला के तहत सरसैया घाट पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी स्थलों का दोबारा निरीक्षण कर सुरक्षा व सुगमता सुनिश्चित की जाए।

महोत्सव — तीन दिवसीय बिठूर महोत्सव का शानदार समापन

# लट्ठमार होली और दीपमालाओं से चमका महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** तीन दिवसीय बिठूर महोत्सव का अंतिम दिन लोक संस्कृति, शास्त्रीय परंपरा और आस्था के अद्भुत संगम का साक्षी बना। दिनभर ब्रज, बुंदेलखंड और पंजाब की लोक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्सवमय बनाए रखा, जबकि संध्या में पत्थर घाट पर हुई गंगा आरती ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। लोक से शास्त्र तक का संगम, लट्ठमार की गूंज के साथ पत्थर घाट पर झिलमिलाई आरती। लोक रंगों की गूंज के बीच बिठूर महोत्सव का भव्य समापन हुआ। पत्थर घाट पर विधानसभा अध्यक्ष ने मां गंगा का पूजन किया।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पत्थर घाट पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां गंगा की आरती में सहभागिता की और पूजन किया। अध्यक्ष ने विभिन्न कलाकारों को सम्मानित भी किया।



महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। अमृत विचार

विधायक बिठूर अभिजीत सिंह सांगा ने बिठूर महोत्सव के प्रोत्साहन के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की सराहना की। कार्यक्रमों के क्रम में गिरराज ब्रज लोक कला संस्थान के कलाकारों ने दीपक शर्मा के नेतृत्व में ब्रज की पारंपरिक होली का मंचन किया। राधा-कृष्ण और गोपियों के साथ फूलों से होली खेली गई। रमेश पाल की टीम ने बुंदेलखंड का प्रसिद्ध पाई-डंडा नृत्य प्रस्तुत किया।

पंजाब की परंपरा का प्रतिनिधित्व करते हुए रुपिंदर सिंह एवं उनकी टीम ने मार्शल आर्ट 'गतका' का प्रदर्शन किया। शास्त्रीय संगीत में हरिहरपुर घराने के मोहन मिश्रा ने गायन प्रस्तुति दी। वहीं श्वेता वर्मा और उनकी टीम ने कत्थक पेश किया। सांध्य सत्र में पत्थर घाट दीपमालाओं से आलोकित हो उठा। पंडित कालीचरण दीक्षित के नेतृत्व में गंगा आरती सम्पन्न हुई। बनारस घराने से जुड़े अंशुमन महाराज ने काशी रस वाद्यवृंद जुगलबंदी प्रस्तुत की।

### त्योहारों के मद्देनजर किया फ्लैग मार्च

बिल्हौर। होली और ईद के त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। शनिवार देर रात ककवन कस्बे में थाना प्रभारी जितेंद्र राजपूत की अगुवाई में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने कस्बे के मुख्य चौराहों से लेकर तंग गलियों तक पैदल गश्त की। इस मार्च का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में सुरक्षा का भाव पैदा करना और अराजकतत्वों को कड़ा संदेश देना था। पुलिस बल ने क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। खास बात यह रही कि इसमें स्थानीय थाने की फोर्स के साथ-साथ अन्य थानों का अतिरिक्त पुलिस बल भी मौजूद रहा।


अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं **सन्जू धुरिया पुत्री मिठाई लाल निवासी ग्राम सेमरीकला पोस्ट खानपुर तहसील लंभुआ जिला सुल्तानपुर** की हूँ। मेरी एक कृषि भूमि का बैनामा ग्राम मुस्तफाबाद तहसील बांगरमऊ, उन्नाव से गायब हो गयी है। जिसका दस्तावेज नंबर 5993 है जो दिनांक 15/11/2025 को बैनामा किया गया था। अत: जिस किसी व्यक्ति को मिला हो वह 9466444767 इस नम्बर पर सूचना देकर वापस कर सकता है।

**Public Notice**

I, Shawana Praveen (Old Name) D/o Khursheed Ahmad, resident of H.No. 273, Shah Qa-mar, New City, Etawah, Uttar Pradesh, have changed my name from Shawana Praveen (Old Name) to Shabana Parveen (New Name). Hence-forth, I shall be known and identified as Shabana Parveen (New Name) for all purpose.

**सूचना**

मेरा नाम ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटिवश प्रदीप कुमार सिंह दर्ज है। जबकि आधारकार्ड, पैन कार्ड व अन्य अभिलेखों में प्रदीप सिंह दर्ज है। दोनों नाम मेरे है। अत: अब मुझे प्रदीप सिंह के नाम से जाना पहचाना और ड्राइविंग लाइसेंस में दर्ज किया जाए। **प्रदीप सिंह पुत्र सहदेव सिंह निवासी सूरजपुर गुमानखेड़ा पोस्ट देवगांव, थाना खीरो, तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली**

**Public Notice**

I, DEEPAK S/O MR. NANHA, R/O-VILL-RAIPUR, POST-PAKHARAURA, PS-SAFIPUR, UNNAO, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO DEEPAK KUMAR, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS DEEPAK KUMAR.

**सूचना**

मैं ने अपना नाम MOHAMMAD MUSTAKEEM से बदल कर MOHD MUSTAKEEM रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: MOHD YUSUF R/O:18,A, BHAUSIYA SALHIPUR KANJASH PRATAPGARH UTTAR PRADESH 230403

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि प्रार्थी के पासपोर्ट में नाम की वर्तनी WAHAJUL HAQUE लिखी है जबकि अन्य दस्तावेज़ में WAHAJUL HAQ दर्ज जो कि सत्य है। दोनो एक ही नाम है। **वहाजुल हक़ म0न0 377 बेगरिया मदरसा अलमोमिनात, दुबग्गा लखनऊ।** 226101

**सूचना**

मैने अपना नाम MEENU MEHTA से बदलकर MEENU SINHA रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MEENU SINHA ADD-PLOT NO-11, KHASRA No-71, SAIDPUR JAGIR, JANKIPURAM, EXTENTION, DIST-LUCKNOW-226021 (U.P.)

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि प्रार्थनी FATIMA ZAHRA ने अपना नाम बदल कर AYESHA FATIMA रख लिया है। जो कि सत्य है। दोनो एक ही नाम है। **आयशा फातिमा पत्नी रियाजुद्दीन म0न0 377 बेगरिया मदरसा अलमोमिनात, दुबग्गा लखनऊ।** 226101

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि प्रार्थनी के पासपोर्ट में नाम की वर्तनी RASHIDA KHATUN लिखी है जबकि अन्य दस्तावेज़ में RASHEEDA KHATOON दर्ज जो कि सत्य है। दोनो एक ही नाम है। **रशीदा खातून म0न0 377 बेगरिया मदरसा अलमोमिनात, दुबग्गा लखनऊ।** 226101

**सूचना**

पहले मेरा नाम ABDUL KALAM AZAD था अब मैने बदलकर अपना नाम ABDUL KALAM रख लिया है भविष्य में मुझे ABDUL KALAM के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O-ABDUL SUBOOR R/O- MOHLLA KAZI TOLA KANNAUJ-209725

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMED SAMEER था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD SAMEER रख लिया है भविष्य में मुझे MOHD SAMEER के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O-MOHAMMAD MUBEEN R/O- VILL-RASOOLPUR TIKNIYAMAU GOSAAIGANJ, LUCKNOW



**सूचना**

पहले मेरा नाम ABDUL KALAM AZAD था अब मैने बदलकर अपना नाम ABDUL KALAM रख लिया है भविष्य में मुझे ABDUL KALAM के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O-ABDUL SUBOOR R/O- MOHLLA KAZI TOLA KANNAUJ-209725



**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHD IJAHAR था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD IZHAR रख लिया है भविष्य में मुझे MOHAMMAD IZHAR के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- KASIM ALI R/O- AKBARI GET JOGIYANA POST- MOHAN UNNAO

## सिटी ब्रीफ

### नवाचार पर जोर

**कानपुर।** एचबीटीयू में शनिवार को दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस एडवांसेज़ इन फार्मास्युटिकल एंड बायोलॉजिकल साइंसेज़ में नवाचार पर जोर दिया गया। सम्मेलन के समापन युवाओ को शोध को तेज गति से पूरा करने का सुझाव दिया गया। दूसरे दिन की शुरुआत टेक्निकल सेशन से हुई, जिसमें बायोटेक्नोलॉजी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस सत्र में डॉ. सुधीर कुमार शुक्ला, प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर लखनऊ ने शोध आयामों पर व्याख्यान दिया। साथ ही आरके ऑडिटोरियम, एचबीटीयू, कानपुर में वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा 10 से 12 तक के स्कूली छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। सम्मेलन में डॉ. निशा शर्मा, डॉ. शिल्पा देशपांडे कायस्थ, डॉ. महेंद्र कुमार गोहिल, अध्यक्ष प्रो. ललित कुमार सिंह ने विचार व्यक्त किए।

### नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

**कानपुर।** डां अम्बेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फार दिव्यांगजन में सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं टेक्निकल वार्षिकोत्सव शंखनाद में युवाओ ने प्रतिभा दिखाई। समापन में विभिन्न टेक्निकल एवं साहित्यिक इवेंट्स के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक की थीम आज के बच्चों द्वारा मोबाइल टेलीविजन पर देखी गई रील को अपने आसपास इंप्लीमेंट करने की प्रवृत्ति जिसके दुष्प्रभाव के संबंध में दर्शाया गया। छात्रों ने सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग एवं कलयुग की झलक प्रस्तुत की।

### प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण दिया

**कानपुर।** सीएसए विवि द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन योजना के अंतर्गत ग्राम जसापुर, विकासखंड झींझक में एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। निदेशक प्रसार डॉ वीके त्रिपाठी ने कहा कि प्राकृतिक खेती एक रसायन मुक्त पशु आधारित और टिकाऊ कृषि पद्धति है, जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति एवं गुणवत्ता को बढ़ाता है।

### लिंक खोलते ही खाते से 49 हजार पार

**कानपुर।** गुजैनी थाना क्षेत्र के रविदास पुरम निवासी उमा गुप्ता के बैंक खाते से फर्जी लिंक खोलने पर 49 हजार रुपये पार हो गए। पीड़िता के मुताबिक बीते 8 अगस्त को उनके मोबाइल पर एक संदिग्ध लिंक आया था। जिसे उनके बेटे ने खोल दिया। इसके बाद उनके खाते 49 हजार रुपये कट गए। ठगी का पता चलते ही उन्होंने राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी का कहना है कि पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# 10 मार्च को होली मेला, निकलेगा रंग भरा ठेला

## रज्जनबाबू पार्क में डीएम करेंगे मेले की शुरुआत, पुलिस बैंड तिरंगे को देगा सलामी, जोश में निकलेंगे होरियारे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर का एतिहासिक होली गंगा मेला इस बार10 मार्च को होगा। हटिया स्थित रज्जनबाबू पार्क से रंग भरा ठेला शहरवासियों को रंग से सराबोर करने के लिए निकलेगा। इस बार पार्क में मेले की शुरुआत जिलाधिकारी व पुलिस कमिश्नर करेंगे। पुलिस बैंड अपनी धुन से तिरंगे को सलामी देगा।

हटिया होली मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस बार होलिका दहन 2 व 3 मार्च की मध्यरात्रि को होगा। 3 मार्च को चन्द्र गृहण होने के कारण रंग उत्सव 4 मार्च को होगा। लेकिन कानपुर रंगो का समापन 10 मार्च को कानपुर हटिया होली मेला (गंगा मेला) के साथ होगा। कानपुर हटिया होली मेला महोत्सव कमेटी के संरक्षक मूलचंद्र सेठ ने बताया कि रंग भरा ठेला हटिया रज्जन बाबू पार्क से शुरू होकर जनरलगंज बाजार, मनीराम बगिया, मेस्टन रोड, चौक, टोपी बाजार, कोतवालेश्वर मन्दिर चौक, चौक सर्राफा, बीच वाला मन्दिर मेस्टन रोड होते हुए कोतवाली चौराहा जाएगा। इसके बाद वह संगमलाल मन्दिर, कमला टावर, फीलखाना, बिरहाना रोड, नयागंज चौराहा, शतरंगी मोहाल होते हुए लाठी मोहाल, जनरलगंज बाजार पहुंचेगा।

इसके बाद हटिया रज्जन बाबू पार्क में आकर पूर्ण विश्राम लेगा। कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र विश्नोई ने बताया कि इस दौरान रंग भरे ठेले के साथ चल रहे लोग शहरियों को रंग से सराबोर करते हुए चलेंगे। मेले का कई स्थानों पर स्वागत भी किया जाएगा। पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से इस मेले को ऐतिहासिक दर्जा देने के लिए बिठूर महोत्सव की तर्ज पर शहर में होली महोत्सव मनाए जाने की मांग की है।



पदाधिकारियों ने होली मेले की जानकारी दी। अमृत विचार

### दुकानें खुलने का विरोध

- गंगा मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने होली से गंगा मेला तक शहर में दुकाने बंद रखने की पुरानी परंपरा को तोड़े जाने का कुछ व्यापारियों पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि होली से मेले तक शहर में दुकाने बंद रहती हैं। इस बार कुछ बडे ज्वैलर्स और कपड़ा व्यापारियों ने शहर की प्राचीन परम्परा को खत्म करने का कुचक्र रचा है। इस ओर शासन को ध्यान देने की जरूरत है। व्यापारियों से होली पर्व से गंगा मेले तक दुकानों को बंद रखने की अपील की गई है।

### 30 मिनट का हो विश्राम

- कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि होली मेले का जुलूस बिरहाना रोड पहुंचता है। उसी समय गोयल ज्वैलर्स चौराहे पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन चल रहा होता है। इसलिए जिस समय रंगभरा ठेला वहा से निकले तब 30 मिनट के लिये मटकी फोड़ आयोजन को विश्राम दे दिया जाये। जिससे रंगों का ठेला निकल सके।

### अन्य मांगें भी उठाईं

- रंग के ठेले जुलूस के लिये जेट मशीन जल संस्थान द्वारा भेजी जाती है। कमेटी चाहती है कि विगत वर्ष 2 जेटिंग मशीन भेजी गई थीं। इस वर्ष 3 जेटिंग मशीन वाली गाड़ियां भेजी जाये।
- पूरे रंग ठेले मार्ग में बिजली के तार काफी नीचे गुच्छों की तरह लटक रहे हैं। केस्को द्वारा रंग ठेले मार्ग में अभी तक कोई कार्य प्रारम्भ नही किया है। इन तारों को व्यवस्थित किया जाए।
- 4 से10 मार्च गंगा मेले वाले दिन भी दोपहर 1 बजे से लेकर सायं 3 बजे तक हाई प्रेशर पानी की सप्लाई की जाये।
- रंग ठेला वापसी के बाद दोपहर 1 बजे हटिया पार्क के चारों तरफ की व पार्क की सफाई करायी जाये ताकि शाम को लगने वाले बाल मेले में कोई कठिनाई न हो।
- हटिया रज्जन बाबू पार्क की सफाई कराई जाये, टूटे हुए डस्टबिन बदले जायें।
- ठेला जुलूस मार्ग की पूरी सड़के में पैच वर्क कराया जाये।
- पूरे रंग ठेले मार्ग की गहरी नालियां साफ करायी जायें
- 4 से लेकर 10 मार्च तक जनरलगंज, नयांगज, बिरहाना रोड, कुली बाजार, हटिया बंद रहती है। बन्दी के दौरान इन बाजारों में गशत हो।

# भक्तों की तैयारी, मंदिरों में भी होली की बारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में होली की मस्ती मंदिरों में भी भक्त बिखरते हैं। खासतौर पर महादेव के मंदिरों में इस बार भी भक्तों की ओर से मंदिरों में रंग खेलने को लेकर तैयारी तेज है। परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में 4 को 250 किलो गुलाल से महादेव संग होली खेली जाएगी। सिद्धनाथ मंदिर में भक्त फूलों की होली खेलकर उत्साह बिखेरेंगे। जागेश्वर मंदिर में प्रभु को इत्र से केवड़ा से रिझाया जाएगा।

इस बार परमट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में 26 साल से चल रही होली में भक्त घाट पर रंग व गुलाल नहीं उड़ा सकेंगे। भक्तों को सिर्फ मंदिर परिसर में ही रंग खेलने की अनुमति दी गई है। आनंदेश्वर मित्र मंडली के अभय मिश्रा ने बताया कि इस बार मंडली की ओर से 250 किलो गुलाल की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा भक्त भी अपनी ओर से प्रभु संग होली खेलने के लिए गुलाल व रंग लाएंगे। पहली बार गीले रंग की व्यवस्था भी की गई है। इस होली का नेतृत्व महाकाल गिरी और इच्क्षा गिरी महाराज करेंगे। मंदिर में रंग खेलने के बार यात्रा भी निकलेगी। यह यात्रा मंदिर परिसर से उठकर चुन्नीगंज स्थित शनिदेव मंदिर तक जाएगी। यात्रा में 7 से 8 झांकियां शामिल हो रहीं हैं। इन झांकियों में मसान की होली, राधा कृष्ण, शंकर पार्वती सहित अन्य झांकी शामिल होंगी। महादेव के संग इत्र की होली खेली जाएगी।

### 250 किलो फूल से होली

- जागेश्वर महादेव मंदिर नवाबगंज में इस बार 250 किलो फूलों से महादेव संग होली खेली जाएगी। 4 की सुबह होने वाले इस आयोजन के लिए 50 किलो हर्बल गुलाल भी मंडल की ओर से मंगवाया गया है। मंदिर कमेटी के मंत्री प्राण श्रीवास्तव ने बताया कि महादेव के संग रंग खेलने आने वाले भक्तों के बीच विशेष शंगनाद भी किया जाएगा। इस दौरान 11 आचार्य शंखनाद के जरिए होली उत्सव की शुरुआत करेंगे। सुबह होली के बाद शाम को बाबा का विशेष शृंगार भी किया जाएगा।

### फूलों की होली और दुग्धाभिषेक

- सिद्धनाथ मंदिर जाजमऊ में इस बार भक्त महादेव के साथ फूलों की होली खेलेंगे। इस रंगोत्सव के लिए 2 सौ किलो फूलों की व्यवस्था की जाएगी। भक्तों के बीच गुलाल संग होली खेल माहौल को भव्य बनाया जाएगा। उधर होली पर महादेव पर दुग्धाभिषेक के जरिए माहौल को भव्य किया जाएगा। शाम को मां गंगा सेवा समिति की ओर से गंगा आरती भी की जाएगी। इस आरती में मां गंगा में दीपदान भी किया।

## फूलों संग हुई होली


किराना मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से होली उत्सव पर राधा कृष्ण की फूलों की होली हुई। इस दौरान अध्यक्ष अवधेश कुमार बाजपेई, महामंत्री विनोद गुप्ता, प्रचार मंत्री राजू मखाना, उपाध्यक्ष रवि बेनीवाल, सौरभ बाजपेई, विजय अग्रवाल सहित अन्य मोजूद रहे। उधर कानपुर कपड़ा कमेटी अध्यक्ष विक्की गुलाटी, सर्राफा कमेटी राम किशोर मिश्रा, नटवर मिश्रा, किदवई नगर व्यापार मंडल अनूप तिवारी ने भी विचार रखे। ● अमृत विचार

# डीएवी कॉलेज में प्राचार्य पर फेंकी स्याही, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डीएवी कॉलेज में शनिवार को छात्रों ने धरना देकर अपना विरोध प्रकट किया। इस दौरान छात्रों ने नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने प्राचार्य पर स्याही फेंकी जिसे लेकर छात्रों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कॉलेज प्रशासन पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इनमें शोधार्थियों से की जा रही वसूली की लिखित शिकायत पर कार्यवाही न करने , 6 माह से अधिक समय से नहीं आ रही फेलोशिप, कॉमर्स की क्लासेज को बिना बोर्ड और कुर्सी के ऑडिटोरियम में लगाने और क्लासेज के समय न खोलने जैसी समस्याएं छात्रों ने बताईं। लाइब्रेरी के रीडिंग रूम में डिजिटल मूल्यांकन कराये जाने का भी मुद्दा छात्रों ने उठाया। प्रदर्शन के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन भी दिया। परिषद ने मांग की है कि सभी कक्षाओं का संचालन निर्धारित कक्षों में ही सुनिश्चित किया जाए। प्रान्त मंत्री दिनेश यादव ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन का यह रवैया अत्यंत निराशाजनक है। जब छात्र अपने अधिकारों और सुविधाओं के लिए शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन देने आते हैं, तो प्राचार्य का उनसे न मिलना और ज्ञापन न लेना लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। छात्रों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्याओं को सुलझाया न गया तो बड़ा आंदोलन करेंगे। महानगर मंत्री सुधांशु त्रिपाठी ने कहा कि डीएवी कॉलेज में बुनियादी सुविधाओं की कमी चिंताजनक है।


डीएवी कॉलेज में धरना देते छात्र। अमृत विचार

● **प्रशासन से की जल्द कार्रवाई करने की मांग**

# ओमर वैश्य महिला संघ ने खेली होली

**कानपुर।** सिविल लाइंस स्थित पदम अपार्टमेंट के सद्भावना हाल में शनिवार को श्री ओमर वैश्य महिला संघ ने होली उत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष रीता वंशी, सचिव अंजना गुप्ता, अनुपमा गुप्ता, रेखा गुप्ता व संगीता गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलन से की। कार्यक्रम संयोजक रेखा अशोक व संगीता गुप्ता ने सभी के माथे पर गुलाल का टीका लगाया। राधा व कृष्ण के वस्त्र पहनकर कलाकारों ने फूलों की होली खेली, जिसका मौजूद लोगों ने खूब आनंद लिया। संगीता, रेखा, रजनी चौधरी, उमा व अध्यक्ष रीता बंसी ने राधा कृष्ण की आरती उतारी। होली गीतों पर महिलाओं ने नृत्य किया और ठंडाई पी। गुझिया, खस्ता, समोसा आदि पकवानों का लुफ्त उठाया। प्रियंका, श्रद्धा, रानी, अंजना, मंजू, रंजना, प्रियंका, दीप्ति, पारुल ,विमला , बीना समेत आदि महिलाएं रहीं।


एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगातीं महिलाएं। अमृत विचार

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा आठ मार्च को

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम रामपुर नरूआ, तहसील बिल्हौर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में 160 तथा कक्षा 9 में 66 सीटों पर प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 8 मार्च को 11 बजे से किया जाएगा। अपर श्रम आयुक्त पीके सिंह के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र वितरित किए जा चुके हैं। जनपद कानपुर नगर के पात्र 480 अभ्यर्थियों की प्रवेश परीक्षा के लिए केंद्र बीएनएसडी इंटर कॉलेज, चुन्नीगंज निर्धारित किया गया है। कक्षा 6 की परीक्षा का समय पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर एक बजे तक तथा कक्षा 9 की परीक्षा का समय पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक है। अभ्यर्थियों को प्रातः 10 बजे तक परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# टीएसएच के शिवम ने रचा इतिहास


शिवम को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

**कानपुर।** द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) के खिलाड़ी शिवम पाल ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए यूटीटी पैरा सीनियर टेबल टेनिस चैंपियनशिप (मध्य प्रदेश) के क्लास-7 वर्ग में राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में शिवम ने मध्य प्रदेश के खिलाड़ी को सीधे सेटों में 3-0 से पराजित किया।

टीएसएच के कोच के निर्देशन में निरंतर अभ्यास और रणनीतिक तैयारी ने शिवम पाल को इस मुकाम तक पहुंचाया। इससे पहले शिवम ने 18 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मंच पर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया था। ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट शहर में आयोजित आईटीटीएफ वर्ल्ड पैरा फ्यूचर गोल्ड कोस्ट प्रतियोगिता में शिवम ने मिश्रित युगल वर्ग में रजत तथा पुरुष युगल वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया था।

**समारोह** | राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सीएसजेएमयू में भव्य कार्यक्रम

# 61 शिक्षकों को दिया गया अनुदान स्वीकृति पत्र

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के प्रोजेक्ट एंड एक्सटर्नल रिसोर्स जनरेशन सेल की ओर से कार्यक्रम आयोजित हुआ। सेंटर फॉर एकेडमिक में शनिवार को शोध परियोजनाओं के लिए एक करोड़ 20 लाख रुपये का अनुदान वितरित किया गया। इस दौरान 61 शिक्षकों को सीवी रमन अनुसंधान अनुदान स्वीकृति पत्र वितरित किया गया।

यह आयोजन वैज्ञानिक सीवी रमन की स्मृति में मनाया गया। जिनके नाम पर दिए जाने वाले सीवी रमन मेजर, माइनर एवं सीड ग्रांट के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस शोध परियोजना के तहत 9 सीवी रमन मेजर, 42 सीवी रमन माइनर व 10 सीवी रमन सीड ग्रांट वितरित की गई। इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत के लिए महिलाओं को सशक्त बनाना' के अनुरूप 9 में से 6 मेजर ग्रांट महिला वैज्ञानिकों एवं शिक्षकों को प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डॉ. अनुराधा कालानी, डीन प्रोजेक्ट्स ने पिछले एक वर्ष में प्रोजेक्ट सेल की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। वित्त अधिकारी ने अनुदान राशि के जिम्मेदार उपयोग पर बल दिया, जबकि आईक्यूएसी निदेशक ने स्कोपस एवं वेब ऑफ साइंस जैसी गुणवत्तापूर्ण शोध प्रकाशनों के महत्व को रेखांकित किया। प्रति कुलपति ने प्रतिभा पलायन को रोकने की आवश्यकता पर जोर देते हुए शोध को संस्थागत स्तर पर प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य के शोध कार्यों में सीवी रमन ग्रांट एवं विश्वविद्यालय का उल्लेख किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने एआई आधारित शोध को जिम्मेदारी के साथ अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शोध रणनीतिक होना चाहिए और परिणाम आधारित योजना के तहत किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि नवाचारी प्रस्तावों को पूरे वर्ष प्रोत्साहित एवं वित्तपोषित किया जाएगा। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में डॉ. सोनी गुप्ता ने 'नो योर सैंक्शन लेटर' विषय पर जानकारी दी। डॉ. राजीव मिश्रा ने शोध नैतिकता, डॉ. मोहित अग्रवाल ने संस्थागत शोध उत्कृष्टता को बढ़ावा देने पर तथा डॉ. स्मृति रॉय (निदेशक, विधि एवं सहायक डीन) ने फीडबैक सत्र का संचालन किया। डॉ. अजय के. गुप्ता (एसोसिएट डीन, प्रोजेक्ट) ने भी विचार व्यक्त किए।


कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी और शिक्षक। अमृत विचार

● **विवि ने शोध परियोजनाओं पर दिया 1.2 करोड़ का अनुदान**

# मेले में 792 को रोजगार व शॉर्टलिस्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नारायणा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, पनकी में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। सेवायोजन कार्यालय की ओर से हुए मेले में शहर व आसपास के जनपदों से आए 2243 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मेले के दौरान निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों की ओर से हुए 792 युवाओं को रोजगवार व शॉर्टलिस्ट किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी ने की। इस दौरान सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह, संस्थान के चेयरमैन अमित नारायन, मैनेजिंग डायरेक्टर उदित नारायन व निदेशक डॉ. आकाश अवस्थी भी मौजूद रहे।

मेले में देश की लगभग 24 प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने हिस्सा लिया। इन कंपनियों ने डिप्लोमा, इंजीनियरिंग (बीटेक), फार्मेसी एवं नर्सिंग के छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया। सस्थान के चेयरमैन अमित नारायन ने कहा कि, नारायणा ग्रुप केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। संस्थान के एमडी उदित नारायन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में नामी कंपनियों का हमारे कैंपस में आना छात्रों के कौशल और संस्थान की शैक्षणिक गुणवता पर उनके गहरे भरोसे का प्रतीक है।

कार्यक्रम में प्रोफेसर आशीष निगम, डॉ. विशाल दुबे (निदेशक), डॉ. सुमित बाजपेई एवं प्रो जयाश्री अजिथ (प्रिंसिपल, नर्सिंग) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। रोजगार मेले में चयनित युवाओं को मौके पर ही ''ऑफर लेटर'' प्रदान किए गए।



शार्टलिस्ट युवाओं के साथ अतिथि और स्टाफ। अमृत विचार

● **नारायणा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में लगा रोजगार मेला**

# डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार छात्र-छात्रा की मौत

## लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित जाजमऊ चौकी के निकट हादसा, पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

रफ्तार की मार

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव


ज्ञान। फाइल फोटो

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर शनिवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में स्कूटी सवार छात्र व छात्रा की मौत हो गई। दोनों लखनऊ से कानपुर घर लौट रहे थे तभी जाजमऊ चौकी से करीब 50 मीटर पहले तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार कानपुर के काकादेव तुलसी नगर निवासी सतीश चंद्र का 28 वर्षीय बेटा ज्ञान सोनकर लखनऊ में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वह 15 दिन पहले घर से लखनऊ गया था और शनिवार को स्कूटी से लौट रहा था। उसके साथ उसकी दोस्त कानपुर के बर्रा निवासी अरुण सिंह की 27 वर्षीय बेटी भूमिका भी थी। जो लखनऊ के एरा मेडिकल कॉलेज में जीएनएम की छात्रा थी। दोनों जैसे ही दोपहर 3 बजे जाजमऊ चौकी के पास पहुंचे पीछे से आए तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। सूचना पर जाजमऊ चौकी प्रभारी विनोद सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। बिलखते परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। ज्ञान सिंह की मौत से मां समेत बहन हेमा, शीतल, अविष्का व भाई दिव्यांशु का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने डंपर को कानपुर नगर के जाजमऊ थानाक्षेत्र से कब्जे में लेकर चौकी पर खड़ा करवाया है। शवों को पीएम के लिए भेज दिया गया है।


पोस्टमार्टम हाउस पर खड़े ज्ञान के परिजन। अमृत विचार

### दो फरवरी को बहन की हुई थी शादी

**शुक्लागंज, उन्नाव।** ज्ञान सिंह की छोटी बहन शीतल की 2 फरवरी को शादी हुई थी। पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद वह लखनऊ पढ़ाई के लिए चला गया था। पिता ने बताया कि ज्ञान पुलिस व बैंकिंग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वह पढ़ाई में बेहद होनहार व मेहनती था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

**सड़क हादसे में घायल युवक की 80 दिन बाद हुई मौतः उन्नाव:** दही थाना क्षेत्र के अलगनगढ़ गांव निवासी संजय (36) श्रमिक था। बीती 8 दिसंबर की शाम काम से वह घर लौट रहा था। तभी थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बिचपरी गांव के सामने उसे कार ने पीछे से टक्कर मार दी थी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया था। इस पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भेजा था। जहां से उसकी हालत में सुधार न होने पर कानपुर के हैलेट अस्पतालरेफर किया गया था। लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए था। जहा उसका इलाज चल रहा था। कोमा में जाने से उसकी मौत हो गई। पति की मौत से पत्नी सरिता रो-रोकर बेहाल रही। पति की मौत से सरिता के सामने 4 बेटियों अनिष्का, जया, जानवी व अनामिका की परवरिश का संकट खड़ा हो गया है। पूर्व प्रधान संदीप की सूचना पर पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। दही एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि दो माह से अधिक समय पूर्व एक्सीडेंट हुआ था। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### लोडर के डाले की चपेट में आने से गयी युवक की जान

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार।** बारासगर थानाक्षेत्र के बारा गांव निवासी विश्वजीत यादव (25) पुत्र रमन ने 15 दिन पूर्व बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के बेहटा भवानी मार्ग पर संचालित एक गैस एजेंसी में काम करना शुरू किया था। पिता रमन ने बताया कि बीते बुधवार की सुबह बेटा घर से ड्यूटी के लिए निकला था। देरशाम उसके संदिग्ध रूप से घायल होने की सूचना मिली तो उसे 100 बेड अस्पताल बीघापुर से जिला अस्पताल फिर वहां से कानपुर रेफर किया गया था। लेकिन उसकी हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए थे। वहां इलाज के दौरान उसने देररात दम तोड़ दिया। वह तीन भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई राहुल नोएडा में शिक्षक व मझला भाई सूरज पुलिस में है। बेटे की मौत मां कामनी रो-रोकर बेहाल हो गई। उधर, हादसे के बाद मौके पर स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गयी। शव लेकर लौटे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पिता ने अज्ञात पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया। कोतवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि हत्या का आरोप बेबुनियाद हैं। घटना की सूचना पर जांच की गई थी। सिलिंडर लादने के दौरान लोडर की चपेट में आने से युवक घायल हुआ था। लोडर गौरी गांव का युवक चला रहा था। पोस्टमार्टम में भी एक्सीडेंट से मौत होने की बात सामने आई है। मामले की जांच की जा रही है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत


गिरजेश।

**हसनगंज, उन्नाव, अमृत विचार।** मंडी से टमाटर खरीदने जा रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में उतर गई। इससे चालक उसे छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के नसरतपुर जंगलेमऊ निवासी गिरिजेश मौर्य (37) पुत्र स्व. महादेव मियागंज सब्जी मंडी से टमाटर लेकर जा रहा था। तभी आसीवन थानाक्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ पर दुबेगढ़ी मोड़ के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह बाइक से उछलकर सिर के बल सड़क पर गिर गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में उतर गई। इससे चालक कार वहीं छोड़कर भाग निकला। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराकर परिजनों को सूचना दी। बड़ा भाई दिनेश, पत्नी रेनू, बहन पुष्पा व मां रामपति पहुंचे और शव देख बिलख उठे। आसीवन एसओ प्रदीप सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कार को सीज कर उसके रजिस्ट्रेशन नंबर से मालिक व चालक का पता किया जा रहा है।

### घायल युवक की मौत


वैलेश।


**बीघापुर, उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के इंदेमऊ गांव निवासी वैलेश सिंह (40) पुत्र अवधेश शुक्रवार सुबह खेत में खड़ी फसल की देखभाल के बाद पैदल घर लौट रहे थे। तभी गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। परिजन उसे 100 बेड अस्पताल लाए। जहां इलाज के बाद परिजन उन्हें कानपुर स्थित हैलट अस्पताल ले गए। जहां शनिवार सुबह इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में चीखपुकार मच गई। पति की मौत से पत्नी सिम्पल व मां संतोष बेहाल हैं। उसके दो बच्चों में 10 वर्षीय बेटी अर्पिता व 5 वर्षीय बेटा आयुष हैं।

### हादसे में युवक की मौत


संदीप।

**हसनगंज, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी संदीप पुत्र रामेश्वर अपने साथी ट्रक चालक फुरकान के साथ झांसी से सामान (कांपी) लादकर गोरखपुर जा रहा था। फुरकान ने बताया कि किसान पथ पर उनके ट्रक की साइड डंपर से छू गई। जिससे ट्रक का शीशा टूट गया। जब संदीप ने इसका विरोध किया तो डंपर चालक ने उन्हें कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस व साथी फुरकान ने इसकी जानकारी संदीप के परिजनों को दी। मौत की खबर सुन परिवार में शोक छा गया। संदीप कुछ दिन पहले ही फुरकान के साथ ट्रक चलाने के लिए गया था और होली पर घर लौटने वाला था। संदीप विवाहित था।

# 3.39 लाख परिवारों को मिला गैस रिफिल का लाभ


लाभार्थी को प्रतीकात्मक चेक देते सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष व डीएम। अमृत विचार

उन्नाव कार्यालय

**अमृत विचार।** शनिवार को निराला प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया। इसकी अध्यक्षता सांसद साक्षी महाराज ने की। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता व डीएम गौरांग राठी भी रहे। इसमें लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। जहां मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर प्रदेश के 1.86 करोड़ लाभार्थियों के खातों में सब्सिडी की धनराशि सीधे हस्तांतरित की। आंकड़ों के अनुसार, इस योजना के तहत जिले के कुल 3,39,895 लाभार्थियों को निःशुल्क घरेलू गैस सिलेंडर रिफिल का सीधा लाभ प्राप्त होगा। अतिथियों ने लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक भेंटकर होली की शुभकामनाएं दीं। सांसद ने कहा कि आज हमारी सरकार बिना किसी भेदभाव के महिलाओं को सम्मान दे रही है। विकास के साथ विरासत को भी सहेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश को अपना परिवार मानकर सेवा कर रहे हैं। विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंच रहा है। डीएम ने कहा कि हमारा संकल्प है कि जिले का कोई भी पात्र परिवार इस योजना से वंचित न रहे। इसमें एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर, नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी आदि रहे।

### प्रधान सहायक को किया गया सम्मानित

**उन्नाव, अमृत विचार।** डीआईओएस कार्यालय के प्रधान सहायक व यूपी ऑफिसर्स मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामविलास वर्मा का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह कार्यालय में हुआ। जीआईसी प्रधानाचार्य परमात्मा शरण के संयोजन में हुए समारोह में डीआईओएस सुनील दत्त, बीएसए शैलेश पांडे, प्रधानाचार्य कमलेश कुमार व डीआईओएस व बीएसए कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने उन्हें माला पहनाकर व गिफ्ट देकर सम्मानित किया। संचालन वरिष्ठ सहायक उदयवीर सिंह ने किया।

# प्रशासन की कोशिशों को ठेंगा दिखा रहे भारी वाहन

**उन्नाव, अमृत विचार।** अजगैन-मोहान मार्ग पर हैवी वाहनों का आवागमन रोकने के लिए प्रशासन द्वारा की गई घेराबंदी फिलहाल कागजी साबित हो रही है। नवई गांव के पास लगाया गया हाइटगेज अपनी उपयोगिता खो चुका है। हैवी वाहन चालक इसे धता बताकर आसानी से निकल रहे हैं।

क्षेत्रीय ग्रामीणों के अनुसार, प्रशासन ने हैवी वाहनों, ओवरलोडेड ट्रकों व डंपरों को रोकने के लिए नवई गांव के पास स्थित एक धर्मकांटे के सामने हाइटगेज लगवाया था। मंशा यह थी कि ऊंचे व हैवी वाहन इस मार्ग पर न चल सकें। लेकिन प्रशासन की यह रणनीति उस समय फेल हो गई जब इसे धर्मकांटे के ठीक सामने लगा दिया गया। चूंकि धर्मकांटे के आसपास वाहनों के मुड़ने व खड़े होने के लिए पर्याप्त खाली जगह होती है इसलिए ट्रक चालक मुख्य मार्ग पर लगे हाइटगेज के नीचे से जाने के बजाय किनारे की कच्ची जगह व धर्मकांटे के परिसर का उपयोग कर बगल से निकल रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग भारी ट्रैफिक के लिए उपयुक्त नहीं है। हाइटगेज लगने से उम्मीद जगी थी कि सड़क सुरक्षित रहेंगी लेकिन रात-दिन हैवी वाहनों का आवागमन जारी रहने से सड़क की हालत खस्ता होती जा रही है। वहीं, सड़क हादसों का भी भय बना रहता है। लोगों का यह भी कहना है कि हैवी वाहन चालक टोल टैक्स बचाने की मंशा से भी नवाबगंज स्थित टोल प्लाजा से होकर नहीं जाते हैं। सीओ हसनगंज अरविंद चौरसिया ने बताया कि अधिकतर वाहन धर्मकांटा पर वाहनों की तौल कराने जाते हैं। साथ ही उस मार्ग पर जो दुकानदार या गैस एजेंसी संचालक हैं उनके वाहनों को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में निकलवाया जाता है।


हाइटगेज के बगल से निकलता भारी वाहन। अमृत विचार

# छात्रा ने फंदे से लटककर दी जान, मचा कोहराम

**उन्नाव, अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के अजइया खेड़ा गांव निवासी नंदनी (18) पुत्री रज्जन लाल रावत हाईस्कूल की छात्रा थी। वह चार भाई बहनों में दूसरे नंबर की थी। बड़े भाई राजीव ने बताया कि ननिहाल में शादी थी। सभी लोग वहीं गए थे। शुक्रवार को परीक्षा देने के लिए वह ननिहाल से लौट आई थी। शनिवार सुबह वह घर में अकेली थी। तभी उसने कमरे का दरवाजा बंदकर फंदे से लटककर जान दे दी। छोटा भाई आयुष जब खेलकर लौटा तो बहन को आवाज लगाई। उत्तर न मिलने पर वह तलाश करते हुए कमरे में पहुंचा। जहां दरवाजा अंदर से बंद था। इस पर उसने बगल की खिड़की झांककर देखा तो बहन का शव लटक रहा था। उसकी चीख सुन आसपास के लोग पहुंचे और परिजनों को इसकी जानकारी दी। बेटी की मौत से मां अंजू बहन दामिनी सहित अन्य परिजनों में चीख पुकार मच गई। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# एचटी लाइन की चपेट में आकर दो बच्चे झुलसे, रेफर

**उन्नाव, अमृत विचार।** दही थानांतर्गत सिंघुपुर गांव में शनिवार देरशाम हुए दर्दनाक हादसे में दो बच्चे एचटी लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। बता दें कि गांव निवासी शोभित (12) व हिमांशु (8) पुत्र पवन गांव के बाहर खेल रहे थे। तभी कट के आई पतंग एचटी लाइन में फंस गई। बच्चों ने उसका मांझा पकड़कर पतंग उतारने का प्रयास किया। लेकिन मांझा गीला होने से उसमें उतरे करंट से दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। तेज आवाज सुन दौड़े लोगों ने बच्चों को झुलसा देख परिजनों को सूचना दी। इस पर उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया।

### होली और रमजान को लेकर हुई बैठक


पीस कमेटी बैठक को संबोधित करते सीओ सिटी। अमृत विचार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** आगामी होली व रमजान माह को देखते हुए शनिवार को गंगाघाट कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें सीओ सिटी दीपक यादव ने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्देश दिए। बैठक में ग्राम प्रधान, संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु व स्थानीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया और त्योहारों के दौरान संभावित समस्याओं पर चर्चा की। सीओ ने सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति, साफ-सफाई व यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने पर जोर देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। साथ ही सभी लोगों से आपसी भाईचारा, सौहार्द व शांति बनाते हुए त्योहार मनाने की अपील की।

### खंड शिक्षाधिकारी को किया सम्मानित


खंड शिक्षाधिकारी को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर कर्ण में कार्यरत रहे खंड शिक्षाधिकारी अरुणोदय सचान का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह विकासखंड के सभी शिक्षकों द्वारा ब्लाक संसाधन केंद्र सभागार में शनिवार को आयोजित किया गया। जिसमें विकासखंड के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व सहचर साथियों ने उनके सेवानिवृत होने पर विदाई दी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, संरक्षक मनोज यादव, विशिष्ट बीटीसी के जिलाध्यक्ष अरुण पटेल, मंत्री सुधाकर सिंह, एमडीएम प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, कुलदीप, अमित नागी, मो .असलम, आलोक मिश्रा, सुशील अवस्थी, विकासखंड के 14 न्याय पंचायत द्वारा खंड शिक्षाधिकारी को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


डायट परिसर में होली खेलते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### रंगों के उत्साह में सराबोर हुए नौनिहाल, खूब खेली होली

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिले के विद्यालयों व शिक्षण संस्थानों में इन दिनों होली का खुमार सिर चढ़कर बोल रहा है। शनिवार को जिले के अधिकांश निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित होने से पहले बच्चों ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाया। शनिवार सुबह जब बच्चे स्कूल पहुंचे तो उनके बैग में किताबों से ज्यादा अबीर व गुलाल नजर आया। पढ़ाई के बजाय बच्चों में होली खेलने की ललक साफ दिख रही थी। स्कूलों में दोपहर बाद पढ़ाई रोक दी गई और बच्चों को होली खेलने की छूट दे दी गई। दोपहर को जब स्कूलों की छुट्टी हुई तो नजारा देखने लायक था। हरे, लाल, नीले व पीले रंगों में रंगे बच्चों के चेहरे पहचानना भी मुश्किल था। कई विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों ने खुद गुलाल का प्रबंध किया था। बच्चों ने न केवल अपने सहपाठियों के साथ मस्ती की बल्कि गुरुजनों के पैर छूकर गुलाल लगाया और आशीर्वाद लिया। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

# कचरी-पापड़ से महके बाजार, हुई खरीदारी


उन्नाव कार्यालय

**अमृत विचार।** रंगों का त्योहार होली अब कुछ ही दिन दूर है और इसकी चमक बाजारों में साफ देखी जा सकती है। शहर की दुकानों पर रंग-बिरंगे पापड़, चिप्स, कचरी व तरह-तरह के नमकीन के ढेर लग गए हैं। सुबह से देरशाम तक बाजारों में ग्राहकों की चहल-पहल बनी हुई है।

शहर के सदर बाजा, बड़ा चौराहा, सिविल लाइन, गाधीनगर आदि जगहों पर इस बार आकर्षक पैकिंग व स्वाद के कारण लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। दुकानदार विमल ने बताया कि त्योहार नजदीक आते ही बिक्री में इजाफा हुआ है। बच्चों के लिए विशेष रूप से रंगीन व अलग-अलग आकार की कचरी मंगवाई गई है जो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। बाजार में उपलब्ध विभिन्न उत्पादों के भाव कुछ इस प्रकार हैं। कचरी व भिंडी कचरी 60 रुपये किलो, आलू व इमरती चिप्स 180 रुपये किलो, ब्रांडेड पापड़ 200 रुपये प्रति किलो है। इस बार थोक बाजार से पर्याप्त स्टॉक मंगाया गया है ताकि अंतिम समय में किसी भी ग्राहक को खाली हाथ न लौटना पड़े। बाजार में खरीदारी कर रहे लोग न केवल अपने घर के लिए बल्कि दूर-दराज रहने वाले रिश्तेदारों को उपहार स्वरूप भेजने के लिए भी पापड़ व नमकीन खरीद रहे हैं। दुकानदारों को उम्मीद है कि होली के मुख्य दिन तक बाजार में और तेजी आएगी। जिससे इस साल कारोबार के पिछले रिकॉर्ड टूटने की संभावना है।


बाजार में नमकीन खरीदतीं महिलाएं। अमृत विचार

### प्रतिभा अलंकरण समारोह संपन्न


मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** राजकीय महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा जिला स्तरीय स्पर्धा के विजेताओं व महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव तथा प्रतिभा अलंकरण समारोह आयोजित हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य व संरक्षक प्रो. डॉ. मीता अरोड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी संजीव सिंह रहे। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आलोक रस्तोगी ने महाविद्यालय की शैक्षणिक व सांस्कृतिक उपलब्धियों का विवरण पेश किया। छात्र-छात्राओं द्वारा एकल व समूह नृत्य, देशभक्ति गीत, नारी सशक्ति करण विषयक कविता पाठ, सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने मौजूद जनसमूह को भावविभोर कर दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को अलंकृत किया गया। संचालन डॉ. विभु प्रकाश सिंह ने किया।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा


**सफीपुर, उन्नाव।** कस्बे के मोहल्ला बबरअली खेड़ा स्थित एसडीएस एकेडमिक स्कूल में शनिवार को डॉ. सीपी रमन के जन्मदिन पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता व प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 61 प्रोजेक्ट व 10 रासायनिक प्रयोगों के मॉडल प्रस्तुत किए। करीब 80 बच्चों ने प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में हम्पटी फ्रूट ट्रेन, वेजिटेबल ट्रेन व विभिन्न रासायनिक प्रयोग आकर्षण का केंद्र रहे। जिन्हें प्रथम वरीयता मिली। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कोतवाली प्रभारी एसएन त्रिपाठी ने बच्चों से प्रयोगों की जानकारी ली और उन्हें प्रोत्साहित किया। कहा कि वर्तमान युग की जरूरतों के अनुरूप की गई तैयारी इसका संकेत है कि बच्चे भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इसमें विद्यालय के उन छात्रों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने जिला स्तरीय ओलंपियाड में स्थान प्राप्त किया था। प्रियल शुक्ला ने प्रथम, राम गुप्ता ने द्वितीय व अभिषेक पाल ने तृतीय स्थान पाया। मुख्य अतिथि ने उन्हें प्रमाण-पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधक गिरीश चंद्र गुप्ता व प्रधानाचार्या राधा गुप्ता ने बताया कि प्रारंभिक कक्षाओं से ही विषयवार शिक्षा के साथ प्रायोगिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे छात्र आगे चलकर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।



विज्ञान प्रदर्शनी में मौजूद बच्चे। अमृत विचार

# कैटिल कैचिंग दस्ते ने पकड़े आठ अन्ना मवेशी

**शुक्लागंज, उन्नाव।** नपा ने अन्ना मवेशियों के विरुद्ध अभियान चलाया। अभियान ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर होली पर्व को ध्यान में रखते हुए चलाया गया। सुबह से शाम तक पालिका के कैटिल कैचिंग दस्ते ने नगर के फोरलेन क्षेत्र में घूम रहे आवारा गोवंशों को पकड़ने की कार्रवाई की। इसमें दस्ते ने आठ अन्ना मवेशियों को पकड़कर कान्हा गौशाला में संरक्षित कराया। ईओ ने बताया कि नगर को अन्ना मवेशियों से मुक्त रखने के लिए आगे भी नियमित अभियान चलाए जाएंगे। ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रहे और नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।


सदस्यों के साथ मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल। अमृत विचार

### नई पीढ़ी आजाद के बलिदान से ले प्रेरणा

**उन्नाव, अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद के बलिदान से नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्ररक्षा हेतु उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। यह विचार चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज रसूलपुर सोहरामऊ में आयोजित आजाद बलिदान दिवस समारोह में शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने व्यक्त किये। इसमें मोहान विधायक ब्रजेश रावत ने विद्यालय में मुख्य द्वार से कार्यक्रम स्थल तक अपनी निधि से निर्मित इंटरलॉकिंग मार्ग का लोकार्पण किया। इसके पहले मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन व आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।। विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने वालों को माल्यार्पण के साथ प्रशस्ति पत्र, आजाद प्रतिमा, शाल, रामचरित मानस व गीता भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में विमल द्विवेदी, वाईएन सिंह, राम नारायण यादव, डॉ. मीनाक्षी गंगवार, अरुणिमा अवस्थी, रामगोपाल सिंह चौहान, ऊदल फौजी सांई ऊदल अकादमी रुजिहइ उन्नाव व कांति फक्कड़ रहे।

### डॉक्टरों की कमी से पीएचसी में मरीजों की कतार

**शुक्लागंज, उन्नाव।** शनिवार को न्यू पीएचसी शुक्लागंज में डॉक्टरों की कमी के चलते मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। अस्पताल में तैनात दो डॉक्टरों के अवकाश पर होने से पूरी ओपीडी की जिम्मेदारी अकेले पीएचसी प्रभारी को संभालनी पड़ी। सुबह से ही इलाज कराने पहुंचे मरीजों की लंबी कतारें अस्पताल परिसर में लग गईं। जानकारी के अनुसार पीएचसी की डॉ. रश्मि वर्मा व डॉ. अक्षय कुमार अवकाश पर थे। वहीं, स्वास्थ्य कर्मी विपिन पांडेय व लैब टेक्नीशियन अमित कुशवाहा भी छुट्टी पर रहे। ऐसे में सुबह अस्पताल पहुंचे पीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश चंद्रा ने अकेले ही ओपीडी शुरू की और मरीजों को देखा। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे जिससे अस्पताल में काफी भीड़ रही।

अमृत विचार
रविवार, 1 मार्च 2026



लालयेत् पंचवर्षाणि दशवर्षाणि ताडयेत्।
प्राप्ते तु षोडशे वर्षे पुत्रं मित्रवदाचरेत्॥

बच्चों को पांच साल की उम्र तक प्यार और देखभाल के साथ रखना चाहिए। दस साल की उम्र तक उन्हें अनुशासन में रखना चाहिए। लेकिन जब वे सोलह साल के हो जाएं, तो उनके साथ दोस्तों की तरह व्यवहार करना चाहिए।

# होली भारतीय लोक संस्कृति की अभिव्यक्ति

> प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिंदास है यह, लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और वसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं, लेकिन वसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाए, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता।

रंग पर्व होली को नमस्कार। कृत्रिम मेधा, असली मेधा व ऑनलाइन बुद्धिमत्ता को नमस्कार। सत्व, रज और तम की त्रिगुणी को नमस्कार। ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों को नमस्कार। धर्म, अर्थ और काम की पुरुषार्थत्रयी को नमस्कार। गीता, ब्रह्मसूत्र व उपनिषद की प्रस्थानत्रयी को नमस्कार। शब्द, अपशब्द व संसदीय मर्यादाहीनता को नमस्कार। प्रकृति चिरंतन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अंतःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिंतन में इसी स्रोत का नाम है-उत्स। आनंद का यह स्रोत मधुमय है। उत्सव इसी आनंद रस का अतिरेक आपूर्ण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल।

प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव, लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक् यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबंदी है। वसंत ऐसी ही मनभावन उपस्थिति है। वसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है।

प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिंदास है, लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और वसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। वसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है वसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं, लेकिन वसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाए, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढक गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर वसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है। वसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो जाता है? वायु देव को वसंत में, जिसे छूकर आगे बढ़ते हैं, वही मदमस्त हो जाता है। वे कलियों की चोली उड़ा ले जाते हैं, तरूणों को सहलाते हैं, तरूणियों को तब तक गुदगुदाते हैं, जब तक वे खिलखिलाकर पूरी खिल नहीं जाती। तरूण तो तरूण हैं। मनतरंग में झूमना उनकी स्वाभाविकता है, लेकिन बूढ़े-बुजुर्ग भी वासंती पवन में मदमस्त हो जाते हैं। नदी, तालाब और खेत-ऊसर भी वसंत की मौज में होते हैं। हमारे गांव से बहने वाली सई नदी भी आनंदमगन हो जाती है। उसके तट पर खड़े वन बबूल के पेड़ों पर गीत उगते हैं। पक्षी प्रेमगीत गाते हैं, गाएं उछलती हैं। न शीत की जकड़न और न गम की उमस और बेचैनी। वसंत का प्रभाव सब पर एक जैसा। बूढ़े मनुष्य ही नहीं बूढ़े वृक्ष भी फूलों से लद जाते हैं। फागुन सबको लहालोट करता है। मनतरंग के देव 'काम' भीतर से कुलाचें मारते हैं। वसंत इसीलिए ऋतुराज है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

पृथ्वी सगंधा है। फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दसों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया की पौध हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवंत हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलबहियां डालकर मिलते हैं। पक्षी मस्त-मस्त गीत गाते हैं। वे ऋत बंधन में रहते हैं, लेकिन वसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। यह वसंत दो दिन के लिए नहीं आता। पूरे तीन-चार माह तक विहंसता है, समूची प्रकृति को रस आपूरित करता है। प्रकृति का हरेक अंश उत्सव मनाता है। हरेक वृक्ष, हरेक फूल, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी और मनुष्य मधु उत्सव में होता है। होली इन्हीं मधु उत्सवों का महोत्सव है।

होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छंद स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्जा है, उफनाती ऊर्जा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्जा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछंद है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है। होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखंड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। संवत्सर, युग और मंवंतर आते हैं, पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। वसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है। होली के अवसर पर बांटता है। होली का यह मधु पूरे साल चलता है। होली भारत का मन मधुमय करती है। इसीलिए यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। तमाम असंभवों के संगम है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग-तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा भारतीय संस्कृति का मन आनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन उन्मुक्त अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और संपूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवंत महामुक्ति और महाउल्लास है।

कुछ विद्वानों ने होली को मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई0) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शायी है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक वसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है।

प्राचीनता और आधुनिकता अलग-अलग नहीं होती। वे पृथक दो इकाइयां नहीं हैं। प्रकृति सृष्टि का प्रवाह अविच्छिन्न है। जिसे हम प्राचीनता कहते हैं, वह और भी प्राचीन परंपरा का विकास है। इसी तरह आधुनिकता भी है। 100 बरस पहले जिसे आधुनिकता कहते थे, वह भी प्राचीन होती जा रही है। परंपरा एक सतत् प्रवाह है। परंपरा और उत्सव व्यक्तिगत नहीं होते। उन्हें काल विभाजन के अनुसार नहीं बांटा जा सकता। सामूहिकता हरेक कालखंड में आनंददायी रही है। सामूहिक आनंद और उत्सव पर्यायवाची हैं। प्राचीन भारत का समाज सामूहिकता में आनंदित है इसलिए हर दिन मधुउत्सव है, प्रतिपल मंगल गीत हैं, प्रतिपल मधुवर्षा है। सामूहिकता शोक और दुख को फटकने भी नहीं देती, लेकिन विदेशी सत्ता के प्रभाव में हम भारत के लोग सामूहिकता खोते गये। व्यक्तिगत के भीतर और भी व्यक्तिगत होते गए। सो होली जैसे अंतर्राष्ट्रीय उत्सव भी व्यक्तिगत हो रहे हैं। अब बाजार तय करता है हमारे उत्सव की रूपरेखा। सो भारतीय समाज में विषाद है। उत्सवधर्म विषाद को प्रसाद में बदलते हैं। आइए उत्सवधम हों हम सब। आओ रंग चढ़ा लें देशी कि रंग परदेशी उतर जाए।

## सभ्यता के मानकः शोर में डूबती संवेदनाएं

शादियों और त्योहार का समय है, साथ ही बोर्ड परीक्षाओं का भी। एक तरफ विद्यार्थी अपनी तैयारी में व्यस्त हैं, दूसरी तरफ तड़क-भड़क वाला संगीत जोर-जोर से बजता है। दोनों परिस्थितियों में गजब का विरोधाभास है, लेकिन हम हमेशा से यह सहते आ रहे हैं। आज के समय में परिस्थितियां ज्यादा विकट हो रही है। कानफोडू संगीत, जिसमें गीत के बोल पता ही नहीं चलते या मन को नहीं भाते, उस पर भौंडा डांस। शादी वाले परिवार से आप आवाज कम करने को नहीं कह सकते। आपकी बात सुनी ही नहीं जाएगी। दुश्मनी हो जाएगी। कई बार तो रात दस वाले मानक का पालन भी नहीं किया जाता। यूं भी संगीत जितना धीमा हो, जितना मृदुल हो, उतना मधुर लगता है। फिर आपकी स्वतंत्रता भी वहां पर समाप्त हो जाती है, जहां दूसरे की शुरू होती है।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

इस संदर्भ में एक दो घटनाएं ध्यान आ रही हैं। एक हमारे बचपन की, जब हम लोग स्कूल में पढ़ते थे। हमारे घर से लगा हुआ मकान था। दरवाजे आपस में आमने-सामने मिलते थे। उस घर में टीवी फुल वॉल्यूम में लगता था। मां जब वॉल्यूम कम करने को कहती थी तो वह आंटी बड़े गर्व से कहती थीं कि दीदी, यह नया टीवी है, इसमें वॉल्यूम ज्यादा ही है। अक्षरशः उन्होंने क्या कहा मुझे याद नहीं है, लेकिन भाव याद हैं। मां और पापा उनकी बुद्धि पर तरस खाकर हंसते थे। फिर एक दिन मां ने खुद जाकर वॉल्यूम कम करके उन्हें दिखाया था कि नए टीवी में भी वॉल्यूम कम की जा सकती है। टेक्नोलॉजी जितनी विकसित होगी, उतनी सुविधा संपन्न होगी।

> एक घटना वर्तमान की है। बेटा जापान में अपने कुछ मित्रों के साथ प्रोजेक्टर में कोई मूवी देख रहा था। जब चार-पांच युवा होते हैं, तो कुछ जोर से बोलना भी हो जाता है। भारतीय यूं भी ऊंची आवाज में ही बोलते हैं। फ्लैट्स की दीवार वहां पर बहुत हल्की कपड़े जैसी। शायद एक घर से दूसरे घर में आवाज पहुंच जाती हो।


एक घटना वर्तमान की है। बेटा जापान में अपने कुछ मित्रों के साथ प्रोजेक्टर में कोई मूवी देख रहा था। जब चार-पांच युवा होते हैं, तो कुछ जोर से बोलना भी हो जाता है। भारतीय यूं भी ऊंची आवाज में ही बोलते हैं। फ्लैट्स की दीवार वहां पर बहुत हल्की कपड़े जैसी। शायद एक घर से दूसरे घर में आवाज पहुंच जाती हो। डिस्टर्बेंस होने पर पड़ोस की आंटी ने पुलिस में कंप्लेंट कर दी। तुरंत पुलिस आई। बताया कि पड़ोस से कंप्लेंट आई है और वॉल्यूम कम करने को कहा। पुलिस का आना वहां पर कोई बड़ी बात नहीं है। यह एक सामान्य घटना है और जाते समय पुलिस वाले असुविधा के लिए खेद जताते हुए सॉरी भी बोल कर गए। क्योंकि यह कोई बहुत बड़ा अपराध नहीं था। अनजाने में की गई गलती थी। ये होते हैं सभ्यता के मानक। जहां पर हर संबंधित पक्ष अपनी गलती मानकर उस पर विचार कर लेता है। हमारे देश में इस तरह के मानक नहीं दिखाई देते। एआई से हम अपनी सुंदर तस्वीरें बना लेते हैं, पर मन को संवारने वाला कोई एआई हमने अभी तक विकसित नहीं किया है। इस तरह की सभ्यता और संस्कार से हम अभी भी कोसों दूर हैं।

## पतझड़ से सबक लेने की जरूरत

मौसम पतझड़ का क्या आया कि साल भर से जिस पेड़ के सहारे पत्ते हरे-हरे दिख रहे थे, उनमें सारे के सारे पत्ते पेड़ से अलग हो गए। अलग होने के पहले ही पत्तों का हरापन गायब हो गया था और जब जमीन पर गिरे तो ज्यादातर पत्ते पीले हो गए, लगता है कि इन पत्तों को पीलिया रोग हो गया। एक भी पत्ता पेड़ से यह नहीं कह रहा कि साल भर के रिश्ते को वह नहीं तोड़ेगा और पेड़ का साथ निभाएगा।

पत्तों के संबंध विच्छेद कर लेने के बावजूद पेड़ जैसे वस्त्रविहीन हो गया हो, लेकिन अपनी डालों के साथ जस का तस खड़ा है। उसे अपनी डालों पर भरोसा है कि जल्द इन डालों पर नए पत्ते आएंगे और उसकी आभा और अच्छे रूप में निखरेगी। पेड़ को यह भरोसा किसी से मिल रहा है, तो पेड़ों की जड़ से मिल रहा है। पत्तों के गिरने के बावजूद पेड़ जड़ के सहारे खड़ा है।

ऐसी ही कुछ स्थिति मनुष्य की होती है। कभी इतना सुखमय और आनंदमय जीवन होता है कि उसकी प्रतिष्ठा समाज में बढ़ जाती है। लोगबाग उसे इर्द-गिर्द मंडराते रहते है। क्योंकि अच्छे दिनों में वह मनुष्य सबकी मदद करता रहता है। किसी ने कुछ मांगा तो इंकार नहीं किया, लेकिन समय किसी को छोड़ता नहीं। समय अनुकूल आता है, तो साधारण व्यक्ति राजसी जीवन जीने लगता है और समय बिगड़ता है, तो राजसी से वह रंक जैसा साधारण एवं निर्धन हो जाता है। जहां मनुष्य साधारण और निर्धन हुआ, तत्काल उसके इर्द-गिर्द रहने वाले किनारा कसने लगते हैं। जबकि इसी समय अपनों के सहारे की जरूरत पड़ती है, लेकिन मतलबी दुनियां में मतलब निकलते तत्काल मुंह मोड़ने वाले ज्यादा होते हैं। जब अपने लोग विपन्नता की स्थिति आते किनारा कसते हैं तब कमजोर मन वाला व्यक्ति हताश और निराश होने लगता है तथा अवसाद में चला जाता है, लेकिन बुद्धि-विवेक वाला पतझड़ से पत्ते विहीन हुए पेड़ों से सबक लेता है। उसे लगता है कि वह अपने बुद्धि-विवेक की जड़ के बल पर पुनः हरे-भरे पेड़ जैसा हो जाएगा। वह हिम्मत हारता नहीं। कहा भी गया है, 'हारिए न हिम्मत, बिसारिए न राम'। यहां राम का आशय समय के पुनः बलवान होने की उम्मीद से है। जो इन पंक्तियों पर भरोसा करता है तब वह नए सिरे से पुनः अपने को स्थापित करने की कोशिश करता है। कोशिशों का नतीजा प्रायः अनुकूल होता है और पुनः पत्ते विहीन पेड़ जो हो गए, वे समय के अंतराल पर हरे-भरे हो गए, उसी प्रकार सुनियोजित प्रयास से व्यक्ति भी पेड़ों की तरह हरा-भरा जरूर होने लगेगा।



सलिल पाण्डेय
मिर्जापुर

तमाम उदाहरण है कि कल तक फकीरों जैसा जीवन जीने वाला, समय बदलते धन-धान्य तथा यश-कीर्ति से परिपूर्ण हो जाता है। आशय यही है कि समय अच्छा हो या बुरा, जड़ों के सहारे खड़ा व्यक्ति कभी परास्त नहीं हो सकता।

## स्वच्छता का पर्व है होली

> तनिक गौर करें, होली का प्रारंभ घर-खलिहान की सफाई से होता है। कूड़ा-कचरा होली में जलाकर हम नकारात्मकता का अंत करते हैं। रंग लगाकर और रगड़-रगड़ कर स्नान करना तन-मन की शुद्धि का प्रतीक है। पुराने वस्त्र त्यागकर नए धारण करना नवजीवन का संदेश देता है।

होली की पहचान देश की संस्कृति के रूप में होती है। वसंत ऋतु जनजीवन में नई चेतना का संचार कर रही होती है, फागुन की सुरमई हवाएं वातावरण को मस्त बनाती हैं, तभी होली के रंग लोकजीवन में घुल जाते हैं। इन्हीं दिनों नई फसल भी तैयार होती है और किसानों के लिए यह उल्लास का समय होता है। तभी होली के बहाने नए अन्न की पूजा पूरे देश में की जाती है। यही नहीं पूरी दुनिया में होली की ही तरह अलग-अलग समय में त्योहार मनाए जाते हैं, जिनका असल मकसद तनावों से दूर कुछ पल मौज-मस्ती के बिताना और अपने परिवेश के गैरजरूरी सामान से मुक्ति पाना होता है।

वास्तव में होली का अर्थ है- हो ली, यानी जो बीत गई सो बीत गई, अब आगे की सुध है। गिले-शिकवे मिटाओ, गलतियों को माफ करो और एक दूसरे का रंगों में सराबोर कर दो-रंग प्रेम के, अपनत्व के, प्रकृति के। विडंबना है कि भारतीय संस्कृति की पहचान कहलाने वाला यह पर्व पर्यावरण का दुश्मन नशाखोरी, रंग की जगह त्वचा को नुकसान पहुंचाने, आनंद की जगह भोंडे उधम के लिए कुख्यात हो गया है। कहानियां, किवदंतियां कुछ भी कहें, लेकिन इस पर्व का वास्तविक संदेश तो स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण ही है। यह दुखद है कि अब इस त्योहार ने अपना पारंपरिक रूप और उद्देश्य खो दिया है और इसकी छवि पेड़ व हानिकारक पदार्थों को जलाकर पर्यावरण को हानि पहुंचाने और रंगों के माध्यम से जहर बांटने की बनती जा रही है। हालांकि देश के कई शहरों और मुहल्लों में बीते एक दशक के दौरान होली को प्रकृति-मित्र के रूप में मनाने के अभिनव प्रयोग भी हो रहे हैं। हमारा कोई भी संस्कार या उत्सव उल्लास की आड़ में पर्यावरण को क्षति की अनुमति नहीं देता। होलिका दहन के साथ सबसे बड़ी कुरीति हरे पेड़ों को काटकर जलाने की है।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ लेखक

वास्तव में होली भी दीपावली की ही तरह खलिहान से घर के कोठार में फसल आने की ख़ुशी व्यक्त करने का पर्व है। याद करें कि होली में गोबर के बने उपले की माला अवश्य डाली जाती है। असल में ठंड के दिनों में जंगल जा कर जलावन लाने में डर रहता था, सो ऐसे समय के लिए घरों में उपलों को भी एकत्र कर रखते थे। चूंकि अब घर में नया अनाज आने वाला है सो, कंडे-उपले की जरूरत नहीं, तभी उसे होलिका दहन में इस्तेमाल किया जाता है। उपले की आंच धीमी होती है, लपटें ऊंची नहीं जातीं, इसमें नए अन्न- गेंहू की बाली या चने के छोड़ को भूना भी जा सकता है, सो हमारे पूर्वजों ने होली में उपले के प्रयोग किए। एक बात और आदिवासी समाज में प्रत्येक कृषि उत्पाद के लिए "नवा खाई' पर्व होता है, जो भी नई फसल आई, उसके लिए प्रकृति का धन्यवाद। होली भी किसानों के लिए कुछ ऐसा ही पर्व है। होलिका पर्व का वास्तविक समापन शीतला अष्टमी को होता है। पूर्णिमा की होली और उसके आठ दिन बाद अष्टमी का यह अवसर! शक संवत का पहला महीना चैत्र और इसके कृष्ण पक्ष पर बासी खाना खाने का बसौड़ा। इस दिन घर में चूल्हा नहीं जलता और एक दिन पहले ही पक्की रसोई यानी पूड़ी कचौड़ी, चने, दही बड़े आदि बन जाते हैं। सुबह सूरज उगने से पहले होलिका के दहन स्थल पर शीतला मैया को भोग लगाया जाता है। स्कंद पुराण शीतलाष्टक स्त्रोत के अनुसार "वन्देहं शीतलां देवींरासभस्थां दिगम्बराम। मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालङ्कृतमस्तकाम।।" अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगंबरा, हाथ में झाड़ू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाड़ू) होने का अर्थ है कि समाज को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गंधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। हकीकत में संदेश यही है कि यदि स्वच्छता रखेंगे, तो ये रोग नहीं हो सकते।

तनिक गौर करें, होली का प्रारंभ घर-खलिहान की सफाई से होता है। कूड़ा-कचरा होली में जलाकर हम नकारात्मकता का अंत करते हैं। रंग लगाकर और रगड़-रगड़ कर स्नान करना तन-मन की शुद्धि का प्रतीक है। पुराने वस्त्र त्यागकर नए धारण करना नवजीवन का संदेश देता है। समापन पर स्वच्छता की देवी की पूजा कर समाज को साफ-सफाई का संदेश दिया जाता है। होली पर बसौड़ा चढ़ावा गरीबों के लिए सहारा बनता है। यही लोग नई उमंग से खेतों में श्रम करते हैं। अतः होली समरसता, पर्यावरण संरक्षण और मनोविनोद का मूल दर्शन प्रस्तुत करती है।

## शिक्षा सुधार या शिक्षक नियंत्रण

सबसे खतरनाक और सुविधाजनक भ्रम है कि शिक्षक की भूमिका केवल आदेशों का पालन करने तक सीमित है। जैसे शिक्षक कोई स्विच हो-ऊपर से निर्देश आए और नीचे क्रियान्वयन हो जाए। समाज और व्यवस्था, दोनों ही अक्सर इसी धारणा में सुकून महसूस करते हैं, क्योंकि इससे जिम्मेदारी का बोझ अपने कंधों से उतर जाता है। अगर परिणाम अच्छे नहीं आए, तो उंगली शिक्षक पर और अगर सब ठीक चला, तो श्रेय व्यवस्था का। यही सबसे बड़ी बौद्धिक बेईमानी है।




प्रवीण त्रिवेदी
शिक्षक

शिक्षक केवल पाठ्यपुस्तक का दूत नहीं होता, वह कक्षा में खड़ा एक जीवित विवेक होता है। वह बच्चों के सवालों से रोज टकराता है, उनकी जिज्ञासाओं, भय और संभावनाओं को अपने सामने खुलते देखता है। आदेश कागज पर लिखे जाते हैं, लेकिन उनका असर जमीन पर बच्चों के दिमाग और भविष्य पर पड़ता है। इस अंतर को समझने की जहमत समाज अक्सर नहीं उठाता। आदेश मानने की अपेक्षा तो रखी जाती है, पर यह नहीं पूछा जाता कि वह आदेश बच्चों के जीवन में क्या बदल रहे हैं। विडंबना यह है कि जब भी शिक्षा व्यवस्था में कोई सुधार की बात होती है, शिक्षक को सबसे पहले "अनुशासन में लाने" का लक्ष्य बनाया जाता है। प्रशिक्षण, निरीक्षण, मूल्यांकन सबका उद्देश्य यही मान लिया जाता है कि शिक्षक को और अधिक नियंत्रित किया जाए। यह मानकर चला जाता है कि शिक्षक सोचने लगे तो व्यवस्था बिगड़ जाएगी। दरअसल डर यह है कि अगर शिक्षक सचमुच सोचने लगा, सवाल पूछने लगा, तो कई खोखले आदेश टिक नहीं पाएंगे। समाज भी इस खेल में बराबर का भागीदार है। वही समाज जो अपने बच्चों की हर कमी का ठीकरा स्कूल पर फोड़ देता है, वही समाज शिक्षक से यह उम्मीद नहीं करता कि वह व्यवस्था से सवाल पूछे। शिक्षक आदर्श बने, त्यागी बने, राष्ट्रनिर्माता बने, लेकिन चुपचाप बने। बोलने वाला शिक्षक असुविधाजनक हो जाता है और असुविधाजनक सच किसी को पसंद नहीं आता।


अब समय है कि शिक्षक को केवल निर्देशों का पालनकर्ता मानने की सुविधा छोड़ दी जाए। अगर शिक्षा को सचमुच सुधारना है, तो शिक्षक को केंद्र में लाना होगा। केवल जिम्मेदारी देने के लिए नहीं, बल्कि अधिकार और विश्वास देने के लिए भी। वरना हम हर साल नई योजनाओं, नए आदेशों और वही पुराने नतीजों के बीच घूमते रहेंगे और दोष हमेशा उसी पर डालेंगे जो सबसे सामने, सबसे ईमानदारी से खड़ा है।

## मेलों पर संकटः सुरक्षा व आजीविका के बीच संतुलन की तलाश



भारत के पारंपरिक मेले केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, वे हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन का जीवंत हिस्सा हैं। गांव-गांव, शहर-शहर लगने वाले ये मेले सदियों से लोगों के मेल-मिलाप, लोक संस्कृति और आजीविका का आधार रहे हैं। यहां झूले लगाने वाले, खिलौने बेचने वाले, बर्तन, चूड़ी, हस्तशिल्प बेचने वाले दुकानदार, बुनकर, लोक कलाकार और छोटे कुटीर उद्योगों से जुड़े हजारों परिवार अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं, लेकिन आज यह पारंपरिक कारोबार गंभीर संकट के दौर से गुजर रहा है। विशेष रूप से गुजरात में तो स्थिति ऐसी बन गई है कि मेले लगभग समाप्ति की ओर हैं। अन्य राज्यों में भी कड़े नियमों की आशंका से मेला आयोजकों और झूला संचालकों के बीच असुरक्षा का माहौल है।

राजकोट में एक गेमिंग जोन में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। उस हादसे के बाद राज्य सरकार ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सख्त नियम लागू किए। जन सुरक्षा सर्वोपरि है, इसमें कोई मतभेद नहीं हो सकता। सरकार का दायित्व है कि वह नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, लेकिन नियम बनाते समय इस बात पर शायद ध्यान ही नहीं दिया गया कि राजकोट की घटना एक बंद, पक्के और अवैध गेमिंग जोन में हुई थी, जबकि पारंपरिक मेले और झूले खुले वातावरण में अस्थायी ढांचे में लगाए जाते हैं।



जगराम गुर्जर
लेखक

खुले मेलों के झूले न तो पक्के भवनों में होते हैं, न ही उनमें जटिल बिजली व्यवस्था या आग पकड़ने वाली बनावट होती हैं। इसके बावजूद नए नियमों का सबसे अधिक प्रभाव इन्हीं छोटे मेला आयोजकों और झूला संचालकों पर पड़ा है। नए प्रावधानों के तहत महंगे इंजीनियरिंग सर्टिफिकेट, भारी बीमा कवर, जटिल लाइसेंस प्रक्रिया और बार-बार निरीक्षण जैसी शर्तें लागू कर दी गई हैं। छोटे स्तर पर काम करने वाले ये लोग पहले ही भारी कर्ज लेकर अपने झूले खरीदते हैं। उनके लिए महंगे प्रमाण पत्र और बीमा प्रीमियम जुटाना लगभग असंभव है। गौर करने वाली बात है कि कोई भी मेला आयोजक या झूला संचालक सुरक्षा नियमों को हटाने की मांग नहीं कर रहा। बंद गेमिंग जोनों के लिए कठोर नियम आवश्यक हैं और उनका पालन होना चाहिए, लेकिन खुले मेलों के पारंपरिक झूलों के लिए अलग, सरल और व्यावहारिक नियम बनाए जाने चाहिए।

आज देश में अनेक झूला निर्माता कार्यरत हैं। क्या उनके निर्माण मानकों की नियमित जांच होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि हर झूला तकनीकी कसौटियों पर खरा उतरता है? यदि निर्माण स्तर पर ही त्रुटि रह जाए तो उसका खामियाजा अंतिम संचालक और आम जनता को भुगतना पड़ता है। इसलिए समस्या का समाधान केवल संचालन स्तर पर कठोरता बढ़ाने में नहीं है, बल्कि निर्माण से लेकर संचालन तक एक संतुलित और व्यावहारिक निगरानी व्यवस्था बनाने में है। पारंपरिक मेलों को समाप्त होने देना केवल आर्थिक क्षति नहीं होगी, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए भी आघात होगा। आज जब बड़े मॉल और डिजिटल मनोरंजन के साधन तेजी से बढ़ रहे हैं, तब भी मेले लोगों को खुला, सामुदायिक और पारिवारिक मनोरंजन प्रदान करते हैं। ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को संबल देने में इनकी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

आवश्यक है कि सरकार, प्रशासन और मेला आयोजकों के प्रतिनिधि मिलकर एक व्यवहारिक नीति तैयार करें। एक ऐसी नीति जो भले ही सुरक्षा से समझौता न करे, लेकिन छोटे व्यवसायियों को काम करने से भी नहीं रोके। यदि समय रहते संतुलित निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाली पीढ़ियां शायद केवल किताबों में पढ़ेंगी कि कभी हमारे गांव-शहरों में रंग-बिरंगे मेले लगते थे, जिनमें बच्चों की हंसी और लोकगीतों की गूंज होती थी। सुरक्षा और आजीविका के बीच संतुलन ही इस संकट का वास्तविक समाधान है। यही समय की मांग है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अमृत विचार



**न्यूज ब्रीफ**

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इटावा।** थाना सहसों क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नीवरी में किसी बात से क्षुब्ध होकर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महेंद्र सिंह 38 वर्ष ने किसी बात से क्षुब्ध होकर जंगल में पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से नीचे उतारा।

### जमुनापारी बकरियों व बकरों की खरीद को मेला आज

**इटावा।** जमुनापारी बकरियों के सुधार एंव संरक्षण योजना के अन्तर्गत जनपद में बकरी एवं बकरा के क्रय हेतु एक दिवसीय मेले का आयोजन विकास खण्ड बढ़पुरा के ग्राम कसौआ में रविवार 1मार्च को किया जाएगा।उक्त जानकारी देते हुये मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जमुनापारी बकरियों के सुधार एंव संरक्षण योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय बकरी पशु मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 50 बकरियों व 5 बकरों की सरकार द्वारा खरीदारी की जाएगी।

### लाखों रुपये की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**इटावा।** थाना सिविल लाइन पुलिस ने बैंक लोन, नौकरी तथा भवन, मकान को बैंक शाखा हेतु किराये पर उठवाने एवं बैंक से जुडे विभिन्न काम कराने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले शातिर अर्न्तजनपदीय ठग को गिरफ्तार किया। वादी दीपक शर्मा निवासी नौरंगाबाद थाना कोतवाली ने थाना सिविल लाइन पर तहरीरी सूचना दी कि आरोपी आशीष ने बैंक में अपनी अच्छी पकड़ बताकर वादी को 5 लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा दिया। इसके बदले खर्च और रिश्वत के नाम पर 1,01,755 रुपये ऑनलाइन और नकद ठग लिए। लोन न मिलने पर जब वादी ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### युवती ने फंदा लगाकर दी जान, कोहराम

**कन्नौज।** किसी बात से नाराज युवती ने मकान के अंदर आंगन के जाल से गले में फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली। सदर कोतवाली के मोहल्ला अरारावारी निवासी गौरी (18) पुत्री स्व. रघुराज सिंह शनिवार को दिन में करीव 11:20 बजे घर में अकेली थी। इसी दौरान किसी बात से नाराज होकर उसने मकान के अंदर आंगन में पड़े लोहे के जाल से गले में फंदा डाल कर आत्म हत्या करली। उसकी छोटी बहन स्कूल गई थी और मां घर में नहीं थी। जब कुछ देर के बाद वह लौटी तो पुत्री को फंदे पर लटका देखा। शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और उतार कर जिला अस्पताल ले गये। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### दुष्कर्म में कार्रवाई न होने पर हंगामा

**कन्नौज।** दुष्कर्म के मामले में पुलिस की ओर से कार्रवाई न किये जाने से नाराज महिला ने एसपी कार्यालय के बाहर हंगामा काटा। महिला का आरोप था कि एक अधिकारी ने उसके साथ दो वर्ष तक दुष्कर्म किया। पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही। एक महिला शाम के समय एसपी कार्यालय पहुंची। आरोप लगाया कि उसके साथ एक अधिकारी ने लगातार दो साल तक दुष्कर्म किया। जब वह अपनी शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची तो उसकी बात नहीं सुनी गई। यही नहीं पुलिसकर्मियों ने उसके साथ गालीगलौज और अभद्रता भी की। एसपी से ऑफिस में किसी के न मिलने पर वह हंगामा करने लगी।

# परीक्षा देकर लौट रहे दो छात्रों की हादसे में मौत

## हाईवे पर खड़े ट्रैक्टर से टकराई बाइक, चालक की तलाश जारी

संवाददाता, मऊ चित्रकूट



अस्पताल में लगी ग्रामीणों और परिजनों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की परीक्षा देकर शुक्रवार देर शाम घर लौट रहे दो छात्रों की बाइक छिवलहा के पास झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में दोनों की मौत हो गई। इनमें एक किशोर ग्राम प्रधान का पुत्र था। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार, सूरज कुमार निषाद (18) पुत्र रामलोचन अपने साथी विजय कुमार पाल (18) पुत्र सुरेश चंद्र निवासी ग्राम औझर थाना मऊ के साथ इंटरमीडिएट की बोर्ड की परीक्षा देने परीक्षा केंद्र प्रयागराज के धनंजय सिंह एवं देवकरन पटेल इंटरमीडिएट कॉलेज, देवरी बरगाही, नारीबारी प्रयागराज गया था। सूरज ग्राम प्रधान रेड़ी भुसौली गुड़िया देवी का छोटा बेटा था। शाम को पेपर समाप्त होने के बाद दोनों बाइक से गांव आ रहे थे। छिवलहा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण हादसा हो गया। स्थानीय लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बालू लाद रहा एक ट्रैक्टर खड़ा था, जिससे मोटरसाइकिल टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों किशोर गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्राली सहित मौके से भाग गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के पास मिले आधार कार्डों से इनकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शनिवार को दोनों का पोस्टमार्टम हुआ।



विजय।



सूरज।

### अत्यंत घनिष्ठ मित्र थे विजय और सूरज

गांववाले बताते हैं कि सूरज और विजय आपस में घनिष्ठ मित्र थे और इसी वजह से एक ही कालेज में नाम लिखाया था। दोनों एक ही सेंटर से परीक्षा देकर लौट रहे थे। तभी हादसा हो गया।

## सब्जी लेने निकले बाइक सवार युवक की मार्ग हादसे में मौत

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली अंतर्गत शोभा सिंह का पुरवा निवासी एक युवक घर से सब्जी लेने निकला तो वापस जिंदा नहीं लौट सका। उसकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। युवक अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था।



भैरव प्रसाद।

जानकारी के अनुसार, शोभा सिंह का पुरवा एसडीएम कालोनी निवासी भैरव प्रसाद उर्फ लालजी (37) पुत्र चुन्ना प्रसाद शुक्रवार रात बाइक से सब्जी लेने निकला था। ट्रैफिक चौराहे के पास रात लगभग साढ़े नौ बजे उसकी बाइक को किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल भैरव प्रसाद को पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि भैरव प्रसाद परिवार का अकेला कमाऊ सदस्य था और उसकी मौत से घर में संकट गहरा गया है। उसकी मौत से पत्नी कुसुमा, बेटी, दो पुत्रों का हाल बेहाल है। भैरव स्टील की आलमारी बनाने का कारीगर था। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज से वाहन और उसके चालक का पता लगाने में जुटी है।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत, पांच घायल

कार्यालय संवाददताता इटावा

- फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत हुईं तीनों घटनाएं

**अमृत विचार।** जनपद के विभिन्न स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई वहीं पांच लोग घायल हो गए।

**पहली घटना** थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत दतावली गांव स्थित फौजी ढाबे के पास हुई ,जहां डंपर की टक्कर लगने से बाइक पर सवार धर्मेंद्र सिंह 50 वर्ष निवासी मैनपुरी और गौरव 30 वर्ष निवासी मैनपुरी गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना फ्रेंडस कालोनी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को जिला अस्पताल लाई जहां डॉक्टरों ने धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया जबकि गौरव को भर्ती कर लिया गया।

**दूसरी घटना** थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत आईटीआई चौराहे के पास हुई। यहां पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार राहुल निवासी महोबा, नीरज निवासी महोबा, दिलीप निवासी महोबा घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान राहुल की मौत हो गई।

**तीसरी घटना** थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत भरथना चौराहे के पास हुई। यहां पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पारस उर्फ सागर 16 वर्ष पुत्र विनोद कुमार निवासी यशोदानगर पचावली गम्भीर रूप से घायल हो गया था। उसे जिला अस्पताल से पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत मुगलपुर नरैनी के पास बाइकें टकराने से जगदीश नारायण पुत्र श्याम बिहारी व अभिषेक पुत्र श्याम बिहारी निवासीगण नगला डुडहा इकदिल घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां पर उनका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# फर्रुखाबाद में ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से शिक्षक की गई जान

संवाददाता फर्रुखाबाद

- तेरहवीं संस्कार में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे

**अमृत विचार।** जनपद के मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में निजी विद्यालय के शिक्षक रणवीर सिंह (50) की मौत हो गई। वह अपने चचेरे भाई के साथ तेरहवीं संस्कार में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही आलू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



रणवीर सिंह।

जानकारी के अनुसार मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव कन्हैया याकूबपुर निवासी रणवीर सिंह शहर के एक निजी विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार शाम वह अपने चचेरे भाई भगत के साथ मदनापुर गांव में आयोजित तेरहवीं संस्कार में शामिल होने गए थे। देर रात करीब सवा नौ बजे दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। जब वे जनेया-सिठेया गांव के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही आलू लदी तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि रणवीर सिंह सडक़ पर गिर पडे और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। बताया जा रहा है कि उन्होंने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे चोट और गहरी हो गई। वहीं पीछे बैठे चचेरे भाई भगत उछलकर दूर जा गिरे, जिससे उन्हें मामूली चोटें आईं और उनकी जान बच गई।घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल रणवीर सिंह को तत्काल डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, फर्रुखाबाद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में मां रानी देवी, पत्नी बिनीता, बेटा आयुष व पीयूष, हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी है। इस हादसे ने एक बार फिर सडक़ सुरक्षा और हेलमेट की अनिवार्यता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार भारी वाहनों पर नियंत्रण और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## फंदा लगाकर मजदूर ने दी जान

**फर्रुखाबाद।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला सलावत खां निवासी बादाम सिंह पुत्र स्व. रघुनाथ सिंह (40) का शव शनिवार सुबह फंदे पर लटका मिला।

मृतक के छोटे भाई सोनू सिंह ने बताया कि बादाम सिंह मजदूरी का काम करते थे। शनिवार सुबह जब उन्होंने अपने बड़े भाई का शव मकान के मुकले में लकड़ी डालकर साड़ी से बनाए गए फंदे पर लटका देखा, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। बादाम सिंह की पत्नी का 10 वर्ष पूर्व देहांत हो चुका था। उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है, जबकि दूसरी बेटी संध्या 18 वर्ष की है और सबसे छोटा बेटा सिद्धार्थ 12 वर्ष का है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया गया है। बादाम सिंह शराब पीने के आदी थे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

# महोबा में वादाखिलाफी के विरोध में निकाला गया मशाल जुलूस

कार्यालय संवाददाता, महोबा



महोबा में शनिवार को मशाल जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड अलग राज्य निर्माण की मांग को लेकर चित्रकूट से शुरू हुई वादा खिलाफी जन आक्रोश रथ यात्रा के महोबा आगमन पर शहर के आल्हा चौक पहुंची, जहां पर कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार को 2014 में किए गए वादे की याद दिलाते हुए प्रदर्शन किया।

यात्रा के प्रमुख भानु सहाय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान बुंदेलखंड की जनता से अलग राज्य बनाने का वादा किया गया था, जो दो कार्यकाल बीतने के बाद भी अधूरा है। यात्रा का उद्देश्य बुंदेलखंड के हर जिले में जन जन को जागरूक करना है। यह यात्रा चित्रकूट से शुरू हुई थी। अब तक चित्रकूट, बांदा, पन्ना, दमोह, सागर, टीकमगढ़, ललितपुर, दतिया, जालौन और हमीरपुर जैसे जिलों से होकर गुजर चुकी है। अब महोबा आकर मशाल जुलूस निकाला गया। बताया कि होली के त्योहार को देखते हुए यात्रा को अस्थायी रूप से रोका गया है। होली के ठीक बाद यह यात्रा पुनः शुरू होगी। उन्होंने बताया कि 13 मार्च को ओरछा के प्रसिद्ध रामराजा मंदिर में इसका समापन होगा। यात्रा में शामिल लोगों का मानना है कि बुंदेलखंड के विकास का एक मात्र रास्ता 'पृथक राज्य' का निर्माण ही है। इस मौके पर बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर, चंद्रशेखर स्वर्णकार, गया प्रसाद और अमरचंद विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बुंदेलखंड की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## फेरे के दौरान दुल्हन मंडप में गिरी दूल्हे ने शादी से किया इनकार

संवाददाता, दिबियापुर

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक गेस्ट हाउस में शनिवार सुबह शादी समारोह के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब भंवर की रस्म के दौरान दुल्हन को चक्कर आ गया और वह अचानक मंडप में गिर पड़ी। घटना से शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई और दूल्हे ने शादी करने से इनकार कर दिया।

जानकारी के अनुसार फफूंद थाना क्षेत्र के एक गांव से बारात कस्बे के एक मोहल्ले में स्थित गेस्ट हाउस में आई थी। दावत के बाद शनिवार सुबह भंवर की रस्म चल रही थी। छह फेरे पूरे हो चुके थे और सातवें फेरे के दौरान दुल्हन को चक्कर आने पर वह मंडप में गिर गई। इस दौरान दूल्हे ने शादी से मना कर दिया, जिससे दोनों पक्षों में विवाद की स्थिति बन गई। दुल्हन पक्ष का कहना था कि दोनों की शादी 11 दिसंबर को आयोजित सामूहिक विवाह योजना में पहले ही हो चुकी थी और गेस्ट हाउस में केवल पारंपरिक रस्में निभाई जा रही थीं। मामला बढ़ने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर माहौल शांत कराया। कई घंटे की समझाइश के बाद दूल्हा शादी की रस्म पूरी करने और दुल्हन को साथ ले जाने के लिए तैयार हो गया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में दुल्हन की सकुशल विदाई कराई गई। थाना प्रभारी निरीक्षक रुद्र प्रताप नारायण त्रिपाठी ने बताया कि शादी की सभी रस्में पूरी होने के बाद दुल्हन को सुरक्षित दूल्हे के साथ विदा कर दिया गया।

# कन्नौज जेल से भागा बंदी गुरुग्राम में मुठभेड़ के बाद हुआ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- मुठभेड़ में पुलिस ने चोरी के आरोपी के पैर में मारी गोली

**50** हजार रुपये का घोषित था इनाम, नववर्ष के जश्न के दौरान भागा था

**अमृत विचार।** जिला जेल से साथी के साथ भागे बंदी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगी।

तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव हजरतपुर निवासी अंकित कुमार उर्फ गुड्डा को ठठिया थाना पुलिस ने धान से लदे लोडर चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। चार जनवरी को जेल में नव वर्ष के जश्न के दौरान वह पॉक्सो एक्ट में बंद आरोपी डिंपी उर्फ शिवा के साथ कंबल की रस्सी बना कर दीवार फांदकर भाग निकला था। कन्नौज पुलिस डिंपी को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अंकित फरार चल रहा था। कन्नौज पुलिस इस आरोपी का तलाश लगातार कर रही थी। एसपी ने संबंधित पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। मामले में लापरवाही पर जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद, जेलर विनय प्रताप, डिप्टी जेलर बद्री प्रसाद, जेल वार्डर शिवेंद्र सिंह यादव, अतुल मिश्रा, नवीन कुमार, जयपाल व कपिल को निलंबित कर दिया गया था। एसटीएफ ने डिंपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि गुरुवार की रात उप निरीक्षक मनोज कुमार को सूचना मिली कि कन्नौज जेल से फरार आरोपी बाइक लेकर तमंचे के साथ पचगांव चौक से खोह कासन की ओर जा रहा है। इस पर गुरुग्राम पुलिस ने घेराबंदी की। इस पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसके पैर में गोली मार कर गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि आरोपी की तरफ से तीन जबकि पुलिस की ओर दो फायर किए गए। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि उक्त पर गुरुग्राम में पहले से एक मामला दर्ज था और अब वहां मुठभेड़ में गिरफ्तार हुआ है। कन्नौज में भी दो केस दर्ज हैं फरारी समेत। अब कन्नौज पुलिस की तरफ से वारंट बी की कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम जेल में दाखिल किया जाएगा। इसके बाद स्थानीय कोर्ट से उसे तलब कर जिले में लाया जाएगा।

## गंगा के मेहंदीघाट के सुंदरीकरण के लिए 8.59 करोड़ रुपये मंजूर

इरा अवस्थी, कन्नौज

**अमृत विचार।** गंगा के मेहंदीघाट के सुंदरीकरण को लेकर चल रहा इंतजार खत्म होने को है। जिला प्रशासन के प्रयासों के फलस्वरूप 8.59 करोड़ रुपये की धनराशि को मंजूरी मिल गई है।

यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि गंगा का मेहंदीघाट आस्था की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इसे पर्यटन के दृष्टिगत भी विकसित करने की योजना पर कार्य चल रहा है। इसी क्रम में शासन को करीब 12 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था। इसके अंतर्गत घाट का पक्का निर्माण, किनारे पर छतरी युक्त बैठने की व्यवस्था (गजीबो), मंदिर के पीछे पार्क का निर्माण, महिलाओं के लिए कपड़े बदलने के कमरों, सुलभ प्रसाधन, रोशनी की व्यवस्था को लाइटें, पेयजल के लिए आरओ प्लांट की स्थापना के काम का आगड़न बनाकर भेजा गया था। इसके अलावा गंगा आरती के लिए कथा स्थल का निर्माण भी प्रस्तावित है। इसको लेकर पहला प्रस्ताव मई 2025 को बनाकर शासन को भेजा गया था। इसके बाद इसे रिवाइज कर दिसंबर में दोबारा भेजा गया । इसके सापेक्ष 9 करोड़ 59 लाख रुपये की स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को नामित भी कर दिया गया है। जानकारी दी कि इसी वित्तीय वर्ष में टेंडर होने के साथ ही नए वित्तीय वर्ष के शुरुआत में काम शुरू कराए जाने की संभावना है। कन्नौज को यह घाट सैर स्थल के रूप में भी मिल जाएगा।

**गजब के दांव-पेच** | अजनर के सिद्ध बाबा मेला महोत्सव का दंगल प्रतियोगिता के साथ हुआ समापन

# सपना पहलवान ने ग्वालियर के रोहित को चटाई धूल

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)



दंगल के अखाड़े में दांव लगाकर पटखनी देने का प्रयास करते पहलवान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अजनर के सिद्ध बाबा मेला महोत्सव के अंतिम दिन दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में राजस्थान, अयोध्या, ग्वालियर, गाजियाबाद, झांसी सहित अन्य शहरों के करीब डेढ़ दर्जन पहलवानों के मध्य कुश्तियां कराई गई। पुरुष पहलवानों के अलावा महिला पहलवानों की कुश्तियां आकर्षण का केंद्र रहीं। दर्शकों ने भी दंगल दौरान पहलवानों का खूब हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता की सबसे बेहतरीन कुश्ती में अयोध्या की सपना ने ग्वालियर के रोहित को धूल चटाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

सिद्ध बाबा मेला के समापन अवसर में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ ग्राम प्रधान नन्हेलाल अनुरागी ने फीता काटकर किया। इसके बाद कुश्तियों का दौर जारी हुआ, जिसमें रेफरी ने पहली कुश्ती का आगाज बेलाताल के पहलवान मूनीर और सुगिरा के बब्लू का आपस में हाथ मिलाकर किया। दंगल में मुनीर ने बब्लू को पटकनी देते हुए जीत दर्ज की। इसके बाद राजस्थान के अभिषेक और ग्वालियर के जयसिंह पहलवान के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें दोनो पहलवानों ने अंत तक हार नहीं मारी और कुश्ती बराबरी पर छूटी। गंगानगर के बलवीर और रज्जन सिंह अतर्रा के बीच हुए दंगल में बलवीर ने जीत हासिल की। अयोध्या के छोटा बाबा और अमर गोरखपुर के बीच हुई कुश्ती में अमर को हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अयोध्या के छोटा बाबा और ग्वालियर के रोहित के बीच हुई कुश्ती में छोटा बाबा ने जीत दर्ज करते हुए दूसरी कुश्ती में जगह बनाई और उनका मुकाबला गोरखपुर के संजय से हुआ जो बराबरी पर रहा।

दूसरे दौर हुई महिला पहलवानों की कुश्ती का दर्शकों ने खूब लुत्फ उठाया। अयोध्या की सपना और गाजियाबाद की मुस्कान के बीच हुई कुश्ती में सपना ने मुस्कान को धोबी पछाड़ देते हुए कुश्ती जीती। वहीं अखिलेश झांसी ने बलवीर गंगानगर को मात दी। दंगल की अंतिम और चर्चित मुकाबल अयोध्या की महिला पहलवान सपना और ग्यालियर के रोहित के बीच हुआ, जिसमें सपना ने रोहित को धूल चटाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

दंगल में रेफरी की भूमिका में मसगांव के ऊदल रहे, जबकि अनिल कुमार ने कमेंट्री कर मुकाबलों को रोमांचक बनाया। अंत में सभी पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर देवेश भारती, अरविंद कुशवाहा, बृजेंद्र राजपूत, फूलसिंह यादव, मेला अध्यक्ष जयसिंह यादव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र राजपूत, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सक्सेना, सचिव अवधेश सहित व्यवस्थापक नूर मोहम्मद, घन्नू, देवकरण राजपूत यादव आदि रहे।

# सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद में मारपीट व फायरिंग

संवाददताता जसवंतनगर इटावा



घटना स्थल का निरीक्षण करतीं सीओ आयुषी सिंह व कोतवाल।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव कैस्त के समीप सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच मारपीट और हुई फायरिंग की घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नगला इंछा निवासी प्रियंका यादव पत्नी आधार यादव उर्फ जितेंद्र कुमार ने आरोप लगाया है कि शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे कटहरी निवासी आशू भदौरिया पुत्र जमादार सिंह और कैस्त निवासी शैलेन्द्र कुमार पुत्र गजाधर सिंह अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ अवैध असलहों से लैस होकर उक्त जमीन पर कब्जा करने पहुंचे। पीड़िता के अनुसार सूचना मिलने पर उनके पति आधार यादव परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और कब्जे का विरोध किया। इसी दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। घटना में आधार यादव घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह और थानाध्यक्ष कमल भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। क्षेत्रीय लेखपाल अनुराग यादव को भी मौके पर बुलाया गया। जांच में सामने आया कि विवादित भूमि सरकारी है तथा इस संबंध में उच्च न्यायालय में चल रहा मामला पूर्व में खारिज हो चुका है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर नामजद व अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एयरलाइंस को 11 हवाई क्षेत्रों से बचने की सलाह

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विमानन नियामक डीजीसीए ने शनिवार को एयरलाइंस को ईरान, सऊदी अरब और यूएई सहित 11 देशों के हवाई क्षेत्रों का उपयोग दो मार्च तक न करने की सलाह दी है। इन देशों में ईरान, इजराइल, लेबनान, यूएई, सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, इराक, जॉर्डन, कुवैत और कतर शामिल हैं। इजराइल और अमेरिका ने शनिवार को ईरान पर हमला किया, जिसके बाद कई हवाई क्षेत्र पहले से ही बंद हैं। भारतीय एयरलाइंस ने पश्चिम एशिया के लिए सेवाएं स्थगित कर दी हैं।



### बिजनेस ब्रीफ

## गुजरात में 185 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना शुरू

**नयी दिल्ली, एजेंसी :** अदाणी ग्रीन एनर्जी (एजीईएल) की अनुषंगी इकाई ''अदाणी ग्रीन एनर्जी ट्वेंटी फाइव सी लिमिटेड'' ने गुजरात के खावड़ा में 185 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया कि इस संयंत्र के चालू होने के साथ ही एजीईएल की कुल परिचालन नवीकरणीय उत्पादन क्षमता बढ़कर 17,472.2 मेगावाट हो गई है। प्रासंगिक मंजूरियों के आधार पर 28 फरवरी 2026 को इस सुविधा को चालू करने और एक मार्च 2026 से बिजली उत्पादन शुरू करने का निर्णय लिया गया।

## जिंदल पॉली फिल्म्स मामले में एनसीएलएटी का स्टे से इनकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के उस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें जिंदल पॉली फिल्म्स के शेयरधारकों द्वारा कंपनी के खिलाफ दायर ''क्लास एक्शन'' याचिका को स्वीकार कर लिया था। ''क्लास एक्शन'' या सामूहिक कार्रवाई याचिका कानूनी प्रक्रिया का एक ऐसा तरीका है, जिसमें लोगों का एक बड़ा समूह किसी कंपनी या संस्था के खिलाफ एक साझा मुकदमा दायर करते हैं। एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने माना कि अल्पसंख्यक शेयरधारकों द्वारा दायर याचिका, जिसमें 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी का आरोप लगाया गया है।

## दुर्लभ पृथ्वी खनन के लिए अपनी तटरेखा खोलेगा आंध्र प्रदेश

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश अपनी खनिज समृद्ध तटरेखा को बड़े पैमाने पर दुर्लभ पृथ्वी और टाइटेनियम युक्त तटीय रेत खनन के लिए खोलने की योजना बना रहा है। यह एक रणनीतिक कदम है जिसका उद्देश्य चीन से आयात पर भारत की निर्भरता को कम करना और महत्वपूर्ण खनिजों के लिए एक घरेलू मूल्य श्रृंखला बनाना है। सार्वजनिक क्षेत्र के आंध्र प्रदेश खनिज विकास निगम (एपीएमडीसी) ने तटीय जिलों में कई भारी खनिज युक्त भंडारों की पहचान की है, जो राज्य को टाइटेनियम डाइऑक्साइड, टाइटेनियम धातु और दुर्लभ पृथ्वी प्रसंस्करण के लिए एक संभावित केंद्र के रूप में स्थापित करता है।

## प्रदर्शनी में ग्रामीण सशक्तिकरण, स्वदेशी उद्यमिता का उत्सव

**ठाणे।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) की ओर से ठाणे के गावदेवी मैदान में आयोजित खादी–ग्रामोद्योग महोत्सव–2026 ग्रामीण सशक्तिकरण तथा खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के संवर्धन के सात दशकों के समर्पित प्रयास की प्रदर्शनी आयोजित की गयी है। आगामी छह मार्च तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में खादी की समृद्ध विरासत तथा लोकप्रिय ग्रामोद्योग उत्पादों की जीवंत झलक प्रस्तुत की जा रही है। इसका उद्घाटन एक भव्य उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि और ठाणे की महापौर शर्मिला पिंपलकर की उपस्थिति में केवीआईसी की मुख्य कार्यकारी रूप राशि ने किया।

### नई पहचान




गुजरात के साणंद में माइक्रोन सेमीकंडक्टर फैसिलिटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कंपनी के एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) प्लांट का उद्घाटन किया। कर्मचारियों से बात करते पीएम और साथ में माइक्रोन के सीईओ संजय मेहरोत्रा। फोटो : एजेंसी

# हार्डवेयर में भी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा भारत: मोदी

### पीएम मोदी ने किया साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन

**साणंद, एजेंसी**

● **दुनिया तक यह संदेश साफ और स्पष्ट रूप से पहुंच गया है कि भारत सक्षम है, भारत प्रतिस्पर्धी है और भारत प्रतिबद्ध है: प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सेमीकंडक्टर संयंत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर में अपनी ताकत के लिए पहचाने जाने के बाद अब देश हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी विशिष्ट पहचान मजबूती से स्थापित कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका स्थित कंपनी के एटीएमपी (संयोजन, परीक्षण, अंकन और पैकेजिंग) संयंत्र का उद्घाटन भारत और अमेरिका के बीच गहरी साझेदारी को दर्शाता है। मोदी ने कहा कि दुनिया तक यह संदेश साफ और स्पष्ट रूप से पहुंच गया है कि भारत सक्षम है, भारत प्रतिस्पर्धी है और भारत प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सॉफ्टवेयर की ताकत के लिए लंबे समय से पहचाने जाने वाला भारत अब हार्डवेयर क्षेत्र में भी अपनी पहचान मजबूती से बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह आयोजन भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सहयोग का प्रमाण है, विशेष रूप से एआई और चिप प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में, जहां दोनों देशों के बीच साझेदारी बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि दुनिया ने 20वीं सदी के दौरान औद्योगिक क्रांति का दौर देखा। उस समय जो देश कारखानों, मशीनों और बड़े पैमाने पर उत्पादन में आगे थे, उन्होंने तेजी से प्रगति की। लेकिन यह सदी एआई क्रांति की है और सेमीकंडक्टर इस बदलाव का सेतु हैं। छोटी सी चिप औद्योगिक क्रांति और एआई क्रांति दोनों को जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि अगर पिछली सदी में तेल की अहमियत थी, तो इस सदी की दिशा तय करने वाले माइक्रोचिप्स होंगे। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए, भारत ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया कि देश ने अपने ''सेमीकंडक्टर मिशन'' की घोषणा उस समय की थी जब दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि महामारी के दौरान सब कुछ बिखरता हुआ महसूस हो रहा था, लेकिन जो बीज हमने दृढ़ विश्वास के साथ बोए थे, वे अब बढ़ रहे हैं और फल दे रहे हैं। बताया कि उनकी सरकार ने अब तक 'सेमीकॉन इंडिया' कार्यक्रम के तहत 10 परियोजनाओं को मंजूरी दी है और माइक्रोन संयंत्र के अलावा तीन और परियोजनाओं में बहुत जल्द उत्पादन शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि हम जो सेमीकंडक्टर परिवेश बना रहे हैं, वह किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, यह पूरे भारत के लिए है।'' नोएडा (उत्तर प्रदेश), असम, ओडिशा और पंजाब में स्थित परियोजनाओं पर काम शुरू हो गया है। मोदी ने कहा कि इस बजट में 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन 2.0' की घोषणा की गई है। इसका उद्देश्य यह है कि जैसे-जैसे उत्पादन बढ़ेगा, भारत में सामग्री घटकों और सेवाओं की मांग भी बढ़ेगी। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन और निर्यात में पिछले 11 वर्षों में हुई भारी वृद्धि पर भी प्रकाश डाला। यह नया संयंत्र साणंद में एक नया परिवेश तैयार करेगा। प्रधानमंत्री ने टाटा नैनो फैक्ट्री का जिक्र करते हुए कहा, कि जब एक बड़ी वाहन कंपनी यहां आई थी, तो उसके साथ एक पूरा परिवेश विकसित हुआ। भविष्य में साणंद सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अपनी सफलता का एक नया अध्याय लिखेगा। एक सरकारी बयान के अनुसार यह संयंत्र एसएसडी (सॉलिड स्टेट ड्राइव) भंडारण उपकरण के साथ ही रैम प्रकार के डीरैम और एनएएनडी उत्पादों का निर्माण करेगा। माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने इस संयंत्र में 22,516 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

## सेबी प्रमुख, कनाडा के वित्त मंत्री के बीच चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कनाडा के वित्त मंत्री फ्रैंकोइस-फिलिप शैम्पेन के साथ संस्थागत निवेश को सुविधाजनक बनाने और नियामक सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।चर्चा के दौरान सेबी प्रमुख के साथ पूर्णकालिक सदस्य संदीप प्रधान और कार्यकारी निदेशक मनिंदर चीमा भी उपस्थित थे। सेबी द्वारा शनिवार को ''एक्स'' पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, इस बैठक में संस्थागत निवेश को बढ़ावा देने, नियामक समन्वय को सुदृढ़ करने और आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# ध्यान दे... बुलेट ट्रेन में अभी देरी है

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए चीन से टनल बोरिंग मशीनों (टीबीएम) के आयात में हो रही देरी के बीच, उच्च श्रेणी के निर्माण उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के सरकार के फैसले से भारत की तेज रफ्तार वाली रेल आकांक्षाओं को बल मिल सकता है।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में उच्च मूल्य और तकनीकी रूप से उन्नत उपकरणों के घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के लिए निर्माण और बुनियादी ढांचा उपकरण (सीआईई) संवर्धन योजना का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा कि यह बहुमंजिला अपार्टमेंट में लिफ्ट, छोटे और बड़े अग्निशमन उपकरणों से लेकर मेट्रो और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सड़क बनाने के लिए टनल बोरिंग उपकरणों तक हो सकता है।' भारत के पहले बुलेट ट्रेन गलियारे मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति रेल (एमएएचएसआर) परियोजना के तहत बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) और शीलफाटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाने के लिए कुछ सबसे बड़ी टीबीएम की आवश्यकता है। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे सात किलोमीटर तक समुद्र के नीचे का हिस्सा भी शामिल है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि जर्मनी में बने टीबीएम को पिछले साल सितंबर में चीन से मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट भेजा जाना था। बताया कि केवल एक खेप पहुंची है और बाकी को तकनीकी कारणों से कुछ और महीनों के लिए रोक दिया गया है, जिससे समुद्र के नीचे सुरंग की खुदाई शुरू करने में देरी हो रही है।

## गेल महाराष्ट्र में 1,736 करोड़ रुपये निवेश करेगी

**दिल्ली,एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड महाराष्ट्र में एक पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए 1,736.25 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने वर्ष 2035 तक शुद्ध शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है और यह निवेश उसके नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार की दिशा में एक कदम है।


गेल ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि शुक्रवार को हुई निदेशक मंडल की बैठक में 178.2 मेगावाट क्षमता की पवन ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के निवेश प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

अनुबंध मिलने के 24 महीनों के भीतर पूरी होने वाली यह परियोजना कंपनी के मौजूदा 117.95 मेगावाट के पोर्टफोलियो में इजाफा करेगी। इसके अलावा, कंपनी के पास राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैली 27 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं भी हैं। वर्तमान में कंपनी की पवन ऊर्जा परियोजनाएं गुजरात (19.2 मेगावाट), कर्नाटक (38.1 मेगावाट) और तमिलनाडु (60.65 मेगावाट) में स्थित हैं। गेल भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस पारेषण और विपणन कंपनी है।

# एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख का जुर्माना

**मुंबई, एजेंसी**

● **एनएसई और बीएसई ने जारी किये अलग-अलग नोटिस**



सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों के अनुपात में कमी को लेकर शेयर बाजारों ने उस पर कुल 10 लाख 85 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया है। एनटीपीसी ने शनिवार को शेयर बाजारों को बताया कि उसे 27 फरवरी को बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से अलग-अलग नोटिस मिले हैं।

दोनों ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सेबी के एलओडीआर (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) नियमावली के नियम 17(1) का पालन न करने के लिए 5,42,800 रुपये के एक समान जुर्माने लगाये हैं। जुर्माने की कुल राशि 10,85,600 रुपये है। नियम 17(1) निदेशक मंडल की संरचना से संबंधित है।

यह नियम किसी भी सूचीबद्ध कंपनी के निदेशक मंडल में कम से कम एक महिला निदेशक और 50 प्रतिशत स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को अनिवार्य बनाता है।

कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि एक सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते उसके निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है।

वह ऊर्जा मंत्रालय के समक्ष पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मसला उठाती रही है, ताकि सेबी के नियम 17(1) का अनुपालन किया जा सके। उसने शेयर बाजारों से आग्रह किया है कि इन बातों को ध्यान में रखते हुए उस पर जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए।

एनटीपीसी की वेबसाइट के अनुसार, वर्तमान में उसके निदेशक मंडल में कुल 13 सदस्य हैं जिनमें पांच स्वतंत्र निदेशक हैं।

# टेक्सटाइल पार्क योजना में तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **तमिलनाडु के विरुधुनगर में 23 निवेशकों को भूखंड आवंटित**

तमिलनाडु में विरुधुनगर स्थित पीएम मित्र पार्क(प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल उद्योग क्षेत्र) योजना के अंतर्गत 23 निवेशकों को कुल 190.44 एकड़ के बराबर भूखंडों के आवंटन किये गये।

कपड़ा मंत्रालय ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि विरुधुनगर पीएम मित्र पार्क के निदेशक मंडल ने शुक्रवार को हुई बैठक में निवेशकों के प्रस्तावों पर ये आवंटन किये। इससे लगभग 2,192.21 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग खुला है। इन प्रस्तावों के कार्यान्वयन पर करीब 15,000 रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।



विज्ञप्ति के अनुसार विरुधुनगर मेगा कपड़ा पार्क योजना में निवेश के इन स्वीकृत प्रस्तावों में एकीकृत संयंत्र, धागा, कपड़ा , प्रसंस्करण व फिनिशिंग, गारमेंट उत्पादन तथा टेक्निकल टेक्सटाइल्स जैसे विभिन्न क्षेत्रों के प्रस्ताव शामिल हैं।बोर्ड की नवीं बैठक की अध्यक्षता वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव ने की। इसमें मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। पार्क में औद्योगिकी दूषित जल के शोधन की सुविधा स्थापित की जा रही है, जिससे पर्यावरण अनुकूल और सतत प्रोसेसिंग को बढ़ावा मिलेगा। इससे छोटे और मध्यम उद्योगों को भी स्वच्छ प्रसंस्करण सुविधाएं मिलेंगी।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार की पीम मित्र पार्क योजना के तहत विरुधुनगर सहित देश के सात स्थानों पर वृहद टेक्सटाइल उद्योग पार्क मंजूर किये गये हैं। विरुधुनगर लगभग 1,894 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। इसमें जल- मल शोधन संयंत्र के अलावा 20 मेगावाट सोलर पावर प्लांट, केंद्रीकृत स्टीम बॉयलर और लगभग 13 लाख वर्गफुट में विकसित प्लग-एंड-प्ले इकाइयों के लिए काम करने की जगह विकसित की गयी है।

## ईरान पर हमले के कारण तेल-तिलहन कीमतों में उछाल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद आपूर्ति प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सभी तेल-तिलहनों में उछाल आया तथा सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम मजबूती के साथ बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि आज ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद आपूर्ति चिंता बढ़ने के बीच बाजार में अफरा तफरी फैल गयी। दाम कम होने की वजह से किसानों की ओर से आवक घटाने के बाद कच्ची घानी की बड़ी तेल मिलों ने सरसों के दाम 150-150 रुपये क्विंटल बढ़ाये भी हैं।

# जनवरी में152.49 लाख लोगों ने देश में की हवाई यात्रा

**मुंबई, एजेंसी**




देश के भीतर हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या जनवरी 2026 में वार्षिक आधार पर 4.36 प्रतिशत बढ़कर 152.49 लाख रही। यह जानकारी नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों में दी गई है। शुक्रवार देर शाम जारी आंकड़ों के अनुसार, इंडिगो, एयर इंडिया समूह, स्पाइसजेट और अकासा एयर सहित प्रमुख घरेलू विमानन कंपनियों ने जनवरी 2025 में कुल 146.11 लाख यात्रियों को सेवाएं दी थीं। दिसंबर में पायलटों के विश्राम और ड्यूटी अवधि के कड़े नियमों के कारण परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना करने वाली इंडिगो ने अपनी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर ली है। कंपनी 63.6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी और 97.04 लाख यात्रियों के साथ शीर्ष पर रही।

इसके विपरीत, एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी पिछले महीने की तुलना में लगभग तीन प्रतिशत घटकर 26.5 प्रतिशत (40.34 लाख यात्री) रह गई।

विमान में सीटों के भरने की दर (पीएलएफ) के मामले में अकासा एयर 93.2 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रही, जबकि इंडिगो 87.7 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रही। पीएलएफ यह मापता है कि विमान की कुल क्षमता का कितना उपयोग किया गया है। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 में घरेलू उड़ानों के रद्द होने की कुल दर 1.44 प्रतिशत रही। वहीं, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे छह प्रमुख महानगरीय हवाई अड्डों से समय पर परिचालन के मामले में इंडिगो 70.9 प्रतिशत के साथ सबसे बेहतर रही।

## आईआईएम के छात्रों का पैकेज 71.4 लाख तक पहुंचा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) मुंबई ने शनिवार को अपने 2024-2026 बैच के प्लेसमेंट के परिणामों की घोषणा की, जिसमें अधिकतम घरेलू वेतन पैकेज सालाना 71.4 लाख रुपये तक पहुंच गया। संस्थान द्वारा जारी एक बयान के अनुसार बैच के शीर्ष 10 प्रतिशत छात्रों को औसतन 47.5 लाख रुपये सालाना का पैकेज मिला, जबकि शीर्ष 20 प्रतिशत के लिए यह औसत 41.4 लाख रुपये और शीर्ष 50 प्रतिशत के लिए 34.5 लाख रुपये रहा।



● **परामर्श क्षेत्र रहा सबसे बड़ा नियोक्ता, 50 फीसदी को मिले 34.5 लाख सालाना**

सूचना में कहा गया है कि स्नातकों को बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई), परामर्श, एफएमसीजी, सामान्य प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, परिचालन, लॉजिस्टिक, दवा और स्वास्थ्य सेवा तथा उत्पाद प्रबंधन जैसे विविध क्षेत्रों में नियुक्तियां मिली हैं। परामर्श क्षेत्र सबसे बड़े भर्ती क्षेत्र के रूप में उभरा, जिसमें 123 प्रस्ताव दिए गए। वहीं, बीएफएसआई क्षेत्र में पिछले वर्ष की तुलना में नियुक्तियों में 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो इस सत्र की सबसे अधिक क्षेत्रीय वृद्धि है।

### जानकारी

**शेयरों में निवेश करने से पहले जानिए कुछ जरूरी बातें**

# डीमैट अकाउंट खोलना क्यों है जरूरी, किन बातों का रखें ध्यान

**प्रकुल सक्सेना, कारोबार डेस्क**

**अमृत विचारः** निवेश को सुरक्षित और पेपरलेस बनाने के लिए सेबी ने 1 अप्रैल 2019 से फिजिकल शेयरों को डिजिटालाइज्ड यानी डिमैट करना अनिवार्य कर दिया है।

स्टेट बैंक समेत कई सरकारी और निजी बैंक अपने बैंकिंग ऐप्स से डीमैट अकाउंट बनाने की सुविधा दे रहे हैं। अगर आप भी शेयर ट्रेडिंग शुरूकरने की सोच रहे हैं या अभी आपने अपने फिजिकल शेयर को डिमैट नहीं किया है तो यहां दी गयी जानकारी आपके काम की है। आईए जानते हैं डिमैट अकाउंट से संबंधित सभी जरूरी बातें-



सीए शरद मिश्रा कहते हैं कि निवेश की शुरुआत के लिए सबसे पहले डीमैट अकाउंट को समझना बेहद जरूरी है। यह है क्या? सरल शब्दों में कहें तो यह आपके शेयरों का खाता या एक डिजिटल लॉकर है। जैसे बैंक खाते में पैसे रहते हैं, वैसे ही यहाँ आपके शेयर सुरक्षित डिजिटल रूप में रखे जाते हैं। **कैसे खोलें?** आप इसे किसी भी डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट या बैंक के माध्यम से खोल सकते हैं। **डीपी की भूमिका :** एक डीपी आपके डिजिटल अकाउंट और डेटा का पूरा रखरखाव करता है, जिससे आपकी ट्रांजेक्शन सुरक्षित रहती हैं। सुरक्षित निवेश की ओर यह आपका पहला कदम है।




### आवश्यक मुख्य दस्तावेज

भौतिक शेयरों को डीमैट में बदलने के लिए आपको ये कागजात तैयार रखने होंगे :

- ओरिजिनल शेयर सर्टिफिकेट्स : वे सभी फिजिकल सर्टिफिकेट जिन्हें आप डिजिटल करना चाहते हैं। सुनिश्चित करें कि इन पर कंपनी का नाम, फोलियो नंबर और सर्टिफिकेट नंबर स्पष्ट हो।
- डीआरएफ (डीमैट रिक्वेस्ट फॉर्म) : यह फॉर्म आपको अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) यानी आपके ब्रोकर से मिलेगा। हर कंपनी के शेयरों के लिए अलग डीआरएफ भरना होता है।
- पैन कार्ड : पैन कार्ड अनिवार्य है और यह आपके डीमैट खाते से लिंक होना चाहिए।
- केवाईसी दस्तावेज : आधार कार्ड या पासपोर्ट जैसे पते के प्रमाण।
- बैंक विवरण : एक कैंसल्ड चेक जिसमें आपका नाम और बैंक का आईएफएससी कोड स्पष्ट रूप से अंकित हो।

### स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस

- डीमैट खाता खोलें : यदि आपके पास पहले से खाता नहीं है, तो किसी भी सेबी–पंजीकृत ब्रोकर से या ऐप से डीमैट खाता खोलें।
- डीआर फार्म भरें : अपने ब्रोकर से ''डीमैट रिक्वेस्ट फॉर्म'' प्राप्त करें। इस फॉर्म पर वैसे ही हस्ताक्षर करें जैसे आपने पुराने शेयर सर्टिफिकेट पर किए थे।
- सर्टिफिकेट सरेंडर करें : हर शेयर सर्टिफिकेट पर 'सरेंडर्ड फॉर डीमटेरियलाइजेशन' लिखें। इससे सर्टिफिकेट की भौतिक वैधता समाप्त हो जाती है और सुरक्षा बढ़ती है।
- ब्रोकर को जमा करें : डीआर फॉर्म और मूल सर्टिफिकेट अपने ब्रोकर (डीपी) को सौंप दें। आगे की करवाई डीपी करेगा।
- डिजिटल क्रेडिट : एक बार जब कंपनी और आरटीए आपके हस्ताक्षरों और सर्टिफिकेट की पुष्टि कर देते हैं, तो भौतिक शेयर नष्ट कर दिए जाते हैं और उतने ही शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में आपके डीमैट खाते में जमा कर दिए जाते हैं।

### महत्वपूर्ण बातें ध्यान रखें

- नाम में अंतर : यदि आपके पुराने सर्टिफिकेट और वर्तमान पैन कार्ड के नाम में मामूली अंतर है तो आपको एक एफ़िडेविट या नाम सुधार फॉर्म देना पड़ सकता है।
- नामांकन : सेबी के नए नियमों के अनुसार, डीमैट खाते में नॉमिनी का होना अब अनिवार्य है।
- संयुक्त धारक : यदि भौतिक शेयर संयुक्त नाम में हैं, तो डीमैट खाता भी उसी क्रम में उन्हीं व्यक्तियों के नाम पर होना चाहिए।
- यह प्रक्रिया आमतौर पर 15 से 30 दिनों में पूरी हो जाती है। चूंकि सेबी ने 2026 तक की समयसीमा और विशेष खिड़की की बात की है, इसलिए यही सही समय है।कि आप अपनी पुरानी कागजी संपत्तियों को सुरक्षित डिजिटल रूप में बदल लें।

# महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा टीकाकरण

जयपुर, एजेंसी

• प्रधानमंत्री मोदी ने की एचपीवी टीका अभियान की शुरुआत



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) टीकाकरण अभियान की शुरुआत शनिवार को राजस्थान के अजमेर से की। उन्होंने इस अभियान को देश की नारीशक्ति को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम करार दिया।

इसके साथ ही मोदी ने राजस्थान के लिए 16,686 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले कार्यों एवं परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री ने कायड़ विश्रामस्थली में बने टीकाकरण स्थल से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत की। उन्होंने नौ से 14 वर्ष की पांच बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाए जाने के बाद उनसे संवाद भी किया। बाद में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, आज वीरांगनाओं की इस धरती से मुझे देशभर की बेटियों के लिए एक अहम अभियान शुरू करने का अवसर मिला है। अजमेर से एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है। ये अभियान देश की नारीशक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम है। प्रधानमंत्री ने राजस्थान की जिन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया उसमें 8,554 करोड़ की 34 परियोजनाएं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से तथा करीब 8,132 करोड़ की नौ प्रमुख परियोजनाएं केन्द्र के राष्ट्रीय राजमार्ग और ऊर्जा विभाग की हैं।

## आखिर क्यों बिगड़ी बात

# अमेरिका-ईरान वार्ता

अमेरिका और ईरान के संबंध कभी दोस्ती तो कभी दुश्मनी के चरम पर रहे हैं, लेकिन फरवरी 2026 की घटनाओं ने दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक ने उस कूटनीतिक धागे को तोड़ दिया है, जिसे महीनों की मेहनत से मस्कट और जिनेवा में बुना गया था। यह विवाद महज दो देशों की रंजिश नहीं है, बल्कि वर्चस्व, सुरक्षा और परमाणु हथियारों की दौड़ का एक ऐसा जटिल ताना-बाना है जिसने पूरे पश्चिम एशिया को बारूद के ढेर पर बिठा दिया है। विवाद की गहराई को समझने के लिए हमें 2015 के परमाणु समझौते और फिर 2018 में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उससे हटने के फैसले को देखना होगा। ट्रंप का मानना था कि पिछला समझौता ईरान को बम बनाने से नहीं रोकता, बल्कि उसे केवल टालता है।



### ट्रंप की नाराजगी के कारण

- शून्य संवर्धन की मांग : अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि ईरान को एक ग्राम यूरेनियम भी संवर्धित करने की अनुमति न मिले।
- स्थायी क्लॉज : ट्रंप पुराने समझौते के 'सनसेट क्लॉज' (जिसके तहत कुछ प्रतिबंध समय के साथ खत्म हो जाते) के सख्त खिलाफ हैं। वह एक स्थायी प्रतिबंध चाहते हैं।
- ईरान का आक्रामक रुख : बातचीत के दौरान भी हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में अमेरिकी जहाजों पर हमले जारी रहे, जिससे ट्रंप को लगा कि ईरान केवल बातचीत का नाटक कर रहा है।

### विवाद की मुख्य वजह

- परमाणु बम का डर : अमेरिका को संदेह है कि ईरान फतवा (परमाणु हथियारों के खिलाफ धार्मिक आदेश) की आड़ में गुप्त रूप से परमाणु हथियार विकसित कर रहा है।
- मिसाइल प्रोग्राम : ईरान के पास मध्य-पूर्व में सबसे बड़ा बैलिस्टिक मिसाइल शस्त्रागार है। अमेरिका चाहता है कि परमाणु वार्ता में मिसाइलों को भी शामिल किया जाए, जिसे ईरान अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानता है।
- क्षेत्रीय विस्तारवाद : ईरान द्वारा हमास (गाजा), हिजबुल्ला (लेबनान) और हूतियों (यमन) को दिया जाने वाला समर्थन अमेरिका और उसके मित्र देशों (इजरायल, सऊदी अरब) के लिए बड़ा खतरा है।
- आर्थिक प्रतिबंध : अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था की रीढ़ 'तेल निर्यात' पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं, जिसे ईरान 'आर्थिक आतंकवाद' कहता है।

वर्तमान स्थिति दिखाती है कि कूटनीति केवल औपचारिकता रह गई है। ईरान पीछे नहीं हटता और अमेरिका हमले जारी रखता है, तो दुनिया ऊर्जा संकट और क्षेत्रीय अस्थिरता की चपेट में आ जाएगी।

### मस्कट से जिनेवा तक

- **सहमति के बिंदु : ईरान इस बात पर राजी हो गया था कि वह 60% संवर्धित यूरेनियम के स्टॉक को फ्रीज कर देगा और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के निरीक्षकों को अधिक पहुँच प्रदान करेगा।**
- **टकराव के बिंदु : ईरान चाहता था कि अमेरिका पहले सभी प्रतिबंध हटाए और भविष्य में किसी भी राष्ट्रपति द्वारा समझौते से दोबारा न हटने की कानूनी गारंटी दे।**

## वर्ल्ड ब्रीफ

### अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों में हो सकता है विलंब

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने शनिवार को यात्रियों के लिए एक परामर्श जारी कर आगाह किया कि कुछ अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में देरी हो सकती है या उनके मार्ग में बदलाव किया जा सकता है। हवाई अड्डे ने कहा कि संभावित व्यवधान कई अंतर्राष्ट्रीय हवाई क्षेत्रों के अस्थायी रूप से बंद होने और प्रतिबंधों के कारण हैं। तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने परामर्श में कहा कि यात्रियों को हवाई अड्डे की यात्रा करने से पहले संबंधित एयरलाइनों के साथ उड़ान की नवीनतम स्थिति की जांच करने और उसी के अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी गई है।

### हूती विद्रोही जहाजों पर फिर शुरू करेंगे हमले

**काहिरा।** यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने ईरान के समर्थन में समुद्री मार्गों और इजराइल पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले फिर से शुरू करने का फैसला किया है। हूती विद्रोहियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह बात नाम उजागर न करने की शर्त पर कही क्योंकि हूती नेतृत्व की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि विद्रोहियों का पहला हमला आज रात ही हो सकता है। ट्रंप प्रशासन के साथ हुए एक समझौते के तहत विद्रोहियों ने लाल सागर के समुद्री मार्ग पर अपने हमले रोक दिए थे।

### सिएरा लियोन के 16 सैनिकों को किया रिहा

**कोनाक्री (गिनी)।** अफ्रीकी देश गिनी ने शुक्रवार को पड़ोसी देश सिएरा लियोन के उन 16 सैनिकों और पुलिस अधिकारियों को रिहा कर दिया जिन्हें इस सप्ताह की शुरुआत में सीमा विवाद में गिरफ्तार किया गया था। सिएरा लियोन के प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिएरा लियोन के सूचना मंत्रालय ने एक पोस्ट में कहा, गिनी के अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी सुरक्षा अधिकारियों को सिएरा लियोन को सौंप दिया गया है।

### एएनटीएफ ने अफीम सहित युवक को पकड़ा

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ में मादक पदार्थ निरोधी कार्यबल (एएनटीएफ) ने एक युवक को गिरफ्तार करके उससे करीब ढाई किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है। एएनटीएफ के आईजी विकास कुमार ने शनिवार को बताया कि चित्तौड़गढ़ चौकी ने शुक्रवार देर रात चंदेरिया रोलाहेड़ा मार्ग पर नाकेबंदी के दौरान एक मोटर साइकिल पर सवार युवक को रुकने का इशारा किया तो वह बाइक छोड़कर भागने लगा।

# राष्ट्रपति ट्रंप बोले-ईरान परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरानी लोगों से अपनी सरकार पर नियंत्रण करने की अपील की

• ईरान को बताया दुनिया का सबसे बड़ा आतंकवाद प्रायोजक देश

वेस्ट पाम बीच, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किए गए आठ मिनट के वीडियो में कहा कि अमेरिका ने ईरान में बड़े पैमाने पर युद्ध अभियान शुरू कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को विकसित करना जारी रखा है और अमेरिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलों को विकसित करने की योजना बना रहा है। ट्रंप ने ईरानी लोगों से अपनी सरकार पर नियंत्रण हासिल करने की अपील की।

ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि कुछ समय पहले, अमेरिकी सेना ने ईरान में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किए। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य ईरानी शासन से उत्पन्न होने वाले सभी खतरों को समाप्त करके अमेरिकी जनता की रक्षा करना है। उन्होंने कहा, ईरानी शासन 47 वर्षों से अमेरिका मुर्दाबाद के नारे लगा रहा है और अमेरिका, हमारे सैनिकों और कई देशों में निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर रक्तपात और सामूहिक हत्या का एक अंतहीन अभियान चला रहा है। ट्रंप ने कहा, शासन के शुरुआती कृत्यों में से एक तेहरान में अमेरिकी दूतावास पर हिंसक कब्जे का समर्थन करना था, जिसमें दर्जनों अमेरिकी नागरिकों को 444 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया था। ट्रंप ने कहा कि ईरान के सहयोगी हमास ने ही सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले किए, जिसमें 46 अमेरिकियों सहित 1,000 से अधिक निर्दोष की हत्या कर दी गई। ईरान दुनिया का सबसे बड़ा आतंकवाद प्रायोजक देश है, और उसने हाल ही में विरोध प्रदर्शन कर रहे अपने हजारों नागरिकों को मार डाला।



ईरानी मिसाइल हमले की आशंका में तेल अवीव में एक आश्रय स्थल में शरण लिए लोग।

### खामनेई के मारे जाने की खबरों का खंडन किया

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनके देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई जहां तक मुझे पता है जीवित हैं। अराघची ने एनबीसी न्यूज से उन खबरों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि इजराइली हमलों में खामेनेई की मौत हो गई है। उनके मरने का दावा कुछ इजराइली मीडिया घरानों ने किया था। अराघची ने इतना अवश्य कहा कि उनके एक या दो कमांडर मारे गए हैं, लेकिन अधिकांश अधिकारी जीवित हैं। अराघची ने ईरान में सत्ता परिवर्तन को असंभव कार्य करार देते हुए कहा कि फिलहाल अमेरिका के साथ कोई संवाद नहीं हो रहा है, कहा कि बातचीत की किसी संभावना से पहले हमलों को रुकना चाहिए।

### अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू करें

**ब्रुसेल्स।** ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने अमेरिका-ईरान वार्ता फिर से शुरू करने का आह्वान किया और क्षेत्र के देशों पर ईरानी हमलों की निंदा की। इन देशों ने शनिवार को ईरान पर हुए अमेरिकी और इजराइली हमलों पर कोई टिप्पणी नहीं की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने शनिवार को कहा कि उनके देशों ने ईरान पर हुए हमलों में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन वे अमेरिका, इजराइल और क्षेत्र के अन्य साझेदारों के साथ घनिष्ठ संपर्क में हैं। इन तीनों देशों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के जरिए समाधान निकालने के प्रयासों का नेतृत्व किया है।

## शांति बहाली में सहयोग करे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमले की निंदा करते हुए शनिवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष खत्म कराने में मदद करे और क्षेत्र में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करे। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इजराइल दौर का उपयोग तनाव कम करने के लिए क्यों नहीं किया या फिर वह इस युद्ध का समर्थन करते हैं? अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को ईरान के कई शहरों में हवाई हमले किए। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल से जुड़े कई सामरिक स्थलों को निशाना बनाया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ती शत्रुता बेहद चिंताजनक है। पूरे पश्चिम एशिया में प्रत्येक भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं भारत सरकार से हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाने का आग्रह करता हूं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, हम पूरे पश्चिम एशिया में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं।

# अफगान बलों ने गिराया पाकिस्तानी जंगी विमान

काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी

• पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के दावे को मनगढ़ंत-झूठा बताया

अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने शनिवार को पूर्वी नंगरहार प्रांत में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराया और पायलट को हिरासत में ले लिया। स्थानीय मीडिया में रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। तुलु न्यूज़ के अनुसार, अफगान बलों ने पायलट को हिरासत में ले लिया है।

पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को अफ़गान मीडिया के उस दावे को खारिज कर दिया जिसमें उसने नंगरहार प्रांत में एक पाकिस्तानी लड़ाकू विमान को मार गिराने और उसके पायलट को ज़िंदा पकड़ने का दावा किया था। इस बीच, समाचार एजेंसी खामा प्रेस ने नंगरहार पुलिस कमान के प्रवक्ता सैयद तैयब हम्माद के हवाले से कहा कि नंगरहार हवाई अड्डे पर वायु रक्षा प्रणाली के चालू होने के तुरंत बाद लडाकू विमान को मार गिराया गया। उन्होंने इस घटना को एक बड़ी कामयाबी बताया। उल्लेखनीय है कि तालिबान के प्रवक्ता ज़बीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था कि पाकिस्तान के हमलों में कई अफगानों की जान जा चुकी है, जबकि अफगानिस्तान आत्म रक्षा में सैन्य कार्रवाई कर रहा है। पाकिस्तान ने सैन्य विमान गिराने को झूठा और मनगढ़ंत वाकया बताया। सूचना मंत्रालय ने इस आरोप को पूरी तरह से नकारते हुए कहा कि पाकिस्तान सैन्य बलों का कोई भी लड़ाकू विमान नहीं गिराया गया है और कोई भी पायलट लापता या पकड़ा नहीं गया है। बयान में कहा गया, पाकिस्तान सैन्य बलों ने किसी भी पाकिस्तानी लड़ाकू विमान के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं दी है। मंत्रालय ने कहा कि आरोप को साबित करने के लिए क्रैश का मलबा, मलबा या पकड़े गए पायलट का कोई भी विजुअल सबूत पेश नहीं किया गया है।

### संरा प्रमुख ने हिंसा पर जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हिंसा बढ़ने पर चिंता व्यक्त की और दोनों देशों से शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच हिंसा बढ़ने और नागरिक आबादी पर इसके प्रभाव को लेकर बेहद चिंतित हैं। उन्होंने शत्रुता को तत्काल समाप्त करने का आह्वान किया।

# एसआईआर के बाद बंगाल में 7.04 करोड़ से अधिक वोटर

कोलकाता, एजेंसी।

• राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान हटाए गए और जोड़े गए नामों के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 7.04 करोड़ से अधिक है।

अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया के परिणामस्वरूप फॉर्म-7 के माध्यम से 5.46 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए गए और फॉर्म-6 एवं फॉर्म-6ए के माध्यम से 1.82 लाख से अधिक मतदाताओं का नाम शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान 58 लाख से अधिक गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुए, जिनमें मृत, स्थानांतरित और दोहराव वाले मतदाताओं के मामले शामिल हैं। अग्रवाल ने यह भी कहा कि 60 लाख से अधिक मतदाता अभी भी विचाराधीन श्रेणी में हैं, लेकिन उन्हें एसआईआर के बाद की मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार की गई है। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र भवानीपुर में नए सिरे से राजनीतिक हलचल पैदा कर दी, जहां 47,000 से अधिक नाम हटाए गए हैं और 14,000 से अधिक नामों को विचाराधीन श्रेणी में रखा गया।

## बोलीविया में विमान क्रैश, 15 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलीविया की राजधानी के पास नकदी ले जा रहा एक मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे राजमार्ग पर लगभग एक दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बोलीविया की वायु सेना से संबंधित हरक्यूलिस विमान देश के 'सेंट्रल बैंक' से अन्य शहरों में नए नोट पहुंचाने जा रहा था। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर जमीन पर बड़ी संख्या में नोट बिखरे हुए थे। दमकल विभाग के प्रमुख पावेल टोवर ने यह स्पष्ट नहीं किया कि घटना में मारे गए लोग विमान में थे या ला पाज हवाई अड्डे के पास राजमार्ग पर खड़ी कारों में सवार थे। उन्होंने बताया कि कुछ लोग घायल भी हुए हैं।

# पंजाब में आतंकी गिरोह का भंडाफोड़, आईईडी बरामद

चंडीगढ़, एजेंसी

• खुफिया जानकारी पर पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

पंजाब पुलिस ने शनिवार को कहा कि उसने विदेश स्थित एक आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ करके दो लोगों को गिरफ्तार करने के साथ आरडीएक्स से भरा और पूरी तरह से तैयार एक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करने का दावा किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एसएएस नगर पुलिस की राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान चलाया और एक विदेशी आतंकी गिरोह का भंडाफोड़ किया। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान लगभग 2.5 किलोग्राम वजन का एक पूरी तरह से तैयार किया गया आरडीएक्स से भरा आईईडी, जिसमें दोहरे विस्फोट तंत्र (रिमोट और टाइमर) लगे थे, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया। डीजीपी ने बताया कि विदेशी एजेंटों के निर्देशों पर काम कर रहे दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि लक्षित लक्ष्य के संबंध में आगे के निर्देशों के लिए उन्होंने आईईडी को एसबीएस नगर बाईपास के पास छिपा दिया था। यादव ने कहा कि उपकरण पूरी तरह उपयोग के लिए तैयार था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज पहले की गई मेहनत सुखद परिणाम दे सकती है। व्यापार में नई योजना बना सकते हैं। प्रेम संबंधों में थोड़ी परेशानी रहेगी।

**तुला** – आज समय का बेहतरीन सदुपयोग कर पाएंगे। प्रेम-प्रसंग में नजदीकियां बढ़ेंगी। बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**वृष** – आज आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। सरकारी कार्यों से लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे।

**वृश्चिक** – आज उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपमें सकारात्मक ऊर्जा की अधिकता रहेगी। अपने लक्ष्य पर पूरा फोकस बनाए रखें।

**मिथुन** – आज नौकरी को बदलने का विचार बना सकते हैं। धर्म के प्रति मन में आस्था कम हो सकती है। आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी।

**धनु** – आज आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। संपत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। वैवाहिक संबंधों का तनाव दूर होगा।

**कर्क** – आज रुके निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर सकते हैं। फालतू में अपना समय बर्बाद न करें। अधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**मकर** – आज परोपकार के कार्यों में मन लगाएंगे। विद्यार्थी पढ़ाई में शानदार प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा।

**सिंह** – आज अजनबी लोगों से दोस्ती करने से बचें। आपकी दिनचर्या अच्छी नहीं रहेगी। व्यवसाय में धन का नुकसान होगा।

**कुंभ** – आज किसी समारोह में सम्मिलित होने का विचार बनाएंगे। आपको नए अनुभवों के लिए तैयार रहना चाहिए। त्वरित प्रतिक्रिया देने से बचें।

**कन्या** – आज आपको जिम्मेदार व्यक्तियों का मार्गदर्शन मिलेगा। दोपहर बाद शुभ समाचार मिलेंगे। अपना मनोबल व आत्मविश्वास बनाए रखें।

**मीन** – आज किसी से करियर को लेकर सलाह लेना उचित रहेगा। सभी कार्यों को समय से पूर्ण कर लेंगे। प्रेमी के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

# शिक्षक भर्ती घोटाला: कोर्ट ने बंगाल सरकार को फटकारा

कोलकाता, एजेंसी

• विद्यालय सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार सिन्हा को दी बेल

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अभियोजन की मंजूरी देने में लंबे समय तक देरी करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करते हुए स्कूल शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में विद्यालय सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार एस पी सिन्हा को जमानत दे दी है।

न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने शुक्रवार को सशर्त जमानत देते हुए सिन्हा को एक लाख रुपये के मुचलके के साथ इतनी ही राशि के दो जमानतदार पेश करने और विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष अपना पासपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। अदालत ने सरकारी सहायक शिक्षक का पद दिलाने का वादा करके विद्यालयों में नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थियों से बड़ी रकम वसूले जाने का उल्लेख करते हुए कहा, ये आरोप शायद चिटफंड संचालकों द्वारा किए गए अपराधों से भी कहीं अधिक जघन्य हैं। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि अदालत अभियोजन की स्वीकृति से जुड़े आंतरिक रूप से संबद्ध मुद्दे का उल्लेख किए बिना नहीं रह सकती। अदालत ने कहा, न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध होगा यदि सभी आरोपियों को लंबी हिरासत के कारण धीरे-धीरे जमानत मिल जाए, लेकिन राज्य द्वारा मंजूरी नहीं मिलने के कारण मुकदमा रुक जाए।

## डीयू दीक्षांत समारोह

## उपराष्ट्रपति ने कहा-अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दें विश्वविद्यालय

# भारत के विकास में स्नातकों की भूमिका अहम

• वैश्विक रैंकिंग पाने के लिए ऊंचा लक्ष्य रखना जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी



उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने स्नातकों को 'विकसित भारत' के सपने का वास्तुकार बताते हुए शनिवार को कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसे अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए, जो भारतीय परिस्थितियों से जुड़े हों और साथ ही वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भी हों। वह यहां दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 102वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।


इस दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष 70 प्रतिशत से अधिक स्वर्ण पदक विजेता महिलाएं हैं। समारोह में 1.2 लाख से अधिक छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में राधाकृष्णन मुख्य अतिथि थे, जबकि समारोह की अध्यक्षता डीयू के कुलपति योगेश सिंह ने की। राधाकृष्णन ने कहा कि डीयू की शुरुआत तीन कॉलेज, दो संकाय और आठ विभागों से हुई थी। उन्होंने कहा कि आज विश्वविद्यालय 16 संकायों, 86 विभागों, 90 कॉलेजों, 20 हॉल और छात्रावासों, 30 से अधिक केंद्रों व संस्थानों, 34 पुस्तकालयों और छह लाख से अधिक छात्रों के साथ एक विशाल संस्थान बन चुका है। इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों, प्रशासकों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों का है। विवि में प्रवेश के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कुलपति योगेश सिंह ने उन्हें बताया कि सीट बिना देरी के भर जाती है और कट-ऑफ 98 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। कहा कि डीयू देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में है, फिर भी वैश्विक रैंकिंग में ऊंचा स्थान पाने को ऊंचा लक्ष्य रखना चाहिए।

### डिग्रियां प्रमाणपत्र ही नहीं राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु चुनौतियों और लोकतंत्र पर बढ़ते दबावों के दौर में उन्होंने कहा कि आपकी डिग्री केवल प्रमाण पत्र नहीं बल्कि मानवता और राष्ट्र के प्रति एक प्रतिबद्धता है। उन्होंने छात्रों से आजीवन सीखने की भावना बनाए रखने, नशीले पदार्थों से दूर रहने और अपनी उपलब्धियों से परिवार, विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करने का आग्रह किया। कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में स्नातक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विश्वविद्यालयों को अनुसंधान, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देना चाहिए।

## आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 1 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 19 .09 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- पुष्य 20 .34 तक तत्पश्चात अश्लेषा।

## सुडोकू - 75 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 |

## सुडोकू -76

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | 2 | |
| | 3 | 6 | | | 5 | 8 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | 1 | | | | 7 | 9 | |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 3 | | 7 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| | 6 | | | | | 3 | 4 | |



> कश्मीरी 'विलो' (बल्ला) कई चैंपियनों की किट का हिस्सा रही है। जम्मू-कश्मीर का चैंपियनों को सक्षम बनाने से लेकर खुद चैंपियन बनने तक का सफर देखना बेहद खूबसूरत है। यह सत्र निरंतरता, जुझारूपन और उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आधारित था।
>
> –सचिन तेंदुलकर


# स्टेडियम

कानपुर नगर, रविवार, 1 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## सुपर-8 में आज

| टीम | समय |
|---|---|
| जिम्बाब्वे-द. अफ्रीका | दोपहर 3 बजे |
| भारत-वेस्टइंडीज | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### अपने अभियान का सकारात्मक अंत चाहेगा जिम्बाब्वे

**नई दिल्ली।** सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो जाने के बावजूद जोश से भरी जिम्बाब्वे की टीम को अगर टी20 विश्व कप में अपने अभियान का शानदार अंत करना है तो उसे बेहतरीन फॉर्म में चल रहे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के मैच में अपनी गेंदबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा। जिम्बाब्वे ने लीग चरण में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर सुपर आठ में जगह बनाई थी लेकिन इस चरण में उसे वेस्टइंडीज और भारत के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद सिकंदर रजा की अगुवाई वाली यह टीम दक्षिण अफ्रीका को कड़ी टक्कर देने के लिए प्रतिबद्ध होगी। आईसीसी के इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका को हराना मुश्किल है और अगर जिम्बाब्वे को उसे चुनौती देनी है तो उसके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा जिन्होंने वेस्टइंडीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैच में 250 से अधिक रन लुटाए।

### वरुण अब भी टी-20 के नंबर गेंदबाज हैं : डारेन सैमी

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डारेन सैमी ने रविवार को यहां ईडन गार्डन्स में टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अपने 'वर्चुअल क्वार्टरफाइनल' से पहले कहा कि पिछले दो मैच में रन लुटाने के बावजूद वरुण चक्रवर्ती टी20 क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने हुए हैं। चक्रवर्ती ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने चार ओवर में 47 रन दिए। भारत के पिछले सुपर आठ मैच में जिम्बाब्वे जैसी कमजोर टीम के खिलाफ भी उन्हें संघर्ष करना पड़ा। लेकिन सैमी ने साफ किया कि कुछ खराब प्रदर्शन से चक्रवर्ती का नंबर एक गेंदबाज होने का रुतबा कम नहीं होता। सैमी ने शनिवार को मैच से पहले मीडिया से बातचीत में कहा पिछली बार जब मैंने देखा था तो मुझे लगता है कि वह टी20 क्रिकेट में नंबर एक गेंदबाज थे। हम हर प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करते हैं।

### मिशेल ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता

**दुबई, 28 फरवरी (वार्ता)** न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज डेरिल मिशेल ने जनवरी 2026 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार जीता है। उन्होंने लगातार दो शतक लगाकर न्यूजीलैंड को भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जीत दिलाई थी। न्यूजीलैंड के मिशेल ने भारत के टी-20 कैप्टन सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट को पीछे छोड़कर यह पुरस्कार जीता। जनवरी में भारत में तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में, न्यूजीलैंड ने 0-1 से पिछड़ने के बाद 2-1 से जीत हासिल की। मिशेल ने दूसरे मैच में नाबाद 131 रन बनाकर अपनी टीम की वापसी कराई और तीसरे मैच में 137 रन बनाकर अपनी टीम को 337/8 के मैच जिताने वाले स्कोर तक पहुंचाया।



# जो जीतेगा, वही खेलेगा सेमीफाइनल

## वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत का मुकाबला आज, गेंदबाजी में करना होगा बेहतर प्रदर्शन

**टी-20 विश्व कप**

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाज अब अपने पुराने रंग में दिख रहे हैं, लेकिन गेंदबाज अब भी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। ऐसी परिस्थितियों में वेस्टइंडीज के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के क्वार्टर फाइनल जैसे सुपर आठ के मैच में उसे इस विभाग में अपना बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वेस्टइंडीज की दक्षिण अफ्रीका से हार और भारत की जिम्बाब्वे पर जीत ने ग्रुप एक के सुपर आठ के इस मैच को दोनों टीम के लिए करो या मरो जैसा बना दिया है। इसलिए अब दोनों टीम कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और ऐसे में ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

इस मैच के विजेता को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मार्च को दूसरे सेमीफाइनल में खेलने का मौका मिलेगा। जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बल्लेबाज सही समय पर लय में लौट आए हैं और अब गेंदबाजों की बारी है। पिछले मैच में शीर्ष क्रम में वापसी करने वाले संजू सैमसन सहित चोटी के सभी छह बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया। संजू ने केवल 24 रन बनाए, लेकिन उन्होंने शुरू में ही रन गति तेज कर दी जिसका बाकी बल्लेबाजों पर सकारात्मक असर पड़ा। उनके आक्रामक रवैये ने अभिषेक शर्मा के हौसले को बुलंद किया, जिनका इस टूर्नामेंट में पिछला सर्वश्रेष्ठ स्कोर 15 था, जो उन्होंने लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद बनाया था। अभिषेक ने अर्धशतक लगाकर शानदार वापसी की तो तिलक वर्मा ने नंबर छह की अपनी नई भूमिका में नए इरादे के साथ बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 44 रन बनाए। भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए जो इस टी20 विश्व कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वे बिना किसी चिंता के ईडन गार्डन्स पहुंचे हैं। जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पंड्या ने भी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती अपने पुराने फॉर्म में नहीं नजर आ रहे हैं। यह रहस्यमयी स्पिनर अपनी लेंथ को सही ढंग से नियंत्रित करने में विफल रहा है और ऐसा लगता है कि वह बहुत ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। चक्रवर्ती के नहीं चल पाने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को नुकसान हुआ। चक्रवर्ती ने उस मैच में चार ओवर में 47 रन लुटा दिए थे। वरुण ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ज्यादातर शॉर्ट पिच गेंदें की और जब उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ फुल लेंथ गेंद करने की कोशिश की तब भी उन्हें खास सफलता नहीं मिली। इस मैच में अनुभवी सिकंदर रजा ने उन्हें निशाने पर रखा। वरुण ने इस मैच में चार ओवरों में 35 रन दिए। यह देखना बाकी है कि टीम प्रबंधन चक्रवर्ती को अंतिम एकादश में बनाए रखता है या बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को टीम में शामिल करता है। कुलदीप ने वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक केवल एक मैच खेला है।



अभ्यास सत्र के दौरान पिच का निरीक्षण करते वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप (दाएं)। एजेंसी

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**वेस्टइंडीज :** शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, शिमरोन हेटमायर, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, रोस्टन चेस, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, मैथ्यू फोर्डे, अकील हुसैन, शमर जोसेफ, गुडाकेश मोती और जेडन सील्स।



कुलदीप यादव। एजेंसी

### सुपर-8 ग्रुप 1

| टीम | मैच | जीत | हार | रद | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. साउथ अफ्रीका | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.890 |
| 2. वेस्टइंडीज | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 1.791 |
| 3. भारत | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.100 |
| 4. जिम्बाब्वे | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -4.475 |
| **सुपर-8 ग्रुप 2** | | | | | | |
| 1. इंग्लैंड | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 1.096 |
| 2. न्यूजीलैंड | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1.390 |
| 3. पाकिस्तान | 3 | 1 | 1 | 1 | 3 | -0.123 |
| 4. श्रीलंका | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.950 |

### तिलक वर्मा छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आदर्श दिख रहे : सहायक कोच रेयान डोएशे

**कोलकाता।** भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे का मानना है कि तिलक वर्मा छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आदर्श हैं जिससे मेजबान टीम को पारी के आखिर में जरूरी आक्रामकता मिलेगी। लेकिन रविवार को यहां टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 'वर्चुअल क्वार्टर-फाइनल में ऐसा जरूरी नहीं है। टूर्नामेंट के पहले पांच मैच में खराब प्रदर्शन के बाद टीम ने मुंबई इंडियंस के इस स्टाइलिश बल्लेबाज को जिम्बाब्वे के खिलाफ छठे नंबर पर भेजने का फैसला किया। उन्होंने अपनी नयी भूमिका में 16 गेंदों में 44 रन बनाए जिसमें चार छक्के और तीन चौके शामिल थे और उनका स्ट्राइक-रेट 275 का था। डोएशे ने कहा नहीं, यह पहले से तय नहीं है कि वह कल पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। मुझे लगा कि उस रात वह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाला बल्लेबाज दिख रहा था। वह ऐसे लग रहा था कि वह सच में सहज है।

## भारतीय महिला टीम को दूर करनी होगी बल्लेबाजी की कमजोरी

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा व अंतिम वनडे आज
- दो मुकाबले हारकर भारत पहले ही गवां चुका है सीरीज

**होबार्ट, एजेंसी**

पहले दो मैचों में बुरी तरह हारने के बाद बैकफुट पर खड़ी मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अगर जीत हासिल करके अपनी प्रतिष्ठा कुछ हद तक बचानी है तो उसको अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों को दूर करना होगा।

भारतीय टीम पहले दोनों मैच में चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में नाकाम रही और ऑस्ट्रेलिया ने बिना किसी परेशानी के लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बनाई। यह लगातार 12वां अवसर है जबकि भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया से वनडे श्रृंखला गंवाई। असल में भारत अभी तक अपने इस प्रतिद्वंदी से द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला नहीं जीत पाया है।

पहले मैच में भारत ने पावरप्ले के अंदर ही तीन विकेट गंवा दिए थे और फिर वापसी नहीं कर पाया। भारतीय टीम ने दूसरे वनडे में पहले विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज इसका फायदा उठाने में नाकाम रहे। भारत ने 17वें और 31वें ओवर के बीच सिर्फ 52 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर उन्हें ध्यान देने की जरूरत है।



भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर।

पहले वनडे में भारत 214 रन पर आउट हो गया और दूसरे वनडे में नौ विकेट पर 251 रन ही बना पाया। ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में आसानी से लक्ष्य हासिल किया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो उसके बल्लेबाजों को अपने खेल में आमूलचूल सुधार करना होगा। युवा सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्धशतक बनाया, वहीं स्मृति मंधाना ने दोनों मैचों में क्रमशः 31 और 58 रन बनाए। हरमनप्रीत ने भी दो अर्धशतक जड़े। लेकिन जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा जैसी सीनियर बल्लेबाज अभी तक कोई खास योगदान नहीं दे पाए हैं जिससे टीम को नुकसान पहुंचा है।

## पाकिस्तान टी-20 विश्व कप से बाहर

- श्रीलंका पर जीत के बावजूद वांछित नेट रन रेट नहीं पा सका
- साहिबजादा का शतक और फखर जमां की पारियां गईं बेकार

**पल्लेकल, एजेंसी**

कप्तान दासुन शनाका (नाबाद 76) की शानदार पारी श्रीलंका को पांच रन की करीबी हार से नहीं बचा सकी लेकिन पाकिस्तान को शनिवार को यहां टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया जिससे न्यूजीलैंड ग्रुप दो से शीर्ष पर काबिज इंग्लैंड के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गया।

श्रीलंका को लक्ष्य का पीछा करते हुए आखिरी ओवर में 24 रन चाहिए थे। श्रीलंकाई कप्तान शनाका ने शाहीन शाह अफरीदी (48 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर लगातार तीन छक्के और एक चौका मारे जिससे आखिरी गेंद पर छह रन की जरूरत थी। लेकिन शनाका ने आखिरी गेंद को यह सोचकर छोड़ दिया कि इसे वाइड कहा जाएगा जिसे मैदानी अंपायर ने वाइड करार नहीं दिया। शनाका ने 31 गेंद की नाबाद पारी में आठ छक्के और दो चौके लगाए पर अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उनके अलावा पवन रत्नायके ने 58 रन की अर्धशतकीय पारी खेलीं। इससे श्रीलंका ने पाकिस्तान के आठ विकेट पर 212 रन के स्कोर के जवाब में सात विकेट पर 206 रन बनाए।




शॉट लगाते श्रीलंका के कप्तान दासुन शानका। एजेंसी

पाकिस्तान को अंतिम चार में जगह बनाने के लिए न्यूजीलैंड (1.390) को नेट रन रेट से पीछे छोड़ने के लिए श्रीलंका को 147 रन के अंदर समेटना था। सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (100) और फखर जमां (84 रन) के बीच टी20 विश्व कप इतिहास में किसी भी विकेट के लिए 176 रन की रिकॉर्ड साझेदारी से पाकिस्तान ने आठ विकेट पर 212 रन का विशाल स्कोर बनाया। 16वें ओवर में पाकिस्तान ने बिना विकेट गंवाए 176 रन बना लिए थे लेकिन टीम ने आखिरी चार ओवर में 36 रन पर आठ विकेट गंवा दिए। पाकिस्तान अगले दौर में पहुंचने के लिए श्रीलंका को कम से कम 64 रन या उससे ज्यादा रन से जीत दर्ज करनी थी ताकि वह न्यूजीलैंड से बेहतर रहे। लेकिन अबरार अहमद के चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट के शानदार स्पैल के अलावा कोई अन्य गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। इंग्लैंड सुपर आठ के अपने तीनों मैच जीतकर ग्रुप दो में शीर्ष पर रहा जबकि न्यूजीलैंड ने दूसरी टीम के तौर पर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। हालांकि यह पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फरहान के लिए निराशाजनक समापन रहा जिन्होंने टी20 विश्व कप के एक चरण में सबसे ज्यादा रन (319) बनाने का भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने सात मैच में 76.60 के औसत और 160.25 के स्ट्राइक रेट से कुल 383 रन बनाए जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक हैं।

**कामयाबी** | फाइनल के पहले ही प्रवेश में जीती रणजी ट्रॉफी, 67 साल का लंबा इंतजार खत्म, आठ बार के पूर्व चैंपियन कर्नाटक को हराया

# जम्मू-कश्मीर ने 10 दिनों में दूसरी बार रचा इतिहास

**खेल डेस्क**

**अमृत विचार।** जम्मू-कश्मीर ने युवा खिलाड़ियों के दृढ़प्रतिज्ञ प्रदर्शन से 10 दिनों के भीतर दूसरी बार इतिहास रचा और राष्ट्रीय क्रिकेट की श्रेष्ठता की प्रतीक रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता में फाइनल के पहले ही प्रयास में आठ बार के पूर्व चैम्पियन कर्नाटक को उसके घर में हराकर ऐतिहासिक खिताबी जीत भी हासिल कर ली।

**पूर्व चैम्पियन कर्नाटक पहली पारी की लीड के आधार पर परास्त :** गत 18 फरवरी की ही बात है, जब कल्याणी स्थित बंगाल क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर जम्मू-कश्मीर ने इतिहास रचते हुए दूसरे सेमीफाइनल के चौथे दिन मेजबान पश्चिम बंगाल को छह विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी में अपने पदार्पण के बाद 67 वर्षों में पहली बार फाइनल का सफर तय किया था। पारस डोगरा की अगुआई वाली मेहमान टीम ने यहां केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर भी अपना वही जोश व जज्बा कायम रखा और शनिवार को ड्रॉ छूटे मैच में पहली पारी की बढ़त के आधार पर चैम्पियन का श्रेय अर्जित कर लिया।



कर्नाटक के हुबली में ट्रॉफी के साथ जशन मनाते जम्मू-कश्मीर टीम के खिलाड़ी। एजेंसी

**डोगरा एंड कम्पनी ने पूरे पांच दिनों तक अपना दबदबा बनाए रखा :** दरअसल, डोगरा एंड कम्पनी ने पूरे पांच दिनों तक मुकाबले में शुरू से ही अपना दबदबा बनाए रखा और इस सत्र में अपने अभियान का शानदार अंत किया। जम्मू कश्मीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 584 रन बनाए थे, जिसके जवाब में कर्नाटक की टीम चौथे दिन पहले ही सत्र में 293 रनों पर सीमित हो गई थी।

**विशाल बढ़त के बावजूद मेहमानों ने कर्नाटक को फॉलोऑन नहीं कराया :** हालांकि जम्मू-कश्मीर को 291 रनों की मजबूत बढ़त मिली, लेकिन उसने कर्नाटक को फॉलोआन के लिए आमंत्रित करने के बजाय खुद दूसरी पारी में बल्लेबाजी का फैसला किया। मैच के पांचवें और अंतिम दिन जम्मू-कश्मीर ने जब अपनी दूसरी पारी 113 ओवरों में चार विकेट पर 342 रनों तक पहुंचाई थी, तभी दोनों कप्तानों ने मैच ड्रॉ करने पर सहमति जताई। उस वक्त जम्मू-कश्मीर की कुल बढ़त 633 रनों तक जा पहुंची थी।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| जम्मू-कश्मीर | 584, 342 |
| कर्नाटक | 293 |

### कर्नाटक में केएल राहुल सहित पांच अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

जम्मू-कश्मीर 2013-14, 2019-20 और 2024-25 के सत्र में क्वार्टर फाइनल में पहुंचा था, पर इससे आगे बढ़ने में नाकाम रहा था। फिलहाल केएससीए स्टेडियम में पिछले पांच दिनों में किसी भी समय ऐसा नहीं लगा कि उसके खिलाड़ी पहली बार रणजी का फाइनल खेल रहे हैं। उसकी यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि प्रतिद्वंद्वी टीम में केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, पडिक्कल, करुण नायर व प्रसिद्ध कृष्णा जैसे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं।

### यह मेरे जीवन का सबसे बड़ा क्षण : कप्तान डोगरा

**हुबली।** जम्मू कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने शनिवार को कहा कि उनकी टीम की रणजी ट्रॉफी में ऐतिहासिक जीत को बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं है और यह उनके जीवन का सबसे बड़ा क्षण है। जम्मू कश्मीर ने कर्नाटक के खिलाफ फाइनल मैच ड्रॉ होने के बाद पहली पारी में बढ़त के आधार पर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीतकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

डोगरा ने मैच के बाद कहा सच कहूं तो मैं इसे शब्दों में बयान नहीं कर सकता, मेरे पास शब्द नहीं हैं। इस समय यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। विदा होने से पहले यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। सच कहूं तो जेकेसीए (जम्मू कश्मीर क्रिकेट संघ) के साथ रहना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

### उमर अब्दुल्ला ने दो करोड़ रुपये की घोषणा की

**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी जीत पर खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए दो करोड़ रुपये की नकद पुरस्कार राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इसे जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए बड़ी उपलब्धि करार देते हुए कहा कि इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र को गर्व और प्रेरणा से भर दिया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को हुबली (कर्नाटक) पहुंचे थे, जहां उन्होंने जम्मू-कश्मीर टीम का उत्साहवर्धन किया।